✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

✷ पटना संस्करण

अपना प्रदेश, अपनी बात

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 225 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, रविवार, 11 जनवरी 2026 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com



जोधपुर में माहेश्वरी गौरव ग्रंथ का भी लोकार्पण करते केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह

## प्रमुख व्यवसायी के कई ठिकानों पर आयकर विभाग ने मारा छापा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मोतिहारी।** पूर्वी चंपारण जिले के रक्सौल में शनिवार की सुबह आयकर विभाग ने प्रमुख व्यवसायी मोहम्मद कलीम के विभिन्न व्यावसायिक प्रतिष्ठानों और पैतृक आवास पर बड़ी छापेमारी की। यह कार्रवाई घने कोहरे और कड़ाके की ठंड के बीच हुई, जब अधिकांश लोग अपने घरों में ही थे। आयकर विभाग की टीम करीब एक दर्जन से अधिक वाहनों के काफिले के साथ पहुंची जिससे पूरे शहर में हड़कंप मच गया। आयकर विभाग के अधिकारियों ने आदापुर प्रखंड के विष्णुपुरवा स्थित पैतृक घर, रक्सौल मुख्य पथ पर पंकज चौक के समीप स्थित प्रतिष्ठान, तनिष्क शोरूम और लक्ष्मीपुर स्थित हीरो होंडा शोरूम में एक साथ छापेमारी की। अधिकारियों ने इन स्थानों को चारों ओर से घेर लिया और दस्तावेजों की जांच तथा कर्मचारियों और व्यवसायी से पूछताछ शुरू कर दी। इस अचानक हुई कार्रवाई के चलते स्थानीय लोग और व्यवसायिक समुदाय सकते में आ गए। अचानक हुई छापेमारी की सूचना फैलते ही शहर में हड़कंप मच गया। समाचार लिखे जाने तक आयकर विभाग की यह कार्रवाई करीब 12 घंटे से अधिक समय तक जारी रही। दिनभर इसको लेकर तरह-तरह की चर्चाएं होती रहीं। फिलहाल विभागीय अधिकारी जांच में जुटे हैं और आधिकारिक रूप से कुछ भी बताने से परहेज कर रहे हैं। छापेमारी के दौरान आयकर विभाग के अधिकारियों के साथ 50 से अधिक पुलिसकर्मी और एसएसबी के जवान भी तैनात रहे। कड़े सुरक्षा इंतजामों के बीच तलाशी अभियान चलाया गया। आयकर टीम दोनों शोरूम में दस्तावेजों की गहन जांच कर रही है। इसके साथ ही शोरूम संचालक मो. कलीम के आवास और उनके एकाउंटेंट के घर पर भी तलाशी ली जा रही है। स्थानीय लोगों और व्यवसायिक समुदाय के लिए यह कार्रवाई अचानक और असामान्य थी। शहर में इस कार्रवाई की चर्चा दिन भर बनी रही। लोगों ने अपने-अपने स्तर पर चर्चा करते हुए अनुमान लगाना शुरू कर दिया कि क्या कारण हो सकता है और इस कार्रवाई का असर व्यवसायिक गतिविधियों पर कितना पड़ेगा। हालांकि, अधिकारियों ने फिलहाल इस मामले में किसी भी तरह की आधिकारिक जानकारी देने से परहेज किया है। आयकर विभाग के सूत्रों का कहना है कि छापेमारी में दस्तावेजों की जांच और पूछताछ जारी है। अभी यह स्पष्ट नहीं है कि इस कार्रवाई से कितनी संपत्ति या धन की जांच होगी और किस प्रकार के कर-अनुपालन या अन्य मामलों की पुष्टि की जाएगी। विभाग की यह कार्रवाई शहर के व्यवसायिक समुदाय के लिए एक चेतावनी के रूप में भी देखी जा रही है कि कर नियमों और वित्तीय अनुशासन का पालन करना अनिवार्य है। अधिकारियों ने पूरे मामले में सतर्कता और गोपनीयता बरती हुई है।



## 17 जनवरी को पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन का उदघाटन करेंगे पीएम मोदी : रेल मंत्री

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**नयी दिल्ली।** देश में पहली वंदे भारत स्लीपर 17 जनवरी से कोलकाता और गुवाहाटी के बीच चलेगी। इसका उद्घाटन पीएम नरेंद्र मोदी पश्चिम बंगाल के मालदा टाउन में करेंगे। यह ट्रेन 6 दिन कामाख्या और हावड़ा जंक्शन के बीच चलेगी। इसके अलावा 6 नई अमृत भारत एक्सप्रेस भी लॉन्च की जाएंगी। इनकी सेवाएं 17 और 18 जनवरी 2026 से मिलना शुरू हो जाएंगी। दिल्ली में अति विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार समारोह में केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि भारतीय रेलवे में 2026 में एक बड़ा बदलाव होगा। सभी तरह के सुधारों के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का बड़े पैमाने पर इस्तेमाल शामिल है। रेल मंत्री ने कहा कि रेलवे में टेक्नोलॉजी और इनोवेशन को बढ़ावा देने के लिए एक नया स्ट्रक्चरल तरीका अपनाया जाएगा। टेक्नोलॉजी और इनोवेशन के लिए एक नया स्ट्रक्चरल तरीका पेश किया जाएगा ताकि भारत के स्टार्टअप और इनोवेटिव दिमाग रेलवे से जुड़ सकें। इसके लिए एक टेक्नोलॉजी इनोवेशन पोर्टल लॉन्च किया जाएगा। रखरखाव की गतिविधियों के लिए एआइ का बड़े पैमाने पर इस्तेमाल किया जाएगा। वंदे भारत स्लीपर ट्रेन के थर्ड एसी का किराया 2,300 तय किया गया है। सेकेंड एसी का किराया 3,000 होगा। फर्स्ट एस का किराया करीब 3,600 प्रस्तावित किया गया है। स्लीपर ट्रेन को 1000 किलोमीटर से ज्यादा लंबी दूरी की यात्रा को ध्यान में रखकर डिजाइन किया गया है। इस साल के आखिर तक लगभग 12 वंदे भारत स्लीपर ट्रेनें तैयार हो जाएंगी। 30 दिसंबर को इस ट्रेन का ट्रायल रन किया गया था। यह ट्रेन 180 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से कोटा-नागदा रेलवे ट्रैक पर दौड़ी।

## संक्षिप्त समाचार

### नीतीश कुमार को मिले भारत रत्न : मांझी

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को भारत रत्न देनी की मांग करने वाले केसी त्यागी के बाद अब केंद्रीय मंत्री और हम सेकुलर के संरक्षक जीतन राम मांझी ने भी इसका समर्थन किया है। शनिवार को उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर ट्वीट कर लिखा कि 'भारत रत्न नीतीश कुमार जी' ये शब्द सुनने में कितना अच्छा लगेगा ना। हमें पूर्ण विश्वास है कि अपने फैसले से सबको चौंका देनेवाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को भारत रत्न से नवाज़े जाने का फैसला कर एक बार फिर से सबको चौकायेंगे।

### बोन मैरो ट्रांसप्लांट के लिए छह बच्चे जाएंगे वेल्लोर

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** थैलेसीमिया पीड़िता छह बच्चे बोन मैरो ट्रांसप्लांट के लिए वेल्लोर जाएंगे। यह पीड़ित बच्चों का चौथा बैच होगा। इससे पहले अलग-अलग समय में 26 बच्चों का सफलतापूर्वक इलाज हो चुका है। नया बैच 13 जनवरी को रवाना होगा। इनमें मधुबनी, मुजफ्फरपुर, मधेपुरा, सीतामढ़ी, खगड़िया, पूर्वी चंपारण से एक-एक बच्चे शामिल हैं। सरकार एक बच्चे के इलाज पर 15 लाख रुपये खर्च करती है। योजना के तहत अभी तक 26 बच्चों में सफलतापूर्वक बोन मैरो ट्रांसप्लांट हो चुका है।

### पंचायती राज विभाग को मिला स्कॉच ऑर्डर ऑफ मेरिट सम्मान

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** जल-जीवन-हरियाली अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए पंचायती राज विभाग को स्कॉच 'ऑर्डर ऑफ मेरिट' प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया है। विभाग के निदेशक नवीन सिंह ने कहा कि अब तक 25,579 सार्वजनिक कुओं का जीर्णोद्धार हुआ है। वहीं 19,033 सोख्ते का भी निर्माण हुआ है। निदेशक ने कहा कि बिहार की ग्रामीण संस्कृति में कुओं का विशेष स्थान है। विशेषकर ग्रामीण महिलाओं के लिए ये कुएं सामाजिक विमर्श का केंद्र रहे हैं। इस परियोजना के माध्यम सेन केवल पारंपरिक संरचनाओं को बचाया गया है बल्कि कृषि और हरित आवरण को भी नया जीवन मिला है।

### बाघ के हमले में बच्ची की मौत

**बेतिया (नबिटा ब्यूरो)।** वाल्मीकि टाइगर रिजर्व के मदनपुर वनक्षेत्र से सटे निचलौल वन क्षेत्र में एक बाघ के हमले में 13 वर्षीय किशोरी की मौत हो गई। बाघ ने किशोरी को मारकर अपना निवाला बना लिया। यह घटना बगहा मुख्यालय से करीब 30 किलोमीटर दूर, बिहार-उत्तर प्रदेश सीमा से लगे महाराजगंज जिले के सोहगीबरवा वन क्षेत्र अंतर्गत मरचहवा गांव की है। मृत किशोरी की पहचान मरचहवा गांव निवासी उमेश कन्नौजिया की बेटी लचीया के रूप में हुई है। वन संरक्षक सह निदेशक नेशामणी के ने बताया कि सूचना मिलते ही मौके पर वीटीआर की टीम को भेजा गया है, मामला यूपी का है।

## नितिन नवीन व संजय सरावगी ने देशवासियों के लिए की सुख, शांति और समृद्धि की कामना



**नई दिल्ली(नबिटा ब्यूरो)।** नई दिल्ली स्थित हनुमान मंदिर में शनिवार को भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नवीन एवं बिहार भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर दोनों नेताओं ने देशवासियों के सुख, शांति और समृद्धि की कामना करते हुए भगवान हनुमान से आशीर्वाद प्राप्त किया। पूजन कार्यक्रम शांति और भक्तिमय वातावरण में संपन्न हुआ। पूजा के दौरान राष्ट्र की प्रगति, सामाजिक सद्भाव और जनकल्याण के लिए विशेष प्रार्थनाएं की गईं। मंदिर परिसर में मौजूद श्रद्धालुओं ने भी इस अवसर पर भक्ति भाव से पूजा में सहभागिता की। इस धार्मिक अनुष्ठान के माध्यम से नेताओं ने देश की एकता, समृद्धि और खुशहाली के प्रति अपनी आस्था और प्रतिबद्धता व्यक्त की।

## सड़क दुर्घटनाओं में शिक्षक समेत तीन की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में शनिवार को हुई सड़क दुर्घटनाओं में शिक्षक समेत तीन लोगों की मौत हो गयी। प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर थाना क्षेत्र रामाबांध के समीप एनएच-139 पर अनियंत्रित हाइवा की टक्कर से बाइक सवार शिक्षक की मौके पर मौत हो गई। मृतक की पहचान थाना क्षेत्र के ही मिनी बिगहा निवासी रामकेवल राम के 45 वर्षीय पुत्र जितेन्द्र कुमार के रूप में की गई है। जानकारी के अनुसार जितेन्द्र नवीनगर प्रखंड क्षेत्र के किसी सरकारी स्कूल में शिक्षक के रूप में कार्यरत थे। प्रतिदिन की तरह पल्सर बाइक द्वारा वे स्कूल से वापस घर लौट रहे थे। इसी क्रम में अनियंत्रित हाइवा की टक्कर से घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। थानाध्यक्ष उपेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि हाइवा की टक्कर से बाइक सवार शिक्षक की मौत हुई है। पोस्टमार्टम के लिए शव को सदर अस्पताल भेज दिया गया है। जब्त हाइवा के आधार पर चालक और मालिक की पहचान की जा रही है। वहीं रिसियप थाना क्षेत्र अंतर्गत बभंडीह गांव के समीप एनएच-139 पर सड़क हादसे में एक महिला की मौत हो गई। मृतक महिला की पहचान कुटुंबा थाना क्षेत्र के मनोरथा गांव निवासी स्व. लखन रजक की 65 वर्षीय पत्नी देवपति कुंवर के रूप में की गई है। जानकारी के अनुसार देवपति कुंवर अपने बेटे ओमप्रकाश रजक और बहू के साथ बुलेट पर सवार होकर अपने ननदोसी के श्राद्धकर्म में शामिल होने जा रही थी तभी बुलेट बाइक बभंडीह गांव के समीप अनियंत्रित हो गई और वह सड़क के मुख्य लेन में गिर गई। इस दौरान तेजी से आ रही एक ट्रक उन्हें रौंदते हुए निकल पड़ी जिससे घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई। इस हादसे में बुलेट बाइक पर सवार ओमप्रकाश और उनकी भाभी घायल हो गई जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया है। घटना की सूचना मिलते ही रिसियप थाना की पुलिस मौके पर पहुंच शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया है। इसी प्रकार रफीगंज-गोह पथ पर भाम मोड़ के समीप बाइकों की टक्कर में एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि चार लोग घायल हो गए। घटना के संदर्भ में बताया जाता है कि गोह थाना क्षेत्र के राजापुर गांव निवासी नागेंद्र बिंद के 18 वर्षीय पुत्र रवि रंजन कुमार अपनी बहन सोनम कुमारी एवं चार माह की भांजी को बाइक से लेकर बहन के ससुराल इस्माइलपुर के छातिहार गांव जा रहे थे तभी रफीगंज-गोह पथ पर भाम मोड़ के पास विपरीत दिशा से आ रही बुलेट बाइक से टक्कर हो गया। इस घटना में घटनास्थल पर ही रवि रंजन कुमार की मौत हो गई जबकि सोनम कुमारी एवं चार माह की पुत्री गंभीर रूप से घायल हो गए। बुलेट सवार थानापुर गांव के फिरोज शेख एवं अमलेश कुमार दोनों का इलाज रफीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चल रहा है। बुलेट बाइक पर देसी शराब का बोतल टंगा हुआ था। घटना की सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष शंभू कुमार एवं अंचलाधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे और परिजनों को समझा-बुझाकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### पीएचइडी में 191 पंप ऑपरेटरों की होगी बहाली

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार तकनीकी सेवा आयोग ने पब्लिक हेल्थ इंजीनियरिंग डिपार्टमेंट में पंप ऑपरेटर के 191 पदों पर भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए हैं। यह भर्ती उन युवाओं के लिए सुनहरा अवसर है, जिन्होंने 10वीं के साथ आईटीआई की पढ़ाई पूरी की है और सरकारी सेवा में करियर बनाना चाहते हैं। इस भर्ती प्रक्रिया के तहत कुल 191 पद भरे जाएंगे जिनमें से 77 पद अनारक्षित वर्ग के लिए रखे गए हैं। सभी चयनित उम्मीदवारों की नियुक्ति पब्लिक हेल्थ इंजीनियरिंग विभाग में की जाएगी। आयोग ने स्पष्ट किया है कि आरक्षण का लाभ केवल बिहार के मूल निवासियों को मिलेगा जबकि अन्य राज्यों के अभ्यर्थी अनारक्षित श्रेणी में आवेदन कर सकेंगे।

## अब ऑनलाइन होगी बिहार पुलिस और होमगार्ड में अनुकंपा नियुक्ति की प्रक्रिया

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार पुलिस से लेकर होमगार्ड व अग्निशमन सेवाओं में अनुकंपा नियुक्ति की प्रक्रिया ऑनलाइन होगी। गृह विभाग ने अनुकंपा आधारित नियुक्ति को सरल और पारदर्शी बनाने के लिए अनुकंपा पोर्टल को लॉन्च (गो लाइव) कर दिया है। नयी व्यवस्था में मृत कर्मियों के आश्रितों को कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाना होगा। उनको पोर्टल पर ही आवेदन करने से लेकर आवेदन निगरानी की सुविधा मिलेगी। बिहार पुलिस मुख्यालय के मुताबिक नये पोर्टल से न केवल पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित होगी बल्कि तय समय सीमा के भीतर मामलों का निष्पादन संभव होगा। ऑफलाइन प्रक्रिया में अक्सर देरी और अस्पष्टता के साथ ही आश्रित परिवार को समय पर राहत नहीं मिलने की शिकायत मिलती रहती थी। आवेदक को पहले मोबाइल नंबर और ई-मेल आईडी के साथ पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कराना होगा। इसके बाद आवेदन भरकर सबमिट करने पर उनको आवेदन नंबर मिल जायेगा। इसके बाद दस्तावेजों को अपलोड करने की सुविधा दी जायेगी। आवेदक को मूल मृत्यु प्रमाण पत्र के साथ ही मूल आवासीय, आय, जाति व शैक्षणिक प्रमाण पत्र अपलोड करने होंगे। पोर्टल पर पारिवारिक सूची, अनियोजन प्रमाण पत्र, अनापत्ति प्रमाण पत्र, स्व घोषणा प्रमाण पत्र एवं आचरण प्रमाण पत्र भी पीडीएफ में अपलोड लिए जायेंगे। इसके बाद प्राप्ति रसीद, जांच प्रतिवेदन, भरा हुआ फॉर्म (डाउनलोड कर) तथा सभी प्रपत्रों को प्रिंट कर संबंधित कार्यालय में भौतिक रूप से जमा कराना होगा। आवेदक वेबसाइट पर अपने आवेदन की स्थिति को लगातार ट्रैक कर सकेंगे।




## बिहार में वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए बजट की तैयारी शुरू

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** नीतीश सरकार ने 2026-27 के लिए बजट की तैयारी शुरू कर दी है। नए वित्तीय वर्ष के जमा खर्च के लिए फरवरी माह के तीसरे सप्ताह बजट पेश करने की तैयारी चल रही है। हालांकि सत्र के तारीखों की घोषणा अब तक नहीं हुई है। वित्त मंत्री बिजेंद्र प्रसाद यादव ने कहा कि बिहार निरंतर शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, उर्ज़ा, तकनीक, उद्योग समेत कई क्षेत्रों में आगे बढ़ रहा है। बिहार नई अर्थव्यवस्था की ओर बढ़ रहा है। बिहार को विकसित राज्यों की श्रेणी में लाने के लक्ष्य पर काम किया जा रहा है। सरकार की प्राथमिकता रोजगार सृजन है। इस पर मंथन शुरू हो गया है। इस बार का बजट बिहार के विकास की दृष्टिकोण से काफी अहम होगा। इधर वित्त विभाग की ओर से सभी विभागों को पत्र भेज दिया गया है। इसमें तीसरे अनुपूरक बजट के लिए 19 जनवरी तक प्रस्ताव देने के लिए कहा गया है। बिहर सरकार इस सत्र में वर्ष 2025-26 के लिए तीसरे अनुपूरक बजट लाने की भी तैयारी कर रही है। इसके लिए सभी विभागों से प्रस्ताव मांगा गया है। जिन योजनाओं की खर्च बढ़ाने की जरूरत है उनमें राशि आवंटित की जाएगी। राशि का प्रावधान अनुपूरक बजट के जरिए ही किया जाएगा। 2025-26 के लिए दो अनुपूरक बजट पेश किया गया है। पहला अनुपूरक बजट (57946) बिहार विधानसभा चुनाव से पहले और दूसरा नई सरकार बनने के बाद। शीत कालीन सत्र में नीतीश सरकार ने 91717 करोड़ का द्वितीय अनुपूरक बजट पेश किया था। इस बार कैसा होगा बिहार का बजट इस सवाल पर भाजपा प्रवक्ता नीरज कुमार ने कहा कि एनडीए सरकार का लक्ष्य गांव, गरीब, किसान, छात्र और युवाओं को विकास की मुख्यधारा से जोड़ना है। सरकार ने आगामी पांच साल में एक करोड़ नौकरी और रोजगार का लक्ष्य रखा है। बिहार को अधिक से अधिक उद्योग लगे। राज्य विकसित राज्यों की श्रेणी में आए। सरकार का फोकस इस पर ही है। आंकड़ें बताते हैं कि पिछले पांच वर्षों में बिहार के बजट का आकार तेजी से बढ़ा है। वर्ष 2020-21 में जहां बजट करीब 2.11 लाख करोड़ रुपये था, वहीं 2025-26 में यह बढ़कर 3.16 लाख करोड़ रुपये से अधिक पहुंच गया है। यानी पांच साल में बजट में 50 फीसदी से ज्यादा की बढ़ोतरी हुई है। सरकार इसे विकास की रफ्तार तेज होने का संकेत बता रही है। कोरोना काल के दौरान और उसके बाद पेश किए गए बजटों में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने पर विशेष जोर दिया गया। इसके साथ ही शिक्षा, ग्रामीण विकास, कृषि और बुनियादी ढांचे को भी प्राथमिकता मिली। 2022-23 और 2023-24 के बजट में रोजगार सृजन और पलायन रोकने के लिए नई योजनाओं की घोषणा की गई। वहीं 2024-25 और 2025-26 के बजट में शिक्षा को सबसे बड़ा हिस्सा मिला, जबकि स्वास्थ्य, महिला सशक्तिकरण और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के लिए भी रिकॉर्ड प्रावधान किए गए।

### सासाराम में होगा अमृत भारत एक्सप्रेस का ठहराव

**सासाराम(नबिटा ब्यूरो)।** हावड़ा-आनंद विहार अमृत भारत साप्ताहिक एक्सप्रेस (गाड़ी संख्या 13065/13066) का ठहराव अब सासाराम स्टेशन पर होगा। रेलवे के इस डिसीजन से यात्रियों में खुशी का माहौल है। रेलवे द्वारा ठहराव की स्वीकृति दिये जाने से सासाराम समेत आसपास के क्षेत्रों के यात्रियों को बड़ी सुविधा मिलेगी। इस निर्णय के लिए पुलिस पब्लिक हेल्पलाइन संस्था ने रेलवे बोर्ड व रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव के प्रति आभार जताया है। हावड़ा से चलकर यह अमृत भारत साप्ताहिक एक्सप्रेस बंडेल, वर्धमान, दुर्गापुर, आसनसोल, धनबाद, गोमो, पारसनाथ, कोडरमा, गया, डीडीयू जंक्शन, वाराणसी, हापुड़ और गाजियाबाद होते हुए आनंद विहार तक चलती है।

# रेल मंत्री ने 100 अधिकारियों-कर्मचारियों को अति विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार से किया सम्मानित

## पूर्व मध्य रेल के दो अधिकारी एवं छह कर्मचारी भी रेल मंत्री से हुए सम्मानित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**हाजीपुर।** रेल, सूचना एवं प्रसारण, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने 09 जनवरी, 2026 की संध्या भारत मंडपम, नई दिल्ली में आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में पूर्व मध्य रेल के 02 अधिकारी तथा 06 कर्मचारी सहित भारतीय रेल के कुल 100 समर्पित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को रेल सेवा में उनके असाधारण योगदान के लिए प्रतिष्ठित 70वें अति विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार 2025 प्रदान कर सम्मानित किया। रेल मंत्री ने विभिन्न क्षेत्रों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पर जोनल रेलवे/प्रोडक्शन यूनिट को शील्ड भी प्रदान किया। रेल मंत्री द्वारा इस वर्ष सुरक्षा शील्ड पूर्व मध्य रेलवे को प्रदान किया गया। पूर्व मध्य रेल की ओर से रेल मंत्री से यह शील्ड महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह एवं प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त अमरेश कुमार ने प्राप्त किया। अति विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार 2025 से सम्मानित पूर्व मध्य रेल के अधिकारियों एवं कर्मचारियों में मो. तौसिफ उल्लाह, मंडल ट्रैफिक मैनेजर/चोपन - धनबाद मंडल के चोपन में मंडल ट्रैफिक मैनेजर के पद पर कार्यरत तौसिफ उल्लाह ने मालगाड़ियों की लोडिंग बढ़ाकर राजस्व वृद्धि तथा परिचालन नवाचारों से रेलवे को उल्लेखनीय लाभ पहुंचाया। वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान धनबाद मंडल में रिकॉर्ड 188 मिलियन टन माल लदान में उनका काफी महत्वपूर्ण योगदान रहा। मंयक प्रियदर्शी, सहायक सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर/निर्माण - धनबाद मंडल में निर्माण विभाग के अंतर्गत सहायक सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर के पद पर कार्यरत मंयक प्रियदर्शी के प्रयासों से रमना-सिंगरौली एवं कैरला रोड-शक्तिनगर दोहरीकरण परियोजना को सफलतापूर्वक पूरा किया गया तथा कई स्टेशनों एवं प्रमुख यार्डों में नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य, केबल शिफ्टिंग और तकनीकी दस्तावेजीकरण कर परिचालन क्षमता और सुरक्षा में वृद्धि की। इससे माल लदान की क्षमता बढ़ाने में काफी मदद मिली। रवि रंजन, लोको पायलट - धनबाद मंडल में लोको पायलट पद पर कार्यरत रवि रंजन ने 06 अगस्त, 2024 को ड्यूटी के दौरान देखा कि सिंगल लाइन सेक्शन में उनके ही लाइन पर सामने से एक पैसेंजर ट्रेन आ रही है। उसको देखकर उन्होंने अपनी सजगता का परिचय देते हुए इमरजेंसी ब्रेक लगाकर अपनी ट्रेन को रोक कर आमने-सामने की टक्कर से बचाते हुए एक संभावित दुर्घटना को टाल दिया और इसके कारण होने वाले जानमाल के नुकसान को बचा लिया। सुभाष कुमार पाठक, टेक्नीसियन ग्रेड-। - धनबाद मंडल में सिगनल एवं दूरसंचार विभाग में टेक्नीसियन ग्रेड-। के पद पर कार्यरत सुभाष कुमार पाठक के प्रयासों से सिग्नल विफलता में काफी कमी आयी। उन्होंने करैला जंक्शन यार्ड में 40 पॉइंट मशीन, 53 ट्रैक सर्किट और अनेक सिग्नल उपकरणों का सफलतापूर्वक रखरखाव कर सिगनल संबंधी विफलताओं को न्यूनतम किया। कई नॉन-इंटरलॉकिंग कार्यों में सक्रिय योगदान देकर परिचालन सुरक्षा सुनिश्चित की। बैजू जैसवारा, ट्रेन मैंनेजर - सोनपुर मंडल में ट्रेन मैंनेजर पद पर कार्यरत बैजू जैसवारा ने 15 अगस्त, 2024 को ड्यूटी के दौरान महेशखूंट स्टेशन पर गाड़ी के प्रस्थान करने पर देखा कि एक यात्री सामान्य डिब्बे में चढ़ने के दौरान प्लेटफॉर्म के नीचे तथा कोच के बीच में गिर गया है। उन्होंने बिना कोई विलम्ब किए ब्रेक वान से एयर प्रेशर ड्राप कर गाड़ी को रोक दिया तथा बुरी तरह से घायल यात्री को ब्रेकवान में लाकर प्राथमिक चिकित्सा पेटी से प्राथमिक उपचार कराया। इस दौरान अतिरिक्त विलम्बन को बचाते हुए मात्र 04 मिनट के अंदर महेशखुट से गाड़ी को प्रस्थान कराया एवं घायल यात्री को समुचित चिकित्सा हेतु मानसी स्टेशन को पूर्व सूचना देकर रेलवे चिकित्सक को अविलंब स्टेशन पर बुलवाने का अनुरोध किया और घायल यात्री को मौत के मुंह में जाने से बचा लिया। मनीष कुमार, निरीक्षक - रेलवे सुरक्षा बल के मुजफ्फरपुर पोस्ट पर कार्यरत मनीष कुमार ने सतर्कता, समर्पण और सेवा की मिसाल कायम करते हुए मानव तस्करी रोकने, बच्चों को बचाने और चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने में उत्कृष्ट कार्य किया। अपने अथक प्रयासों से ऑपरेशन आहट के तहत बाल श्रम के लिए ले जा रहे 144 नाबालिक बच्चों को मुक्त कराया तथा ऑपरेशन नन्हें फरिश्ते के तहत 302 बच्चों के हितों के लिए उल्लेखनीय कार्य किए। प्रभांश कुमार प्रभाकर, ट्रैक मेंटेनर - समस्तीपुर मंडल में ट्रैक मेंटेनर-।। के पद पर कार्यरत प्रभांश कुमार प्रभाकर 11 अगस्त, 2024 को सहरसा-पंचगछिया रेलखंड के समपार सं. 33ए पर ड्यूटी कर रहे थे । इस दौरान उन्होंने देखा कि सामने से आ रही गुड्स ट्रेन के पहिया के पास से काफी मात्रा में धुंआ निकल रहा है। यह देखते ही उन्होंने लाल झंडा दिखाकर ट्रेन को रोक दिया तथा गुड्स ट्रेन के एलपी के साथ जांच में पाया कि ब्रेक बाइंडिंग के कारण एक पहिया बहुत गर्म एवं लाल हो गया है। श्री प्रभाकर की सतर्कता एवं सूझबूझ से ट्रेन को रोककर एक संभावित दुर्घटना को टाल दिया।

# सोमनाथ मंदिर के 75 साल पूरा होने की पूर्व संध्या पर पंचरूपी हनुमान मंदिर में जले 101 दीपक



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** विश्व प्रसिद्ध सोमनाथ मंदिर के 75 साल पूरा होने की पूर्व संध्या पर देशभर में दीपोत्सव कार्यक्रम का आयोजन पूरे में मनाया गया। इसी के तहत राजवंशी नगर स्थित पंचरूपी हनुमान मंदिर स्थित शिवमंदिर में 101 दीपक जलकार उत्सव मनाया गया। इस मौके पर मंदिर प्रबंध न्यास समिति के सदस्य सह मीडिया समन्वयक आलोक कुमार ने बताया कि कार्यक्रम की शुरूआत मंदिर प्रबंध न्यास समिति के अध्यक्ष राजीव रंजन ने अपनी पत्नी एकता किशोर के साथ दीप जलाकर कार्यक्रम की शुरूआत की। इस मौके पर उन्होंने कहा कि सोमनाथ मंदिर देश का गौरव के साथ-साथ देश में समुद्री मार्ग से आने वाले विदेशी पर्यटकों के लिए आकर्षण का केन्द्र है उसके 75 साल पूरा होने पर देशवासियों को गर्व होना चाहिए और इस पर्व को उत्साह के साथ मनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि रविवार को पंचरूपी हनुमान मंदिर स्थित शिव मंदिर में अभिषेक किया जायेगा। इस मौके पर बड़ी संख्या में भक्तों ने भी दीपोत्सव में हिस्सा लेकर मिलकर दीप जलाये। कार्यक्रम में मंदिर प्रबंध न्यास समिति सदस्य आलोक कुमार, प्रेम कुमार, मुख्य पुजारी संतोष तिवारी, पुजारी शिवकांत झा, धीरज कुमार, ओम तिवारी, बिरजु मिश्रा,सुबोध तिवारी, साकेत परासर, कार्यालय प्रभारी ओमप्रकाश शर्मा, संजीव रंजन व उमेश प्रसाद मौजूद थे।

# पटना में युवा चेतना मार्च आज

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** स्वामी विवेकानंद जयंती, राष्ट्रीय युवा दिवस के पूर्व संध्या पर देश के अग्रणी युवा संगठन प्रेम यूथ फाउंडेशन की ओर से युवा चेतना शिविर का आयोजन युवा आवास, फ्रेजर रोड पटना से किया जा रहा है। मार्च को प्रख्यात अर्थशास्त्री पंडित सीए संजय कुमार झा हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। फाउंडेशन के प्रोग्राम ऑफिसर एन के सिंह ने बताया कि स्वामी विवेकानंद के बताये मार्ग पर ही चलकर हम विकसित भारत के सपना को साकार कर सकते हैं। स्वामी जी ने कहा था कि सौ नौजवान निश्चय कर ले तो पूरी दुनिया को बदल सकता है। युवा ही है भारत के भाग्य विधाता। मार्च युवा आवास से आरंभ होकर गांधी जी के प्रतिमा के समक्ष समाप्त होगी। मार्च में युवा, छात्र, उद्योगपति, पत्रकार, शिक्षाविद शामिल होंगे।

## बिहार के शिवालयों में दीप प्रज्ज्वलन और ऊंकार जप का आयोजन, भाजपा ने की बड़ी तैयारी

# सोमनाथ स्वाभिमान पर्व पीढ़ियों तक सांस्कृतिक चेतना को प्रेरित करते रहेंगे : संजय सरावगी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार में आज सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के मौके पर जिला मुख्यालयों, प्रखंड मुख्यालयों से लेकर पंचायत और गांव तक के शिवालयों में दीप प्रज्ज्वलन और ऊंकार जप का आयोजन किया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में लोग शिवालयों में पहुंचे। बिहार भाजपा अध्यक्ष संजय सरावगी ने बिहार के लोगों से आग्रह किया है कि सोमनाथ स्वाभिमान पर्व में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें और सबको प्रोत्साहित भी करें। उन्होंने कहा कि सोमनाथ पर हुए आक्रमण के 1000 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर नया भारत सोमनाथ स्वाभिमान पर्व-2026 के माध्यम से अपने इतिहास, आस्था और आत्मसम्मान को स्मरण करते हुए आगे बढ़ने का



संकल्प ले रहा है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा कि सोमनाथ स्वाभिमान पर्व 8 से 11 जनवरी 2026 तक सोमनाथ में आयोजित किया जा रहा है। यह पर्व भारत के उन असंख्य नागरिकों की स्मृति में मनाया जा रहा है जिन्होंने मंदिर की रक्षा के लिए बलिदान दिया और जो आने वाली पीढ़ियों की सांस्कृतिक चेतना को प्रेरित करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि भगवान श्री सोमनाथ सृष्टि के कण-कण में विराजते हैं। उनकी अखंड आस्था अनंत काल से निरंतर प्रवाहित हो रही है। वे सदैव भारत की आध्यात्मिक ऊर्जा के प्रतीक रहेंगे। इसलिए प्रथम ज्योतिर्लिंग भगवान सोमनाथ के सानिध्य में आयोजित 'सोमनाथ स्वाभिमान पर्व' में शामिल होकर इस दिव्य उत्सव का हिस्सा बनें। बिहार भाजपा अध्यक्ष संजय सरावगी शुक्रवार को सोमनाथ स्वाभिमान पर्व को लेकर वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये प्रदेश पदाधिकारियों और जिले के पदाधिकारियों के साथ बैठक की और इस कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की थी। उन्होंने कहा कि शिवालयों में लोगों को किसी प्रकार की दिक्कत नहीं हो, इसका खास ख्याल रखा जाए। उन्होंने कहा एनडीए सरकार के नेतृत्व में देश आज उन सांस्कृतिक प्रतीकों को सम्मान दे रहा है जिन्हें दशकों तक उपेक्षित रखा गया। 8 से 10 जनवरी 2026 तक राष्ट्रव्यापी कार्यक्रमों के माध्यम से सांस्कृतिक चेतना को सशक्त किया जा रहा है। 10 जनवरी को प्रदेश और देशभर के शिवालयों में दीप प्रज्ज्वलन एवं ऊंकार जप का आयोजन किया गया। 11 जनवरी को प्रधानमंत्री के नेतृत्व में सोमनाथ मंदिर से संकल्प यात्रा के साथ स्वाभिमान पर्व की औपचारिक शुरुआत होगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 10-11 जनवरी को गुजरात के सोमनाथ जाएंगे और 'सोमनाथ स्वाभिमान पर्व' में शामिल होंगे। 10 जनवरी को प्रधानमंत्री ओंकार मंत्र का जाप करेंगे और 11 जनवरी को सुबह लगभग 9:45 बजे शौर्य यात्रा में भाग लेंगे।

# सड़क सुरक्षा माह के तहत चालकों को मिला विशेष प्रशिक्षण

## 100 से अधिक ड्राइवरों ने ली यातायात नियमों की शपथ




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**भभुआ।** सड़क सुरक्षा माह 2026 के अवसर पर जिले में सड़क दुर्घटनाओं को कम करने और यातायात नियमों के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से एक विशेष पहल की गई। इस कड़ी में कैमूर मोटर ड्राइविंग स्कूल में 'विशेष चालक पुनश्चर्या प्रशिक्षण कार्यक्रम' का सफल आयोजन किया गया। प्रशिक्षण के दौरान विशेषज्ञ अधिकारियों ने उपस्थित चालकों को सुरक्षित वाहन संचालन की बारीकियों से रूबरू कराया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तृत जानकारी दी गई। विभिन्न प्रकार के यातायात चिह्नों और उनके महत्व को समझाया गया। ओवरस्पीडिंग (तेज रफ्तार) के जानलेवा परिणामों और नशे में वाहन चलाने से होने वाली दुर्घटनाओं के प्रति सचेत किया गया। दुपहिया वाहन चालकों के लिए हेलमेट और चार पहिया वाहन चालकों के लिए सीट बेल्ट के अनिवार्य उपयोग पर जोर दिया गया। कार्यक्रम में मौजूद अधिकारियों ने बताया कि सड़क सुरक्षा केवल एक नियम नहीं बल्कि जीवन रक्षा का आधार है। उन्होंने सर्वोच्च न्यायालय की सड़क सुरक्षा समिति के निर्देशों का हवाला देते हुए कहा कि यदि चालक अनुशासित होकर वाहन चलाएं और सुरक्षा मानकों को अपनाएं तो हर वर्ष होने वाली सड़क दुर्घटनाओं में 10 प्रतिशत तक की कमी लाई जा सकती है। इससे मृत्यु दर को घटाने में भी बड़ी मदद मिलेगी। इस विशेष सत्र के दौरान 100 से अधिक चालकों ने पूरी निष्ठा के साथ सड़क सुरक्षा नियमों और मोटर वाहन अधिनियम का पालन करने की सामूहिक शपथ ली। चालकों ने संकल्प लिया कि वे न केवल स्वयं नियमों का पालन करेंगे, बल्कि दूसरों को भी जागरूक करेंगे।

# विश्व पुस्तक मेला दिल्ली में आई लव स्पैरो पुस्तक का विमोचन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** विश्व पुस्तक मेला, दिल्ली में पहले दिन (10 जनवरी 26) को गौरैया संरक्षण पर केंद्रित संजय कुमार की सद्य प्रकाशित पुस्तक आई लव स्पैरो का विमोचन प्रकाशक न्यू वर्ल्ड पब्लिकेशन के स्टॉल पर कवि-लेखक कुमार मुकुल, राजेंद्र बयाला और जय सिंह ने किया। मौके पर कवि राजेन्द्र बयाला ने कहा कि हम साहित्य में चिड़िया और तितली को प्रतीकों में ही रखते आए हैं। उन्होंने कहा कि आज गौरैया विलुप्त होती जा रही है। ऐसे में पुस्तक का आना महत्वपूर्ण है। चर्चित कवि कुमार मुकुल ने कहा कि संजय कुमार ने गौरैया संरक्षण पर काफी काम किया है यकीनन पुस्तक की भूमिका जागरूकता में अहम होगी। लेखक जय सिंह ने कहा कि आज के परिवेश में गौरैया जैसे विषय पर कम ही चर्चा होती है। गौरैया को आज हम ढूंढते हैं जबकि वह हमारे जीवन में रची-बसी है। संजय कुमार ने गौरैया संरक्षण पर तीन पुस्तकें पहले ही लिखी है। यह पुस्तक एक और कड़ी है। मौके पर लेखक संजय कुमार ने कहा कि गौरैया संरक्षण पर पुस्तक इसलिए जरूरी रहा कि संदेश का प्रसार जरूरी है। उन्होंने बताया कि पुस्तक में गौरैया के बारे छोटी-छोटी बातें और संरक्षण के तमाम पहलुओं को रेखांकित किया गया है। मौके पर प्रकाशक मुकेश ने कहा कि मेरे पास जब पुस्तक की पांडुलिपि आई और सम्पादकीय टीम ने पढ़ी तो बताया कि काफी शोधपरक है और छोटी सी चिड़िया पर इतनी अच्छी जानकारी अद्भुत है हमने तुरन्त छापने की ठान ली। मौके पर आरिफा, एनवायरनमेंट वैरियर्स के आकाश दत्त, अमीषा, लीना सहित कई लोग मौजूद रहे।

## दानापुर के हथियाकंद पंचायत में मंत्री राम कृपाल यादव ने फार्मर रजिस्ट्री एवं ई-केवाइसी कार्य का किया निरीक्षण

# राज्य में 44 लाख किसानों का इ-केवाइसी, 12 लाख फार्मर आईडी तैयार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** कृषि मंत्री राम कृपाल यादव ने पटना जिला अंतर्गत दानापुर अंचल के हथियाकंद पंचायत में एग्री स्टेक परियोजना के तहत संचालित किसानों की फार्मर रजिस्ट्री एवं ई-केवाईसी प्रक्रिया का स्थल निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पंजीकरण कार्य की प्रगति, तकनीकी व्यवस्था तथा किसानों को मिल रही सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा है कि फार्मर रजिस्ट्री, एग्री स्टैक परियोजना का एक अत्यंत महत्वपूर्ण घटक है जिसका उद्देश्य राज्य में कृषि सेवाओं को अधिक प्रभावी, पारदर्शी एवं किसानोन्मुख बनाना है। इसके अंतर्गत प्रत्येक किसान की फार्मर आईडी तैयार की जा रही है जिसमें किसान के भूमि संबंधी विवरण को आधार से जोड़ा जा रहा है। ताकि किसानों को सरकारी योजनाओं का लाभ बिना किसी बाधा के मिल सके। मंत्री ने बताया कि फार्मर रजिस्ट्री का कार्य प्रारंभ करने से पूर्व राज्य के पांच जिलों-सारण, गया, पूर्वी चंपारण, पूर्णिया एवं भागलपुर के दो-दो राजस्व ग्रामों में पायलट के रूप में किया गया था। इसके पश्चात राज्य के सभी जिलों के कुल 44500 राजस्व गांवों का बकेटिंग कार्य पूर्ण कर अप्रैल माह से फार्मर रजिस्ट्री की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। शेष गांवों की बकेटिंग के लिए भारत सरकार से अनुरोध किया गया है जो अब प्राप्त हो गया है। अब तक कृषि विभाग के कर्मियों द्वारा 44 लाख से अधिक किसानों का ई-केवाईसी किया जा चुका है तथा बकेट सत्यापन के उपरांत 12 लाख 34 हजार से अधिक फार्मर आईडी तैयार की जा चुकी हैं जिनमें 7 लाख 58 हजार से अधिक पीएम-किसान लाभार्थी शामिल हैं। कृषि मंत्री ने किसानों से अपील की है कि फार्मर रजिस्ट्री को सफल बनाने हेतु 11 जनवरी 2026 तक चलाए जा रहे विशेष अभियान में सक्रिय रूप से भाग लें और समय पर अपनी फार्मर आईडी बनवाकर सरकारी योजनाओं का निर्बाध लाभ सुनिश्चित करें। फार्मर रजिस्ट्री की प्रक्रिया में कृषि विभाग के कर्मियों द्वारा किसानों का ई-केवाईसी किया जा रहा है जबकि राजस्व विभाग के राजस्व कर्मचारी बकेट सत्यापन का कार्य कर रहे हैं।

# मां शक्ति ज्योतिष एवं प्रभु आहार फाउंडेशन ने बांटे कंबल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** लगातार बढ़ती ठंड और शीतलहर को देखते हुए मां शक्ति ज्योतिष आध्यात्मिक एवं योग शोध सेवा संस्थान तथा प्रभु आहार सेवा फाउंडेशन द्वारा संयुक्त रूप से एक मानवीय पहल करते हुए जक्कनपुर एवं शहर के अन्य क्षेत्रों में जरूरतमंदों के बीच सैकड़ों कंबलों का वितरण किया गया। इस सेवा कार्य का उद्देश्य ठंड से प्रभावित असहाय, वृद्ध, महिला एवं गरीब वर्ग के लोगों को राहत पहुंचाना था। कंबल पाकर जरूरतमंदों के चेहरे पर संतोष और राहत की झलक देखने को मिली। इस अवसर पर मां शक्ति ज्योतिष आध्यात्मिक एवं योग शोध सेवा संस्थान के अध्यक्ष शम्भु प्रसाद बाबा ने कहा कि आध्यात्मिकता का वास्तविक अर्थ केवल साधना नहीं, बल्कि पीड़ित मानवता की सेवा है। इस भीषण ठंड में जरूरतमंदों को कंबल देना हमारे लिए पुण्य और कर्तव्य दोनों है। समाज के सक्षम लोगों को आगे आकर ऐसे कार्यों में सहयोग करना चाहिए। वहीं प्रभु आहार सेवा फाउंडेशन के अध्यक्ष राकेश कुमार ने कहा कि प्रभु आहार सेवा फाउंडेशन का उद्देश्य हमेशा से भूख, ठंड और पीड़ा से जूझ रहे लोगों की मदद करना रहा है।

# डीएम ने की श्रम संसाधन एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग की समीक्षा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**भभुआ।** जिलाधिकारी ने श्रम प्रवर्तन अधिकारियों को सक्रिय होने का निर्देश देते हुए कहा कि जिले के ढाबों, होटलों और ईंट-भट्टों पर नियमित छापेमारी की जाए। यदि कहीं बाल श्रमिक कार्य करते पाए जाते हैं तो संबंधित नियोजक पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। युवाओं को रोजगारोन्मुखी बनाने के लिए जिले में चल रहे कौशल विकास केंद्रों की गुणवत्ता की जांच करने के निर्देश दिए गए। डीएम ने कहा कि प्रशिक्षण के बाद युवाओं को प्लेसमेंट दिलाने पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए। विवाह सहायता, मृत्यु लाभ और मातृत्व लाभ योजना के तहत लंबित आवेदनों की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने 15 दिनों के भीतर योग्य लाभुकों के बैंक खातों में डीबीटी के माध्यम से राशि भेजने का कड़ा निर्देश दिया। प्रवासी श्रमिकों के लिए विशेष पहल पर बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि अन्य राज्यों में काम करने वाले जिले के प्रवासी श्रमिकों का एक सटीक डेटाबेस तैयार रखा जाए। ताकि किसी भी आपात स्थिति में उन्हें त्वरित सहायता पहुंचाई जा सके।

# पटना वीमेन्स कॉलेज में विश्व हिंदी दिवस पर अतिथि व्याख्यान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** विश्व हिंदी दिवस के अवसर पर पटना वीमेन्स कॉलेज में एक विशेष अतिथि व्याख्यान आयोजित किया गया। कार्यक्रम का विषय-प्रवेश कॉलेज के हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. कुमार धनंजय ने किया। इसके बाद बी.डी. कॉलेज, पटना के हिंदी विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. अमित कुमार ने 'हिंदीः विश्व पटल पर पहचान और संभावनाएं' विषय पर वक्तव्य प्रस्तुत किया। डॉ. अमित कुमार ने कहा कि हिंदी आज तेजी से ग्लोबल बन रही है और लोकप्रियता के शिखर को छू रही है। उन्होंने




बताया कि विश्व की लगभग 7165 भाषाओं में हिंदी बोलने वालों की संख्या तीसरे स्थान पर है और भारत की 145 करोड़ जनसंख्या में से लगभग 65 करोड़ लोग हिंदी को प्रथम भाषा के रूप में बोलते हैं। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र में हिंदी को आधिकारिक भाषा का दर्जा दिलाने की पहल, प्रवासी भारतीय समुदायों में हिंदी की जीवंत उपस्थिति, विदेशी विश्वविद्यालयों में हिंदी अध्ययन, बॉलीवुड और सोशल मीडिया के माध्यम से हिंदी की वैश्विक पहुंच तथा गूगल-माइक्रोसॉफ्ट जैसे प्लेटफॉर्म्स पर हिंदी को प्राथमिक भाषा विकल्प के रूप में शामिल किए जाने के उदाहरण दिए। कार्यक्रम ने छात्राओं और शिक्षकों में हिंदी के प्रति गर्व और उत्साह जगाया तथा यह संदेश दिया कि हिंदी की वैश्विक पहचान और संभावनाएं असीमित हैं।

# बीएमडब्लू ग्रुप इंडिया ने सालाना सेल्स में दर्ज किए रिकार्ड तोड़ आंकड़े

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बीएमडब्लू ग्रुप इंडिया ने एक बार फिर से कारों की अब तक की अधिकतम सालाना बिक्री के साथ कारोबार के डायनामिक माहौल में लगातार बेहतरीन परफोर्मेन्स प्रदर्शित किया है। कंपनी ने कैलेंडर वर्ष 2025 में 18001 कारें बेचीं और इस दृष्टि से सालाना 14 फीसदी से भी अधिक बढ़ोतरी दर्ज की है। इस अवधि के दौरान बीएमडब्लू ने 17721 युनिट्स तथा मिनी ने 730 युनिट्स डिलीवर कीं। वहीं बीएमडब्लू मोटोररड ने 5841 मोटरसाइकिलों की डिलीवरी दी। हरदीप सिंह ब्रार, प्रेजीडेन्ट एवं सीईओ, बीएमडब्लू ग्रुप इंडिया ने कहा कि 2025 बीएमडब्लू ग्रुप इंडिया के लिए रिकॉर्ड तोड़ साल रहा है, इस दौरान हमने अब तक की अधिकतम सेल्स दर्ज की। हमने कारों की बिक्री में 18000 युनिट्स का आंकड़ा पार कर लिया। वास्तव में हम 14 फीसदी से अधिक की जबरदस्त रेट के साथ आगे बढ़ रहे हैं जो लक्जरी सेगमेन्ट में एवरेज ग्रोथ रेट से काफी अधिक है।

# कविवर सुरेन्द्र नाथ सक्सेना की स्मृति में पुस्तक लोकार्पण कार्यक्रम आयोजित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** विश्व हिंदी दिवस के अवसर पर कविवर सुरेन्द्र नाथ सक्सेना की स्मृति में चित्रगुप्त सामाजिक संस्थान, पटना और श्री साहित्य कुंज, रांची के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को पाटलिपुत्र परिषद, चौक, पटना सिटी में एक भव्य काव्य-संध्या और पुस्तक लोकार्पण कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें बड़ी संख्या में श्रोतागण उपस्थित रहे। कविवर सुरेन्द्र के ज्येष्ठ पुत्र तुषार कांति द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में कविवर सुरेन्द्र के काव्य-ग्रंथ 'विष-बाण', उनकी सुपुत्री मनीषा सहाय सुमन द्वारा साहित्य संवाहक पत्रिका का उन पर आधारित विशेषांक तथा उनके सुपुत्र पीयूष कांति के गजल-संग्रह 'तिश्नगी रह गई' का लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर कविवर सुरेन्द्र के सुपौत्र सार्थक सक्सेना द्वारा उनके काव्य-ग्रंथ 'दिव्य-लोक' के प्रथम खंड का संगीतमय पाठ किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ कवि भगवती प्रसाद द्विवेदी ने की जिसमें कमलनयन श्रीवास्तव, मधुरेश शरण, प्रेम किरण, डा. गोरख प्रसाद मस्ताना, डा. आरती, शुभ चंद्र सिन्हा, प्रभात धवन, अनुराधा प्रसाद, नसीम अख्तर, श्वेता गजल, सीमा रानी, डा. सुनंदा केशरी, सुनील कुमार, डा. अनीता राकेश, डा. किशोर सिन्हा एवं गणेश सिन्हा जी, चित्रगुप्त समाज के अध्यक्ष डा. गोलवारा, पाटलिपुत्र परिषद के अध्यक्ष आदि उपस्थित रहे। शायर प्रेम किरण ने बताया कि विष-बाण भारत-चीन और भारत-पाक युद्ध की पृष्ठभूमि में रचित वीर-रस की काव्य-कृति है जिसका पाठ कविवर सुरेन्द्र द्वारा 1962-67 की अवधि में बिहार के पांचवें राज्यपाल एम.ए.अयंगार के समक्ष किया गया था।

# दिव्य जीर्णोद्धार फाउंडेशन ने गरिमामय वातावरण में मनाया 'विश्व हिन्दी दिवस'

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** 'विश्व हिन्दी दिवस' के अवसर पर दिव्य जीर्णोद्धार फाउंडेशन द्वारा एक भव्य, सारगर्भित एवं विचारोत्तेजक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य हिन्दी भाषा के महत्व, उसकी वैश्विक पहचान तथा राष्ट्रीय एकता में उसकी भूमिका को रेखांकित करना था। कार्यक्रम में साहित्यकारों, शिक्षाविदों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं युवाओं की उल्लेखनीय सहभागिता रही, जिसने इसे और अधिक प्रभावशाली बना दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के अध्यक्ष जितेन्द्र कुमार सिन्हा ने की। अपने अध्यक्षीय संबोधन में उन्होंने हिन्दी को भारत की आत्मा बताते हुए कहा है कि यह भाषा देश की सांस्कृतिक, सामाजिक एवं बौद्धिक चेतना को जोड़ने का कार्य करती है। उन्होंने केंद्र सरकार से पुरजोर मांग की है कि हिन्दी को संविधान में राष्ट्रभाषा का दर्जा दिया जाए, ताकि इसे उसका उचित सम्मान और अधिकार मिल सके। संस्था की उपाध्यक्ष डॉ. ऋचा दुबे ने कहा है कि हिन्दी केवल संवाद का माध्यम नहीं है, बल्कि हमारी संस्कृति, परंपरा और मूल्यों की संवाहक है।

# जनता दरबार में लोगों की समस्याओं का एसपी ने किया निष्पादन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**रामपुर (कैमूर)।** स्थानीय प्रखंड क्षेत्र के करमचट थाना परिसर में शनिवार को एसपी हरिमोहन शुक्ला ने जनता दरबार का आयोजन किया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। जनता दरबार में एक-एक कर सैकड़ों फरियादियों की समस्या सुनी और जांचोपरांत निष्पादन का भरोसा दिलाया। जनता दरबार में कुल 100 आवेदन प्राप्त हुआ जिसमें 25 पुलिस, पांच बिजली विभाग, शेष भूमि संबंधित आवेदन प्राप्त हुआ। उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय सबार के शुभी कुमारी, खुशबू कुमारी, ज्योति कुमारी, पुजा कुमारी सहित एक दर्जन छात्रों ने एसपी को आवेदन देकर गुहार लगाई कि हम लोगों ने वर्ष 2026 में कक्षा 12 के वार्षिक परीक्षा देने के लिए निबंधन शुल्क जमा विद्यालय में किया है जिसका रसीद भी विद्यालय से मिला है जिसमें कुल छात्र-छात्राओं की संख्या 119 है। इनमें साइंस से 39 हैं। इनमें मात्र 4 छात्रों का ही निबंधन हुआ है। उक्त परीक्षा से 35 छात्र वंचित रह गए। वहीं कला संकाय से 80 छात्रों ने निबंधन के लिए शुल्क जमा किया है। इनमें 6 छात्रों का ही निबंधन हुआ है। शेष 74 छात्र उक्त परीक्षा से वंचित रह गये हैं। इस प्रकार कुल 109 छात्र उक्त परीक्षा से वंचित रह गया है। इस प्रकार के आवेदन को देखकर एसपी हरिमोहन शुक्ला ने थानाध्यक्ष को निर्देश दिया कि एच एम पर गबन का मुकदमा दर्ज कर जेल भेजें। इस आवेदन को विभागीय मंत्री को भी भेजने का निर्देश दिया गया। मौके पर सीडीपीओ मनोरंजन भारती, पुलिस इंस्पेक्टर भभुआ संतोष कुमार, अनु कुमारी अंचलाधिकारी रामपुर, प्रखंड विकास पदाधिकारी दृष्टि पाठक रामपुर, पंकज कुमार थानाध्यक्ष, एसआई प्राची कुमारी, ए एस आई धीरज कुमार सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं सैकड़ों की संख्या में महिला-पुरुष उपस्थित रहे।

# जीएनएसयू और एएसजीआई हॉस्पिटल के बीच समझौता

## ऑप्टोमेट्री छात्रों को मिलेगा क्लिनिकल प्रशिक्षण और प्लेसमेंट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**सासाराम।** गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय और एएसजीआई हॉस्पिटल के बीच ऑप्टोमेट्री छात्रों के क्लिनिकल प्रशिक्षण और प्लेसमेंट को लेकर एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। यह समझौता विश्वविद्यालय के नारायण इंस्टीट्यूट ऑफ एलाइड एंड हेल्थकेयर साइंसेज के ऑप्टोमेट्री विभाग के विद्यार्थियों को व्यावहारिक प्रशिक्षण, उद्योग अनुभव और रोजगार के नए अवसर उपलब्ध कराएगा। इस अवसर पर ऑप्टोमेट्री विभाग के छात्रों के लिए प्लेसमेंट अभियान का भी आयोजन किया गया। समझौता कार्यक्रम में विश्वविद्यालय की ओर से प्रो-चांसलर गोविंद नारायण सिंह, कुलपति प्रो. (डॉ.) जगदीश सिंह, कुलसचिव प्रो. (डॉ.) कुमार आलोक प्रताप, नारायण इंस्टीट्यूट ऑफ एलाइड एंड हेल्थकेयर साइंसेज के निदेशक प्रो. (डॉ.) नीरज कुमार तथा ऑप्टोमेट्री विभाग के विभागाध्यक्ष विवेक कुमार सिन्हा उपस्थित रहे। एएसजीआई हॉस्पिटल की ओर से रौशन सिन्हा, क्षेत्रीय प्रबंधक मानव संसाधन एवं संचालन और विश्ववेन्द्र सिंह, ऑप्टोमेट्री प्रबंधक, एएसजीआई बिहार विजन सेंटर ने सहभागिता की।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गोविंद नारायण सिंह ने कहा कि यह समझौता छात्रों को गुणवत्तापूर्ण क्लिनिकल प्रशिक्षण प्रदान करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है जिससे वे वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बन सकेंगे। कुलपति प्रो. (डॉ.) जगदीश सिंह ने उद्योग और शिक्षा के बीच साझेदारी को मजबूत करने की प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि ऐसे समझौते छात्रों के करियर निर्माण में सहायक सिद्ध होते हैं। एएसजीआई हॉस्पिटल के प्रतिनिधियों ने सहयोग पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए आश्वासन दिया कि छात्रों को अत्याधुनिक नेत्र चिकित्सा केंद्रों में इंटर्नशिप, प्रत्यक्ष प्रशिक्षण और प्लेसमेंट के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। समझौते के अंतर्गत यह सहयोग स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र के लिए कुशल मानव संसाधन तैयार करने की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है जो ऑप्टोमेट्री छात्रों के उज्ज्वल भविष्य का मार्ग प्रशस्त करेगा।

# अभिनन्दन समारोह में तिलौथू पहुंचे मंत्री प्रमोद कुमार चंद्रवंशी

## स्थानीय लोगों ने कई मांगों को लेकर मंत्री को सौंपा ज्ञापन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**सासाराम/तिलौथू।** तिलौथू प्रखंड क्षेत्र के स्थानीय बाजार एक निजी होटल में एनडीए कार्यकर्ताओं द्वारा अभिनन्दन समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया था जिसमें शनिवार को सहकारिता एवं वन्य पर्यावरण मंत्री प्रमोद कुमार चंद्रवंशी पहुंचे जहां एनडीए कार्यकर्ताओं ने ढोल नगाड़े व फूलमाला से एवं महिलाओं ने तिलक लगाकर भव्य स्वागत किया। वही मंत्री के स्वागत के लिए आदिवासी समाज की महिलाएं एवं पुरुष को भी बुलाया गया जिसने अपने पारम्परिक खोटा गाने पर नृत्य कर मंत्री का स्वागत किया। इसके बाद होटल के सभागार में सम्मान समारोह का आयोजन किया जिसमें क्षेत्र के अलग-अलग गांव व कस्बों से आये लोगों ने मंत्री के साथ-साथ भाजपा के नेताओं को सम्मानित किया। सम्मान समारोह के बाद दूर-दूर से आये लोगों ने मंत्री के समक्ष अपनी मांगों को रखा जिसमें पटना के तर्ज पर सोन किनारे तिलौथू और डिहरी के बीच मारीन ड्राइव बनाने की मांग को रखा गया। उसके बाद तुतला धाम परिसर में जो प्लांट और बागवानी का क्षेत्र है उसको और विकास करने की भी मांग की गई। वही पहाड़ पर एक छोर से दूसरे छोर जाने के रोपवे का निर्माण का प्रस्ताव रखा गया। इन सभी बिन्दुओं पर मंत्री प्रमोद कुमार ने कहा कि मैं खुद वन्य पर्यावरण मंत्री हूं और इन सभी प्रस्तावों को मैं मुख्यमंत्री के समक्ष रखूंगा और इसको पूरा करने की पूरी कोशिश करूंगा। आगे उन्होंने महिलाओं के बारे में बोलते हुए बताया कि इस कार्यक्रम में जितनी संख्या में महिलाएं उपस्थित है उसको देखकर मैं बहुत प्रसन्न हूं कि बिहार कि महिलाएं भी हर क्षेत्र में अपनी भूमिका निभा रही है इसको देख मुझे बहुत प्रसन्नता हुई। बताया कि हमारी एनडीए की सरकार महिलाओं के विकास एवं सशक्तिकरण की दिशा में कई योजनाएं चला रही है। जैसे जीविका के माध्यम से जीविका दीदियों को दस-दस हजार रूपये दिया गया जिससे अपना खुद कारोबार कर अपना घर चला सकती है। अगर आगे उस पैसे से जीविका दीदी अच्छा काम करती है तो दो-दो लाख रूपये और सहायता राशि के रूप में दिया जायेगा। यह कार्यक्रम भाजपा मंडल अध्यक्ष पूर्वी ऋतुराज उपाध्याय और पश्चिमी मंडल अध्यक्ष अभय कुशवाहा के नेतृत्व में कराया गया। कार्यक्रम का संचालन भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष सुशील कुमार ने किया। कार्यक्रम में भाजपा विधायक त्रिविक्रम नारायण सिंह, जिलाध्यक्ष संतोष पटेल, महेंद्र ओझा, शशि भूषण प्रसाद, राकेश सिन्हा, पूर्व जिलाध्यक्ष भोला जी, भाजपा नेता अजय यादव, विश्वजीत कुमार सहित कई सम्मानित भाजपा नेतागण उपस्थित रहे।

# नाबालिग से दुष्कर्म मामले में अभियुक्त को दस साल की सजा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** दावथ थाना क्षेत्र में 6 साल पूर्व नाबालिग से हुए दुष्कर्म से जुड़े एक मामले में सुनवाई करते हुए जिला जज सप्तम सह विशेष न्यायाधीश पॉक्सो अधिनियम श्री अरविंद के न्यायालय ने मामले में अभियुक्त ओमप्रकाश सिंह निवासी शाहपुर, थाना-दावथ निवासी को दोषी पाते हुए अभियुक्त को 30 हजार रुपये जुर्माना सहित दस साल की सजा सुनाई है। मामले में अभियोजन पक्ष के अधिवक्ता विशेष लोक अभियोजक हीरा प्रताप सिंह ने बताया कि उक्त घटना 7 साल पूर्व दावथ थाना क्षेत्र में 16 अक्टूबर 2019 को दिन में 9:30 बजे घटी थी जब किशोरी अपने घर के पास दलान में बैठी हुई थी। उसी समय अभियुक्त ओमप्रकाश सिंह किशोरी को अकेला देखकर उसके दलान में आ गया एवं बहला-फुसलाकर अपने दलान ले गया और उसके साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया था। अभियोजन पक्ष के तरफ से इस मामले में कुल 7 गवाहों की गवाही न्यायालय में दर्ज कराई गई थी जिसके बाद कोर्ट ने अभियुक्त को पॉक्सो अधिनियम की धारा 376 के तहत उक्त सजा सुनाई गयी।

# गरीबों असहाय जरुरतमंदों के प्रति सहयोग की भावना से जुड़ी रहीं ऊषा कुमारी : उपेन्द्र कुशवाहा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** बिहार सरकार के पूर्व ग्रामीण विकास मंत्री एवं वर्तमान जगदीशपुर विधानसभा के विधायक भगवान सिंह कुशवाहा की धर्मपत्नी उषा कुमारी केवल एक अधिकारी या जनप्रतिनिधि की पत्नी ही नहीं थीं, बल्कि वे सेवा, संवेदना और करुणा की सजीव प्रतिमूर्ति थीं उक्त बातें रालोमो सुप्रीमो सह राज्य सभा सांसद उपेन्द्र कुशवाहा ने जगदीशपुर प्रखंड के दुल्हिनगंज में उनके निधन पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में उनके तैल चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित करने के उपरांत कहा। उन्होंने कहा कि अपने अंतिम समय तक वे गरीबों, असहायों और जरूरतमंदों के प्रति सहयोग की भावना से निरंतर जुड़ी रही। स्व ऊषा कुमारी विधानसभा में प्रशाखा पदाधिकारी के रूप में वर्तमान में कार्यरत थी। इलाज हो, वस्त्र हों या मानवीय सहारा-जहां तक संभव हुआ। उन्होंने निस्वार्थ भाव से लोगों की मदद की। श्रद्धा सुमन अर्पित करने वाले में, विधायक नागेन्द्र चन्द्रवंशी, जदयू के वरिष्ठ नेता डॉ निर्मल कुशवाहा, वरिष्ठ अधिवक्ता बैरिस्टर सिंह, अजय सिंह कुशवाहा, उमा कुशवाहा, मुन्ना कुशवाहा, प्रमोद महतो, लल्लू चौधरी, बनारसी कुशवाहा, उषा पटेल, इन्द्र देव यादव, कपिल कुशवाहा, गुप्तेश्वर सिंह, दीपक शर्मा सहित काफी संख्या में मंत्री, विधायक, विभिन्न दलों के नेता ने श्रद्धा सुमन अर्पित किया।




# 14 से 20 जनवरी तक राजगीर में मलमास मेला डीएम-एसपी ने तैयारियों को दी अंतिम धार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ**। राजगीर में आयोजित होने वाले मकर मेला एवं मलमास मेला को लेकर प्रशासन पूरी तरह सक्रिय हो गया है। शनिवार को समाहरणालय में जिला पदाधिकारी कुंदन कुमार एवं पुलिस अधीक्षक भारत सोनी की संयुक्त अध्यक्षता में व्यापक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में दोनों मेलों के दौरान सुरक्षा व्यवस्था, भीड़ नियंत्रण, स्वच्छता, यातायात प्रबंधन सहित सभी आवश्यक तैयारियों को अंतिम रूप देने के निर्देश दिए गए। राजगीर में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी मकर मेला का आयोजन 14 से 20 जनवरी 2026 तक किया जाएगा। राज्य सरकार द्वारा राजकीय मेला घोषित होने के कारण हजारों श्रद्धालु एवं पर्यटक राजगीर पहुंचकर ब्रह्मकुंड एवं अन्य धाराओं में स्नान, पूजा-अर्चना तथा ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण करेंगे। डीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा, स्वच्छता, पेयजल, शौचालय, चिकित्सा सुविधा, यातायात व्यवस्था और भीड़ प्रबंधन की तैयारियां समय पर पूरी कर ली जाएं। मकर मेला में विभिन्न कार्यक्रम जैसे सांस्कृतिक आयोजन, दही खाओ प्रतियोगिता, पतंग महोत्सव, कृषि एवं पशु प्रदर्शनी, खेल प्रतियोगिताएं, टमटम–पालकी सज्जा, फूड स्टॉल, दंगल, रंगोली, क्विज एवं वाद-विवाद आदि—के सफल आयोजन हेतु भी विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।



**मकर मेला कार्यक्रम की विस्तृत रूपरेखा जारी**

उद्घाटन, पतंग प्रतियोगिता, महाआरती, संत समागम, खेल प्रतियोगिताएं, कलाकारों की प्रस्तुति, पशु प्रदर्शनी एवं समापन कार्यक्रम सहित कुल 16 प्रमुख आयोजनों का विस्तृत शेड्यूल प्रशासन ने जारी किया है। सभी कार्यक्रम मेला थाना परिसर एवं स्टेट गेस्ट हाउस मैदान को केंद्रित कर आयोजित होंगे। बैठक में मलमास मेला को लेकर सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था की समीक्षा की गई। मेला अवधि में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस बल, दंडाधिकारी, महिला पुलिस एवं स्वयंसेवकों की प्रतिनियुक्ति की जाएगी। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि संवेदनशील स्थानों पर सीसीटीवी और ड्रोन से निगरानी रखी जाएगी तथा असामाजिक तत्वों पर सख्त कार्रवाई होगी। यातायात व्यवस्था सुचारु रखने के लिए वैकल्पिक मार्ग, बैरिकेडिंग और पार्किंग स्थल चिन्हित किए जाएंगे। स्वास्थ्य विभाग को एंबुलेंस, मेडिकल कैंप और चिकित्सकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। डीएम ने कहा कि मेला अवधि में किसी भी प्रकार की अव्यवस्था नहीं होनी चाहिए। सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें और जनता की सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता दें।

बैठक में उप विकास आयुक्त, अनुमंडल पदाधिकारी, जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, आपदा प्रबंधन एवं राजस्व पदाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी, गोपनीय शाखा, नजर शाखा के अधिकारी सहित सभी संबंधित विभागों के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# सरस्वती पूजा में सीसीटीवी और ड्रोन से होगी निगरानी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ**। सरस्वती पूजा शांतिपूर्ण और सुरक्षित आयोजन को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह सक्रिय है। शनिवार को समाहरणालय में जिला पदाधिकारी कुंदन कुमार एवं पुलिस अधीक्षक भारत सोनी की संयुक्त अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। अधिकारियों ने जिले भर में विधि-व्यवस्था एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए अनेक निर्देश जारी किए। इस वर्ष सरस्वती पूजा 23 जनवरी 2026 को मनाई जाएगी। पूजा के दौरान भीड़ तंत्र प्रबंधन, पूजा पंडालों की सुरक्षा, जुलूस एवं विसर्जन मार्ग, विद्युत सुरक्षा, ध्वनि नियंत्रण, यातायात व्यवस्था और आपातकालीन सेवाओं की तैयारी पर विशेष चर्चा की गई। डीएम ने निर्देश दिया कि पूरे जिले में सरस्वती पूजा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराई जाए। सभी पूजा पंडालों का 15 जनवरी तक शत-प्रतिशत लाइसेंस निर्गत किया जाए और प्रत्येक पंडाल का पूर्व निरीक्षण कर अग्नि एवं विद्युत सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित किया जाए। शांति समिति बैठकों को अनिवार्य बताया गया तथा पूजा समिति संचालकों के पहचान पत्र, आधार व मोबाइल नंबर संकलित करने का निर्देश दिया गया। जिला पदाधिकारी ने साफ कहा कि डीजे का प्रयोग पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। सभी पंडालों में सीसीटीवी कैमरे लगाना अनिवार्य है और विसर्जन जुलूस की ड्रोन कैमरे से सतत निगरानी की जाएगी।



पंडालों में भीड़ नियंत्रण और सुरक्षा उपायों का कड़ाई से पालन कराया जाएगा। एक्साइज विभाग को शराब, ड्रग्स जैसे नशीले पदार्थों की बिक्री और सेवन पर सख्त निगरानी रखने का निर्देश दिया गया। डीएम ने चेतावनी दी कि किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में पुलिस अधीक्षक भारत सोनी ने बताया कि जिले के संवेदनशील और अति संवेदनशील इलाकों की पहचान कर वहां अतिरिक्त पुलिस बल, दंडाधिकारी एवं महिला पुलिस की तैनाती की जाएगी। पेट्रोलिंग और फ्लैग मार्च बढ़ाए जाएंगे, सोशल मीडिया पर विशेष निगरानी रखी जाएगी और अफवाह फैलाने वालों पर कार्रवाई होगी। कोचिंग संचालकों और हॉस्टल संचालकों के साथ बैठक कर सुरक्षा उपायों की समीक्षा भी की जाएगी। जबरन चंदा वसूली करने वालों पर कड़ी निगरानी रखते हुए कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# विश्व हिंदी दिवस पर नालंदा कॉलेज में संगोष्ठी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

बिहारशरीफ। विश्व हिंदी दिवस पर नालंदा कॉलेज के हिंदी विभाग द्वारा एक विचारोत्तेजक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एवं संचालन हिंदी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. कुमारी चम्पा ने किया। उन्होंने कहा कि विश्व हिंदी दिवस मनाने का मूल उद्देश्य हिंदी को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाना और उसकी वैश्विक स्वीकार्यता को सशक्त करना है। इतिहास विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. रत्नेश अमन ने अपने वक्तव्य में कहा कि यह दिवस हिंदी भाषा के वैश्विक प्रचार-प्रसार, उसके सांस्कृतिक महत्व और अंतरराष्ट्रीय पहचान को समर्पित है। अंग्रेजी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. रामकृष्ण परमहंस ने हिंदी की सरलता को उसकी सबसे बड़ी शक्ति बताते हुए कहा कि यही गुण हिंदी को विश्व मंच पर



मजबूती से स्थापित करता है। दर्शनशास्त्र विभाग के प्राध्यापक प्रो. प्रभास कुमार ने कहा कि भारत में हिंदी लोगों से भावनात्मक रूप से जुड़ी हुई है, जबकि विदेशों में यह एकजुटता और सांस्कृतिक पहचान का प्रतीक बन चुकी है। एनएसएस पदाधिकारी डॉ. विनीत लाल ने विश्व हिंदी दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ऐसे आयोजन हिंदी के महत्व, प्रभाव, विस्तार और स्वीकार्यता को वैश्विक पटल पर नई ऊंचाइयों तक ले जाने का माध्यम हैं। उन्होंने वैश्वीकरण के दौर में प्रवासी भारतीय समुदायों के बीच हिंदी के संरक्षण और संवर्धन की आवश्यकता पर विशेष बल दिया। भूगोल विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. भावना ने कहा कि विश्वभर में फैले 60 करोड़ से अधिक हिंदी भाषियों को जोड़ने वाली हिंदी भाषा प्रवासी भारतीयों के बीच एक मजबूत सांस्कृतिक सेतु के रूप में कार्य कर रही है। संगोष्ठी में छात्र-छात्राओं ने भी उत्साहपूर्वक अपने विचार प्रस्तुत किए।

# चोर समझकर विक्षिप्त युवक की बेरहमी से पिटाई

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा**। जिले के सिरदला प्रखंड के परनाडाबर थाना क्षेत्र के बरदाहा बाजार में शनिवार की सुबह चोर के शक में एक व्यक्ति की जमकर पिटाई का मामला सामने आया है। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। बताया जा रहा है कि बीते कई दिनों से बाजार समेत आसपास के गांवों में चोरी की अफवाहों के कारण लोगों में भय का माहौल बना हुआ था। हर रात ग्रामीण पहरेदारी कर रहे थे और किसी भी संदिग्ध व्यक्ति पर तुरंत शक किया जा रहा था। शनिवार की सुबह एक अज्ञात व्यक्ति को बाजार में घूमते देख कुछ लोगों ने उसे संदिग्ध मान लिया। स्थानीय लोगों ने उसका नाम-पता पूछना शुरू किया, लेकिन व्यक्ति के मौन रहने और स्पष्ट जवाब नहीं देने से लोगों का शक और गहरा हो गया। धीरे-धीरे बाजार में लोगों की भीड़ जुट गई और तरह-तरह की चर्चाएं होने लगीं। नाम-पता नहीं बताने पर भीड़ उग्र हो गई और लोगों ने उस व्यक्ति की लात-घूंसे, बेल्ट और थप्पड़ों से बेरहमी से पिटाई शुरू कर दी। इसी दौरान किसी ने घटना का वीडियो बना लिया, जो देखते ही देखते सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। सूचना मिलते ही परनाडाबर थाना की 112 पुलिस टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद भीड़ से उस व्यक्ति को छुड़ाकर थाने ले गई। पुलिस की तत्परता से एक बड़ी अनहोनी टल गई।

# मंडल कारा में प्ली बार्गेनिंग पर विधिक जागरुकता कार्यक्रम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा**। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार, नई दिल्ली एवं बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना के निर्देश के आलोक में विद्वान प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा शिल्पी सोनीराज के मार्गदर्शन में तथा धीरेन्द्र कुमार पाण्डेय, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा द्वारा 10 जनवरी 2026 को मंडल कारा, नवादा परिसर में प्ली बार्गेनिंग विषय पर विधिक जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के उद्घाटन के उपरांत जेल विजिटिंग लॉयर सह डिफेंस लॉयर मो० साजिद अयुब खान ने प्ली बार्गेनिंग की अवधारणा पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्ली बार्गेनिंग न्यायिक सौदेबाजी की एक प्रक्रिया है, जिसके अंतर्गत अभियुक्त स्वेच्छा से अपराध स्वीकार कर मुकदमे के शीघ्र निष्पादन एवं दंड में रियायत का लाभ प्राप्त कर सकता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि महिलाओं एवं बच्चों के विरुद्ध किए गए अपराधों के मामलों में प्ली बार्गेनिंग की सुविधा उपलब्ध नहीं है। साथ ही, सात वर्ष से कम सजा वाले अपराधों में प्ली बार्गेनिंग की सुविधा कैदियों को प्राप्त है। प्ली बार्गेनिंग का लाभ लेने हेतु अभियुक्त को स्वेच्छा से माननीय न्यायालय के समक्ष शपथ-पत्र सहित आवेदन देना होता है। न्यायालय द्वारा बंद कमरे में कैमरे के समक्ष अभियुक्त से यह सुनिश्चित करने हेतु पूछताछ की जाती है कि प्ली बार्गेनिंग उसकी स्वेच्छा से की जा रही है या नहीं। तत्पश्चात माननीय न्यायालय द्वारा लोक अभियोजक अथवा परिवादी को नोटिस निर्गत किया जाता है। उन्होंने यह भी बताया कि अभियुक्त चाहे तो अपना अधिवक्ता रख सकता है तथा मामले के लंबित रहने की अवधि में न्यायालय द्वारा पीड़ित व्यक्ति को प्रतिकर भी दिलाया जा सकता है।

इस अवसर पर मंडल कारा, नवादा के अन्य पदाधिकारी एवं कर्मचारीगण, मो० साजिद अयुब खान (डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम, नवादा) एवं पारा विधिक स्वयंसेवक दीपक कुमार उपस्थित थे।

# 20 सूत्री उपाध्यक्ष समेत दो पर सीडीपीओ ने दर्ज कराई प्राथमिकी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कौआकोल**। कौआकोल सीडीपीओ अंजली कुमारी ने भाजपा पूर्वी मण्डल अध्यक्ष सह 20 सूत्री उपाध्यक्ष अंकित विश्वकर्मा एवं विनय कुशवाहा के विरुद्ध कौआकोल थाना में लिखित आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज कराई है। दोनों नेताओं पर सीडीपीओ द्वारा आरोप लगाया गया है कि 09 जनवरी 2026 को उनके कार्यालय में 20 सूत्री उपाध्यक्ष अंकित विश्वकर्मा एवं विनय कुशवाहा अनाधिकृत रूप से प्रवेश कर काम नहीं करने की धमकी दी गई। विनय कुशवाहा द्वारा कहा गया कि उनके दो मामा कलक्टर हैं,और आपको काम नहीं करने दिया जाएगा। वहीं उन दोनों पर सीडीपीओ ने रंगदारी मांगने का भी आरोप लगाया है। दर्ज प्राथमिकी में कहा गया है कि 20सूत्री




उपाध्यक्ष द्वारा पूर्व में भी उनके कार्य में हस्तक्षेप,फंसाने तथा निरीक्षण के दौरान घेर कर मारने की धमकी दी गई। सीडीपीओ के अनुसार घटना की सीसीटीवी फुटेज एवं मोबाइल में धमकी देने का रिकॉर्डिंग भी साक्ष्य के रूप में रहने की बात कही है। सीडीपीओ का कहना है कि इस तरह की घटना के बाद उनके कार्यालय के कर्मियों में दहशत का माहौल कायम हो गया है। तथा वे खुद कार्य करने में असुरक्षित महसूस कर रहे हैं।

# गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारी को समय सीमा के अंदर पूरा करने का निर्देश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ**। आगामी 26 जनवरी को आयोजित होने वाले गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारी को लेकर समाहरणालय सभा कक्ष में जिलाधिकारी कुंदन कुमार एवं पुलिस अधीक्षक भारत सोनी की संयुक्त अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में समारोह के सफल एवं भव्य आयोजन हेतु सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान डीएम–एसपी ने स्पष्ट कहा कि मुख्य समारोह स्थल सोगरा उच्च विद्यालय परिसर में बैठने की व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, झंडातोलन, राष्ट्रीय गान, राष्ट्रीय ध्वज की सलामी, विभागीय झांकियों की प्रस्तुति, स्वतंत्रता सेनानियों का सम्मान, खेलकूद कार्यक्रम, शहर की सफाई, पेयजल एवं विद्युत आपूर्ति जैसी सभी तैयारियों को निर्धारित समय सीमा




के भीतर पूरा किया जाए।

साथ ही भीड़ नियंत्रण एवं विधि-व्यवस्था की चाक-चौबंद तैयारी पर विशेष जोर दिया गया। मुख्य समारोह स्थल सोगरा उच्च विद्यालय में सुबह 9:00 बजे झंडातोलन होगा। इसके बाद क्रमशः समाहरणालय (9:45 पूर्वाह्न), जिला परिषद (10:00), जिला ग्रामीण विकास अभिकरण (10:10), अनुमंडल कार्यालय (10:15), गृह रक्षा वाहिनी (10:25), नगर निगम (10:40), बिहार थाना परिसर (10:50), कारगिल पार्क में श्रद्धांजलि (11:10) और पुलिस लाइन (11:25) पर कार्यक्रम होंगे। बेहतरीन परेड और झांकियों की तैयारी राष्ट्रीय ध्वज की सलामी को प्रभावशाली बनाने हेतु परेड में डीएपी की तीन प्लाटून, होमगार्ड, एनसीसी सीनियर व जूनियर डिवीजन, स्काउट-गाइड, फायर ब्रिगेड और सैनिक विद्यालय राजगीर की यूनिट शामिल होंगी। विभिन्न विभागों को आकर्षक झांकियों की प्रस्तुति के लिए भी दिशा-निर्देश दिए गए। डीएम ने जिला कल्याण पदाधिकारी को महादलित टोलों में झंडातोलन कार्यक्रम को विधिवत सम्पन्न कराने का निर्देश दिया। बैठक में उप विकास आयुक्त, अनुमंडल पदाधिकारी बिहार शरीफ, जिला शिक्षा पदाधिकारी, डीपीओ आईसीडीएस, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

# गरीबों के प्रति पुलिस का रवैया अफसोसनाक नवादा रेलवे स्टेशन पर अवैध वसूली का आरोप

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा**। जिले के रेलवे स्टेशन परिसर में गरीब और मेहनतकश लोगों के साथ पुलिसिया रवैये को लेकर गंभीर आरोप सामने आए हैं। राष्ट्रीय युवा वाहिनी नेशनल वॉलंटियर भाजपा, बिहार के प्रदेश अध्यक्ष एवं भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश क्षेत्रीय प्रभारी शंकर लोहार ने नवादा रेलवे स्टेशन के जीआरपी और आरपीएफ पर अवैध वसूली का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि एक ओर बिहार सरकार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा लगातार माफिया व गुंडागर्दी खत्म करने की बात कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर कुछ पुलिसकर्मी खुद गरीबों पर जुल्म कर रहे हैं। आरोप है कि नवादा रेलवे स्टेशन परिसर में ठेला लगाकर चाय, बेदाम, सब्जी और अन्य छोटे-मोटे सामान बेचने वाले गरीब लोगों से 30, 50 और 100 रुपये तक की खुलेआम वसूली की जा रही है। शंकर लोहार का कहना है कि यह वसूली केवल रेलवे सीमा के भीतर ही नहीं, बल्कि स्टेशन के आसपास उन इलाकों से भी की जा रही है जो रेलवे की हद में नहीं आते। आरोप है कि इसके लिए कथित तौर पर कुछ गुंडों को भी लगाया गया है। उन्होंने सवाल उठाया कि एक गरीब आदमी अपने परिवार का पेट भरे या इन गुंडों और भ्रष्ट तंत्र की जेब। उन्होंने इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच किसी सीआईडी अधिकारी से कराने, नवादा रेलवे स्टेशन पर गुंडागर्दी बंद करने और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। साथ ही बिहार सरकार एवं जिला प्रशासन से गरीबों को सुरक्षा देने की अपील की है, ताकि निचले पायदान पर खड़े लोगों को भी कानून के राज का एहसास हो सके।

# सरकार के संयुक्त सचिव ने किया केवीके का दौरा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कौआकोल**। आइएएस अधिकारी व उपभोक्ता, खाद्य एवं आपूर्ति मंत्रालय भारत सरकार के संयुक्त सचिव एवं आकांक्षी जिला नवादा के केन्द्रीय प्रभारी पदाधिकारी रवि शंकर शुक्रवार की देर शाम कौआकोल के सोखोदेवरा आश्रम पहुंचे। जहां उन्होंने लोकनायक जयप्रकाश नारायण की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इसके बाद वे जेपी निवास एवं अन्य धरोहरों का अवलोकन किया। इसके बाद वे कृषि विज्ञान केंद्र का दौरा किया। जहां केवीके के वैज्ञानिक रौशन कुमार ने उन्हें केवीके द्वारा संचालित विभिन्न इकाईंयों का भ्रमण करवाया। संयुक्त सचिव ने इस दौरान कृषि वैज्ञानिकों को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मौके पर ग्राम निर्माण मंडल के डॉ० भारत भूषण शर्मा,बीडीओ डॉ. अखिलेश कुमार समेत अन्य लोग मौजूद थे। बजकर 30




मिनट से 12 बजकर 30 मिनट तक, द्वितीय पाली एक बजकर 30 मिनट से चार बजकर 15 मिनट तक चलेगी। यह परीक्षा 10 जनवरी से 20 जनवरी तक होगी। 10 जनवरी को प्रथम पाली में जीव विज्ञान, और द्वितीय पाली में भी जीव विज्ञान विषय की प्रयोगिक परीक्षा हुई। वही 12 जनवरी को प्रथम पाली में भौतिकी विषय, द्वितीय पाली में रसायन शास्त्र की,13 जनवरी को प्रथम पाली में भौतिकी, द्वितीय पाली में रसायन शास्त्र,14 जनवरी को प्रथम पाली में मनोविज्ञान, ईपीएस विज्ञान, मल्टी मीडिया द्वितीय पाली में कृषि,15 जनवरी को प्रथम पाली में भूगोल, द्वितीय पाली में भूगोल,16 जनवरी को प्रथम पाली में गृहविज्ञान की प्रयोगिक परीक्षा होगी। उन्होंने कहा आंतरिक परीक्षक सुधा कुमारी,बाह्य परीक्षक योगेंद्र प्रसाद के निभा रहे हैं। इसके अलावा शिक्षक नीरज कुमार, धनंजय कुमार,रुपेश कुमार, विनोद कुमार रविदास, राजन कुमार समेत अन्य शिक्षकों के देखरेख में प्रयोगिक परीक्षा चल रही है।

# सोखोदेवरा जेपी फील्ड से गायत्री मंदिर तक होगी मैराथन दौड़

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कौआकोल**। 12 जनवरी को राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के संयुक्त तत्वाधान में मैराथन दौड़ का आयोजन किया जाएगा। इसकी जानकारी देते हुए विहिप के प्रखण्ड मंत्री प्रवेश कुमार ने बताया कि 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद की जयंती राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले मैराथन दौड़ जेपी फील्ड सोखोदेवरा से शुरू होगी,जो बिझो रोड से ब्लॉक गेट होते हुए थाना रोड से कौआकोल जेपी चौक होते हुए गायत्री मंदिर पर जाकर सम्पन्न होगी। विहिप के प्रखण्ड अध्यक्ष राजीव कुमार ने बताया कि अपरिहार्य कारणों से मैराथन दौड़ के रूट चार्ट में परिवर्तन किया गया है।

# बोधि ट्री इंटरनेशनल स्कूल में धूमधाम से मनाया गया दही-चूड़ा कार्यक्रम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा**। बोधि ट्री इंटरनेशनल स्कूल, न्यू एरिया नवादा परिसर में पारंपरिक एवं मौसमी पर्व दही-चूड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम सामाजिक समरसता, आपसी भाईचारे और सांस्कृतिक परंपराओं को सहेजने के उद्देश्य से आयोजित किया गया, जिसमें जिले के कई जनप्रतिनिधियों, चिकित्सकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं गणमान्य लोगों ने सहभागिता निभाई। दही-चूड़ा कार्यक्रम में नवादा विधायक विभा देवी, गोविंदपुर विधायक विनीता मेहता, भाजपा जिला अध्यक्ष अनिल मेहता, जिला परिषद अध्यक्ष पुष्पा देवी, जिला परिषद सदस्य बीना देवी विशेष रूप से उपस्थित रहीं। इनके साथ-साथ जिले के प्रतिष्ठित चिकित्सकों में डॉ. शत्रुघ्न प्रसाद, डॉ. महेश कुमार, डॉ. सावित्री शर्मा, डॉ. सुधा शर्मा, डॉ.



संतोष कुमार, डॉ. गिरिजेश कुमार, डॉ. कुणाल कुमार , कांग्रेस नेता उपेंद्र सिंह सहित अन्य डॉक्टर एवं गणमान्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम में भाजपा महिला मोर्चा की पूर्व जिला अध्यक्ष गौरी रानी, शिवरानी केसरी, पुष्पा कुमारी की भी उल्लेखनीय उपस्थिति रही। सभी अतिथियों ने एक साथ बैठकर पारंपरिक दही-चूड़ा भोज का आनंद लिया और एक-दूसरे को इस मौसमी पर्व की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर कार्यक्रम की आयोजक कौशलेंद्र नारायण उर्फ नमूना जी ने सभी आगंतुकों का स्वागत करते हुए कहा कि दही-चूड़ा कार्यक्रम केवल भोजन का आयोजन नहीं, बल्कि सामाजिक एकता और आपसी मेल-मिलाप का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन समाज में सकारात्मक संदेश देते हैं और लोगों को अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़े रखते हैं।

# मनरेगा खत्म करने व गांधी जी का नाम हटाने के विरोध में कांग्रेस की प्रेस वार्ता

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा**। शनिवार को सतीश कुमार उर्फ मंटन सिंह, अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमिटी नवादा की अध्यक्षता में कांग्रेस कार्यालय, वीआईपी कॉलोनी नवादा में एक दिवसीय प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। यह प्रेस वार्ता मनरेगा को समाप्त करने तथा महात्मा गांधी जी का नाम मनरेगा से हटाने के प्रस्ताव के विरोध में आयोजित की गई। प्रेस वार्ता में नवादा प्रभारी किशोर कुमार विशेष रूप से उपस्थित रहे। साथ ही जिले के सभी प्रखंड अध्यक्ष, प्रकोष्ठ अध्यक्ष एवं जिला कांग्रेस कमिटी के पदाधिकारीगण मौजूद रहे। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए सतीश कुमार उर्फ मंटन सिंह ने कहा कि मनरेगा कांग्रेस द्वारा गरीबों, मजदूरों और ग्रामीण परिवारों के रोजगार एवं जीविका के लिए लाया गया एक ऐतिहासिक कानून है। यह योजना करोड़ों गरीब परिवारों के लिए जीवन रेखा साबित हुई है, लेकिन भाजपा सरकार इसे कमजोर करने और समाप्त करने की साजिश कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार नहीं चाहती कि गरीब मजदूर मनरेगा के माध्यम से अपने परिवार का पालन-पोषण कर सकें, बल्कि वह अपने चुनिंदा मित्रों को फायदा पहुंचाने में लगी हुई है। उन्होंने आगे बताया कि मनरेगा के खिलाफ किए जा रहे इस अन्याय के विरोध में कांग्रेस पार्टी चरणबद्ध आंदोलन करेगी। 11 जनवरी को डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा प्रांगण नवादा में एक दिवसीय उपवास किया जाएगा। 12 जनवरी को पंचायत स्तर पर जनसंपर्क चौपाल, 30 जनवरी को वार्ड स्तर पर शांतिपूर्ण धरना तथा 31 जनवरी को ब्लॉक स्तर पर जिला स्तरीय "मनरेगा बचाव धरना" आयोजित किया जाएगा। इस प्रेस वार्ता में कांग्रेस प्रवक्ता एजाज अली मुन्ना, कृष कुमार प्रभाकर, सकलदेव सिंह, मो. साकिर खान, ओम प्रकाश सिंह, महेंद्र प्रसाद शर्मा, मनोज यादव सहित अरुण कुमार, शैलेन्द्र कुमार, अखिलेश सिंह, संजय प्रसाद, रामाशीष सिंह, डॉ. संजय कुमार, विजय कुमार, जीतेन्द्र कुमार उर्फ पप्पू, बिनोद कुमार उर्फ पप्पू, छोटी समेत कई कांग्रेस नेता व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# सीओ ने पिता-पुत्र के खिलाफ दर्ज कराई प्राथमिकी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कौआकोल**। कौआकोल सीओ मनीष कुमार ने कोल्हुआर गांव निवासी राणा रामाधार सिंह एवं उनके पुत्र मनोज कुमार के विरुद्ध गाली गलौज करने,जान मारने की धमकी देने तथा सरकारी काम में बाधा डालने के आरोप में कौआकोल थाना में लिखित आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज कराई है। घटना 8 जनवरी की बताई जा रही है। कौआकोल थाना में दर्ज प्राथमिकी में सीओ मनीष कुमार ने कहा कि जब वे फार्मर रजिस्ट्री शिविर का निरीक्षण करने जैसे ही ब्लॉक गेट के पास पहुँचा, तो वहां पूर्व से उपस्थित मनोज कुमार एवं उनके पिता राणा रामाधार सिंह अपने काम को लेकर अनावश्यक दवाब बनाने लगे। मना करने पर मनोज कुमार द्वारा गाली गलौज कर मारपीट करने पर उतारू हो गए। और जान मारने की धमकी भी दिया। सीओ ने आवेदन में लिखा है कि कार्यालय के अन्य कर्मी द्वारा बाद में घटनास्थल पर आने के बाद वे दोनों चले गए। दर्ज प्राथमिकी के अनुसार घटना के बाद सीओ काफी आहत हैं।

# हिलसा रेलवे स्टेशन पर महिला यात्री घायल, वर्षों से लंबित प्लेटफॉर्म विस्तार की मांग फिर उठी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हिलसा (नालंदा)**। हिलसा रेलवे स्टेशन पर ट्रेन से उतरने के दौरान पैर फिसलने से एक महिला यात्री गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के बाद स्टेशन परिसर में अफरा-तफरी मच गई। मौके पर मौजूद यात्रियों और स्थानीय लोगों की मदद से घायल महिला को तत्काल हिलसा अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है। यात्रियों ने बताया कि हिलसा रेलवे स्टेशन का प्लेटफॉर्म काफी छोटा और अपेक्षाकृत नीचा है, जिसके कारण ट्रेन से उतरने और चढ़ने में यात्रियों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। खासकर बुजुर्ग, महिलाएं और बच्चे अक्सर हादसों का शिकार हो जाते हैं। यात्रियों का कहना है कि प्लेटफॉर्म की लंबाई और ऊंचाई मानकों के अनुरूप नहीं होने के कारण जोखिम और बढ़ जाता है। स्थानीय लोगों ने बताया कि वर्ष 2003 में जब बिहार के वर्तमान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार रेल मंत्री थे, उस दौरान इस रेलखंड का विकास हुआ था, लेकिन हिलसा रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म की ऊंचाई और विस्तार को लेकर कोई ठोस सुधार नहीं किया गया। तब से लेकर अब तक प्लेटफॉर्म को लंबा और ऊंचा करने की मांग लगातार उठती रही है, बावजूद इसके रेलवे प्रशासन की ओर से कोई प्रभावी पहल नहीं हो सकी है। आए दिन हो रही दुर्घटनाओं के बाद भी समस्या जस की तस बनी हुई है। घटना के बाद एक बार फिर स्थानीय लोगों और यात्रियों ने रेलवे प्रशासन से प्लेटफॉर्म के शीघ्र विस्तार और ऊंचाई बढ़ाने की मांग दोहराई है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं पर रोक लग सके।

# मगध विश्वविद्यालय में भारतीय ज्ञान परंपरा पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का समापन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बोधगया।** मगध विश्वविद्यालय बोधगया में स्नातकोत्तर संस्कृत विभाग, आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ, वैश्विक संस्कृति मंच नई दिल्ली एवं भारतीय शिक्षण मंडल दक्षिण बिहार प्रांत के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन 'भारतीय ज्ञान परंपरा का वैश्विक परिप्रेक्ष्य' का समापन शुक्रवार को सफलतापूर्वक हुआ। अंतिम दिन दो सत्रों में व्याख्यान आयोजित किए गए। पहले सत्र में देश-विदेश के विद्वानों और संस्कृत प्रेमियों ने ऑनलाइन और ऑफलाइन माध्यम से शोध पत्र प्रस्तुत किए। दोपहर बाद हाइब्रिड मोड में आयोजित सत्र की अध्यक्षता डॉ प्रियम्वदा गौड़ ने की। मुख्य अतिथि पवन कुमार पांडेय, विशिष्ट अतिथि संजय कुमार, चीन से डॉ विवेक मणि त्रिपाठी, मॉरिशस से डाबी सर तथा सारस्वत अतिथि के रूप में डॉ रचना उपस्थित रहीं। सत्र का संचालन डॉ विनय कुमार तिवारी ने किया। दूसरे सत्र में अखिल भारतीय इतिहास संकलन के राष्ट्रीय संगठन मंत्री डॉ बालमुकुंद पांडेय ने कहा कि वसुधैव कुटुम्बकम और कुर्वंतो विश्वमार्यम के माध्यम से भारतीय सनातन संस्कृति का वैश्विक प्रसार हो रहा है। भगवान बुद्ध के मध्य मार्ग को अपनाकर भारतीय सभ्यता और संस्कृति को पुनर्जीवित करने पर उन्होंने बल दिया। सारस्वत अतिथि के रूप में बिहार राज्य उच्चतर शिक्षा परिषद पटना के पूर्व उपसचिव डॉ अर्चना ने कहा कि संस्कृत भाषा संस्कृति को जोड़ने वाली भाषा है और दर्शन भारतीय ज्ञान परंपरा का आधार है। मुख्य वक्ता के रूप में काशी हिंदू विश्वविद्यालय वाराणसी के वेद विभाग के पूर्व अध्यक्ष और वैदिक विज्ञान केंद्र के पूर्व समन्वयक प्रोफेसर उपेंद्र कुमार त्रिपाठी ने वेदों से प्रेरित भारतीय ज्ञान परंपरा को समझने के लिए संस्कृत के प्रचार की आवश्यकता बताई। कुलसचिव डॉ विनोद कुमार मंगलम ने आयोजन को सराहनीय बताते हुए कहा कि इससे शोध और नवाचार को बढ़ावा मिलेगा। झारखंड के प्राचीन विश्वविद्यालय की मानविकी संकाय प्रमुख प्रो अर्चना दुबे ने भी वक्तव्य दिया। दूसरे सत्र का संचालन डॉ ममता मेहरा ने किया। पहले सत्र में वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय आरा के डॉ सत्येंद्र पांडेय और डॉ संजय कुमार, इलाहाबाद विश्वविद्यालय प्रयागराज की डॉ रेनू कोचर शर्मा, क्वांटम विदेशी भाषा विश्वविद्यालय चीन के डॉ विवेक मणि त्रिपाठी, बिहार संस्कृत संजीवनी समाज पटना के डॉ मुकेश कुमार ओझा और नागरिक स्नातकोत्तर महाविद्यालय जंघई के डॉ पवन कुमार पांडेय ने मुख्य वक्तव्य दिए। अध्यक्षीय संबोधन प्रो ज्ञान मणि त्रिपाठी ने किया। डॉ एकता वर्मा ने प्रतिवेदन में बताया कि 200 से अधिक प्रतिभागियों ने सहभागिता की। कार्यक्रम में प्रो मुनेश्वर प्रसाद, डॉ सुनील सुमन, डॉ एकता वर्मा, डॉ ममता मेहरा, डॉ जावेद अंजुम, डॉ नृपेंद्र श्रीवास्तव, डॉ कविता कुमारी, डॉ दीपशिखा पांडेय, डॉ प्रियंका तिवारी, डॉ जियाउलाह रहमान, डॉ प्रियंका राय, डॉ धर्मेंद्र कुमार सहित अनेक विभागाध्यक्ष और प्राध्यापक उपस्थित रहे। समापन सत्र में धन्यवाद ज्ञापन डॉ विनय तिवारी ने किया।



# गया में डॉक्टर से एक करोड़ रुपये की मांगी रंगदारी, जान से मारने की धमकी से दहशत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गया।** जिला मुख्यालय में एक डॉक्टर से एक करोड़ रुपये की रंगदारी मांगे जाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है जिससे शहर में दहशत का माहौल बन गया है। अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के सुपर स्पेशलिटी न्यूरोलॉजी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. सतेंद्र कुमार से अपराधियों ने फोन पर रंगदारी की मांग की है। रकम नहीं देने पर परिवार सहित जान से मारने की धमकी भी दी गई है। घटना के बाद से डॉक्टर और उनका परिवार भय और तनाव में है। पीड़ित डॉक्टर के अनुसार 27 दिसंबर को उनके मोबाइल फोन पर लगातार एक अज्ञात नंबर से कॉल आ रहा था। बाद में जब उन्होंने उस नंबर पर संपर्क किया तो फोन उठाने वाले व्यक्ति ने सीधे एक करोड़ रुपये देने की मांग की और कहा कि यदि पैसा नहीं दिया गया तो अंजाम बेहद खतरनाक होगा। धमकी इतनी गंभीर थी कि डॉक्टर सहम गए। उसी नंबर से 30 दिसंबर को फिर कॉल कर दोबारा रुपये की मांग की गई। लगातार मिल रही धमकियों से परेशान होकर डॉ. सतेंद्र कुमार ने मगध मेडिकल थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के आधार पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस की प्रारंभिक जांच में चौंकाने वाले तथ्य सामने आए हैं। कॉल विवरण के अनुसार 27 दिसंबर को कॉल पश्चिम बंगाल के आसनसोल से किया गया था जबकि 30 दिसंबर को महाराष्ट्र से कॉल आने की पुष्टि हुई है। इससे किसी संगठित आपराधिक गिरोह की संलिप्तता की आशंका जताई जा रही है। डॉ. सतेंद्र कुमार गया शहर के मगध कॉलोनी में अपने परिवार के साथ रहते हैं। घटना के बाद से परिवार की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। पुलिस प्रशासन तकनीकी जांच के साथ अन्य बिंदुओं पर भी गहन छानबीन कर रहा है और रंगदारी मांगने वाले की तलाश में जुटा हुआ है।

# विशाल दफ्तुआर ने किया सदर एसडीओ को सम्मानित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गया।** निवर्तमान सदर एसडीओ किसलय श्रीवास्तव को एचआरयूएफ चेयरमैन एवं मशहूर अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार कार्यकर्ता विशाल रंजन दफ्तुआर ने अनुमंडल कार्यालय में सम्मानित किया और उनके ढाई साल के कार्यकाल के दौरान हासिल की गई उपलब्धियों की तारीफ की और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। गौरतलब है कि गया के सदर एसडीओ किसलय श्रीवास्तव का ट्रांसफर करके उन्हें बिहारशरीफ का एसडीओ बनाया गया है। वह इसी सोमवार से वहां अपना योगदान देंगे? सदर एसडीओ किसलय श्रीवास्तव ने मानवाधिकार के क्षेत्र में विशाल रंजन दफ्तुआर की ऐतिहासिक उपलब्धियों की प्रशंसा की और जरूरतमंदों की मदद के कार्य को अनुकरणीय बताया। इस अवसर पर भाजपा नेता संतोष सिंह, व्यवसायी इकबाल हुसैन, पूर्व पार्षद हलीम खान और अन्य उपस्थित थे।



# मगध के लाल मनीष कुमार को मिला अति विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गया।** मगध प्रमंडल के लाल और आरपीएफ इंस्पेक्टर मनीष कुमार को उत्कृष्ट कार्य के लिए रेल मंत्रालय की ओर से अति विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान मिलने पर मगध प्रमंडल सहित जहानाबाद जिले में हर्ष का माहौल है। पूर्व रेलवे के प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त सह आरपीएफ महानिरीक्षक अमरेश कुमार ने भी मनीष कुमार को शुभकामनाएं दी हैं। मनीष कुमार मगध प्रमंडल के जहानाबाद जिले के काको प्रखंड अंतर्गत बारा गांव निवासी विजय शर्मा के पुत्र हैं। वर्तमान में वे पूर्व मध्य रेलवे के मुजफ्फरपुर आरपीएफ पोस्ट में निरीक्षक प्रभारी के रूप में कार्यरत हैं। रेल मंत्रालय ने ड्यूटी के दौरान उनके उल्लेखनीय योगदान को देखते हुए यह प्रतिष्ठित सम्मान प्रदान किया है। इस वर्ष पूरे देश में केवल तीन अधिकारियों को ही यह अति विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार मिला है जिसमें मनीष कुमार भी शामिल हैं। शुक्रवार को नई दिल्ली स्थित यशोभूमि सम्मेलन केंद्र, द्वारका में आयोजित 70वें अति विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार समारोह में केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने उन्हें यह सम्मान प्रदान किया। समारोह में देशभर के विभिन्न रेलवे जोनों के उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। इस दौरान पूर्व मध्य रेलवे हाजीपुर को सुरक्षा व्यवस्था में सराहनीय प्रदर्शन के लिए सुरक्षा शील्ड भी प्रदान की गई जिसे अमरेश कुमार ने प्राप्त किया। मनीष कुमार ने बीते दो वर्षों में बाल तस्करी के विरुद्ध अभियान चलाते हुए 80 से 85 तस्करों को गिरफ्तार कराया और उनके कब्जे से 315 बालक-बालिकाओं को मुक्त कराया। ऑपरेशन नन्हे फरिश्ते के तहत मुजफ्फरपुर जंक्शन और ट्रेनों से 570 भूले-भटके बच्चों को सुरक्षित रेस्क्यू कर चाइल्ड वेलफेयर कमेटी को सौंपा गया, बाद में उन्हें उनके परिजनों से मिलाया गया। उनकी पहली पोस्टिंग 2012 में धनबाद में हुई थी, इसके बाद जहानाबाद, पटना और वर्तमान में मुजफ्फरपुर में पदस्थापन है। सम्मान मिलने पर केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी, बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ प्रेम कुमार, जदयू राष्ट्रीय महासचिव सह विधान परिषद सदस्य अफाक अहमद खान, अतरी विधायक रोमित कुमार, दैनिक रेल यात्री संघ के नेता उदय श्रीवास्तव और जेडआरयूसीसी सदस्य डीके जैन ने बधाई दी है।



# भाजपा नेताओं ने शिवालय में पूजा कर भगवान शिव से राष्ट्र की एकता, अखंडता की रक्षा की कामना की

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गयाजी।** सोमनाथ स्वाभिमान पर्व 2026 के अंतर्गत सोमनाथ मंदिर पर हुए आक्रमण के 1000 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर गया शहर स्थित शिवालय में भारतीय जनता पार्टी के नेताओं द्वारा विशेष पूजा-अर्चना, आरती एवं मंत्र-जप कर स्वाभिमान पर्व मनाया गया। यह आयोजन भारत की प्राचीन आस्था, संस्कृति और सभ्यता के प्रतीक सोमनाथ मंदिर के गौरवशाली इतिहास को स्मरण करने तथा उसके पुनरुत्थान की भावना को सशक्त करने के उद्देश्य से किया गया। ज्ञात हो कि जनवरी 1026 में गजनी के महमूद ने सोमनाथ मंदिर पर आक्रमण कर उसे ध्वस्त कर दिया था। यह आक्रमण केवल एक मंदिर पर नहीं, बल्कि भारत की सांस्कृतिक चेतना, धार्मिक आस्था और स्वाभिमान पर किया गया प्रहार था। वर्ष 2026 में उस बर्बर आक्रमण के 1000 वर्ष पूर्ण हो रहे हैं जिसे भारतीय इतिहास में संघर्ष, धैर्य और पुनर्निर्माण की अद्वितीय मिसाल के रूप में देखा जाता है। सोमनाथ मंदिर का बार-बार पुनर्निर्माण इस बात का प्रमाण है कि भारतीय सभ्यता को किसी भी आक्रमण से मिटाया नहीं जा सकता। इसी ऐतिहासिक पृष्ठभूमि में सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के अवसर पर भाजपा नेता डॉ. मनीष पंकज मिश्रा एवं भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य राजेंद्र प्रसाद, अधिवक्ता संतोष ठाकुर सहित भाजपा नेताओं ने शिवालय में विधिवत पूजा-पाठ कर भगवान शिव से राष्ट्र की एकता, अखंडता और सांस्कृतिक गौरव की रक्षा की कामना की। पूजा के दौरान वैदिक मंत्रों के उच्चारण और आरती के माध्यम से सोमनाथ के गौरवशाली पुनरुत्थान को नमन किया गया। इस अवसर पर उपस्थित कार्यकर्ताओं एवं श्रद्धालुओं ने सोमनाथ मंदिर को भारतीय आत्मसम्मान, आस्था और अदम्य इच्छाशक्ति का महान प्रतीक बताते हुए कहा कि यह पर्व आने वाली पीढ़ियों को अपने इतिहास से सीख लेने और राष्ट्र के सांस्कृतिक मूल्यों की रक्षा के लिए प्रेरित करेगा।



# कड़ाके की ठंड में वजीरगंज में अलाव की व्यवस्था नदारद, जनजीवन अस्त-व्यस्त

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**वजीरगंज।** प्रखंड क्षेत्र इन दिनों कड़ाके की ठंड और शीतलहर की चपेट में है। बीते एक सप्ताह से लगातार पड़ रही भीषण ठंड ने जनजीवन को पूरी तरह अस्त-व्यस्त कर दिया है। ठंडी हवाओं और गलन के कारण लोग घरों में दुबकने को मजबूर हैं जबकि सड़कों पर वाहन रेंगते हुए नजर आ रहे हैं। इसके बावजूद वजीरगंज अंचल कार्यालय और नगर पंचायत की ओर से अब तक कहीं भी समुचित रूप से अलाव की व्यवस्था नहीं की गई है जिससे लोगों में भारी आक्रोश है। नगर क्षेत्र में अलाव नहीं जलने से गरीब तबके के लोग, मजदूर, बुजुर्ग, राहगीर और यात्री सुबह-शाम ठंड से बेहाल हैं। शीतलहर के कारण बाजारों में सन्नाटा पसरा हुआ है और लोग बेहद जरूरी काम होने पर ही घरों से बाहर निकल रहे हैं। चाय की दुकानों पर लोग चूल्हे के पास हाथ सेंकते जरूर दिखते हैं, लेकिन खुले स्थानों पर ठहरना मुश्किल हो गया है। वजीरगंज बाजार निवासी दीपू कुमार, संदीप कुमार और संजय कुमार ने बताया कि कड़ाके की ठंड के बावजूद सरकारी स्तर पर अलाव की समुचित व्यवस्था नहीं की गई है। वहीं नगर पंचायत के मुख्य पार्षद प्रतिनिधि और अंचलाधिकारी का कहना है कि अलग-अलग स्थानों पर अलाव की व्यवस्था की गई है, लेकिन हकीकत यह है कि इक्का-दुक्का स्थानों पर ही कभी-कभार अलाव जलता नजर आता है। लोगों का कहना है कि अलाव सिर्फ सरकारी कागजों और डायरी में जल रहा है। स्थानीय दुकानदार और आम नागरिक अपने निजी खर्च से कुछ स्थानों पर अलाव जलाते दिखाई दे रहे हैं। प्रखंड के केनारचट्टी निवासी उपेंद्र कुमार पथिक, वजीरगंज बाजार निवासी सुरेंद्र प्रसाद, केदार प्रसाद कुमुद सहित अन्य लोगों ने प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप कर सार्वजनिक स्थानों पर अलाव की व्यवस्था कराने की मांग की है। ताकि लोगों को इस भीषण ठंड से राहत मिल सके।



# पूर्व मध्य रेलवे के मुख्य सुरक्षा अधिकारी ने गया जंक्शन का किया निरीक्षण



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गया।** पूर्व मध्य रेलवे, हाजीपुर जोन मुख्यालय के मुख्य सुरक्षा अधिकारी गोपाल मिश्रा ने गया जंक्शन का विस्तृत सुरक्षात्मक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों से रेलवे को अधिक सुरक्षित, आरामदायक और भरोसेमंद बनाए रखने के लिए निरंतर सतर्क और तटस्थ बने रहने पर जोर दिया। मुख्य सुरक्षा अधिकारी ने कहा कि रेल संचालन को और अधिक सुरक्षित बनाने के लिए आधुनिक तकनीकों का व्यापक उपयोग किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि 'कवच' स्वचालित ट्रेन सुरक्षा प्रणाली, फुल ट्रैक सर्किटिंग तथा सेंट्रलाइज्ड इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग जैसी उन्नत तकनीकों को लागू किया गया है जिससे दुर्घटनाओं की आशंका को कम किया जा सके और ट्रेन संचालन को अधिक सुरक्षित बनाया जा सके। निरीक्षण के क्रम में गोपाल मिश्रा ने गया जंक्शन के सभी रेल पटरियों का जायजा लिया। इसके साथ ही रिले रूम इंटरलॉकिंग, चालक एवं गार्ड रनिंग रूम, क्रू लॉबी तथा मेमू शेड का भी निरीक्षण किया। उन्होंने विभिन्न स्थानों पर सुरक्षा व्यवस्था, रखरखाव की स्थिति और कार्यप्रणाली की समीक्षा की तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कर्मचारियों से नियमों का सख्ती से पालन करने, उपकरणों की नियमित जांच करने और किसी भी प्रकार की लापरवाही से बचने की अपील की। उनका कहना था कि रेलवे सुरक्षा एक सामूहिक जिम्मेदारी है और इसमें प्रत्येक अधिकारी व कर्मचारी की भूमिका महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर सुरक्षा सलाहकार

# जांच पूरी होने तक अल्ट्रासाउंड सेंटर बंद करने का आदेश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**डोभी/गयाजी।** डोभी चतरा मोड़ स्थित अल्ट्रासाउंड सेंटर के संचालक द्वारा इलाज किए जाने के दौरान गर्भवती महिला के गर्भ में शिशु की मौत का मामला सामने आते ही मामले की गंभीरता को देखते हुए डोभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. शिव शंकर झा ने आनन-फानन में संबंधित अल्ट्रासाउंड सेंटर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने अल्ट्रासाउंड संचालक से पूरे प्रकरण को लेकर पूछताछ की तथा सेंटर संचालन से संबंधित वैध कागजातों की मांग की। उन्होंने संचालक को पत्र के माध्यम से निर्देश दिया कि सभी आवश्यक दस्तावेज स्वास्थ्य विभाग को उपलब्ध कराए जाएं। साथ ही जांच पूरी होने तक अल्ट्रासाउंड सेंटर को बंद रखने का सख्त आदेश दिया गया है। डॉ. झा ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि क्षेत्र में किसी भी सूरत में अवैध या नियमों के विपरीत अल्ट्रासाउंड केंद्रों का संचालन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। भ्रूण मृत्यु जैसे गंभीर मामलों को लेकर स्वास्थ्य विभाग पूरी गंभीरता से जांच करेगा और दोषी पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। स्वास्थ्य विभाग की इस कार्रवाई से क्षेत्र में संचालित अन्य अल्ट्रासाउंड केंद्रों में भी हड़कंप मच गया है और सभी संचालक अपने कागजात दुरुस्त करने में जुट गए हैं।

# प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत ई-केवाईसी व फार्मर आईडी निर्माण कार्य जारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोंच।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत किसानों की ई-केवाईसी तथा किसान फार्मर आईडी बनाने का कार्य कोंच प्रखंड क्षेत्र के बिजहरा गांव में शुक्रवार को किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में किसान उपस्थित होकर अपनी प्रक्रिया पूर्ण कराते नजर आए। कार्यक्रम में कृषि सलाहकार शैलेश कुमार, राजस्व कर्मचारी मुकेश कुमार, मझियावां पंचायत के कार्यपालक सहायक प्रशांत कुमार सहित अन्य कर्मी मौजूद थे। अधिकारियों द्वारा किसानों को योजना से संबंधित जानकारी दी गई तथा ई-केवाईसी व फार्मर आईडी के महत्व को बताया गया। दोपहर के समय कुछ तकनीकी खामी के कारण ई-केवाईसी कार्य बाधित रहा जिससे किसानों को थोड़ी देर तक प्रतीक्षा करनी पड़ी। हालांकि लगभग एक घंटे बाद सर्वर पुनः चालू होने पर कार्य को फिर से शुरू कर दिया गया और किसानों की ई-केवाईसी व फार्मर आईडी बनाने की प्रक्रिया सुचारू रूप से चलने लगी। अधिकारियों ने बताया कि जिन किसानों की ई-केवाईसी व फार्मर आईडी नहीं बनी है, वे समय रहते इसे अवश्य पूरा कराएं ताकि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ बिना किसी रुकावट के मिल सके।

## तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने टोटो को मारी टक्कर, चालक घायल

**शेरघाटी (नबिटा सं.)।** थाना क्षेत्र के अफजलपुर इलाके में तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने एक टोटो में जोरदार टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में टोटो चालक गंभीर रूप से घायल हो गया।


## कार्यालय जिला पशुपालन पदाधिकारी, पलामू।

### —: सीमांत किसानों के लिए आवश्यक सूचना :—

एतद् द्वारा पलामू जिला के सभी पशुपालकों को सूचित किया जाता है कि पलामू जिला में निःशुल्क कृत्रिम गर्भाधान कार्यक्रम के द्वारा गो—भैंस जाति के नस्ल में अपेक्षित सुधार लाने, कृत्रिम गर्भाधन आच्छादन दर में वृद्धि करने तथा नस्ल सुधार कार्यक्रम के संबंध में जागरूकता बढाने हेतु बछड़ा प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है जो निम्नवत् है—

| क्र0 सं0 | प्रखण्ड का नाम | शिविर स्थल | शिविर की तीथि एवं समय |
|---|---|---|---|
| 01. | हुसैनाबाद | प्रथम वर्गीय पशु चिकित्सालय, हुसैनाबाद | 19.01.2026 पूर्वाहन 11:00 बजे |
| 02. | नौडिहा बाजार | दुर्गा मण्डप, पंचायत नामूदाग | 21.01.2026 पूर्वाहन 11:00 बजे |

अतः आप सभी पशुपालकों से आग्रह है कि कृत्रिम गर्भाधान से प्राप्त बछड़ा प्रदर्शनी मेला में भाग लेना सुनिश्चित करेंगे एवं जिन किसान भाईयों के पास कृत्रिम गर्भाधान से उत्पन बछड़ा हो वो बछड़ा प्रदर्शनी मेला में बछड़े के साथ भाग लेना चाहेंगे ताकि अन्य पशुपालक भी निःशुल्क कृत्रिम गर्भाधान का लाभ प्राप्त कर सके।

निवेदकः—
जिला पशुपालन पदाधिकारी,
पलामू।

PR 370516 (District) 25-26 (D)


# शिक्षा विभाग के फरमानों से उत्पन्न समस्याओं पर बीएसएसएस की बैठक



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**शेरघाटी।** भारतीय स्वतंत्र शिक्षण संघ के बैनर तले शनिवार को डोभी स्थित एक निजी स्कूल परिसर में शेरघाटी अनुमंडल इकाई की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अनुमंडल अध्यक्ष नवीन कुमार मिश्रा ने की। इस दौरान शिक्षा विभाग द्वारा समय-समय पर जारी किए जा रहे विभिन्न फरमानों से निजी विद्यालयों को हो रही समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में विद्यालय संचालकों ने कहा कि लगातार नए नियम और निर्देश जारी होने से शैक्षणिक कार्य प्रभावित हो रहा है। कई छोटे निजी विद्यालयों को रजिस्ट्रेशन, मान्यता, ऑनलाइन रिपोर्टिंग और अन्य प्रशासनिक प्रक्रियाओं को लेकर कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इन समस्याओं के समाधान के लिए संघ के माध्यम से सामूहिक रूप से पहल करने पर सहमति बनी। इसके अलावा आगामी नए शैक्षणिक सत्र को लेकर शिक्षण व्यवस्था, विद्यालय कैलेंडर, नामांकन प्रक्रिया और रजिस्ट्रेशन से संबंधित बिंदुओं पर भी चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि बच्चों की पढ़ाई प्रभावित न हो, इसके लिए सभी विद्यालय आपसी समन्वय के साथ कार्य करें। साथ ही शिक्षा विभाग से संवाद स्थापित कर व्यावहारिक समाधान निकालने की आवश्यकता पर जोर दिया गया। बैठक के दौरान संघ के सचिव कौशलेंद्र कुमार, शशिकांत कुमार, अर्जुन केशरी, सौरभ कुमार सहित दर्जनों निजी स्कूल संचालक उपस्थित रहे। सभी ने एकजुट होकर निजी विद्यालयों के हित में कार्य करने और भविष्य की रणनीति तैयार करने पर सहमति व्यक्त की। बैठक सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न हुई।


**IN THE COURT OF PRINCIPAL DISTRICT & SESSIONS JUDGE, BOKARO**

**Criminal Appeal No. 36/2025**

**Uday Kumar Singh ..... Petitioner**

**Versus**

**The State of Jharkhand & others....... Opp. Party**

**NOTICE**

AGAINST OPP. PARTY NO. 2:-
1) RAVI KUMAR, S/o Akhilesh Prasad Singh,
Resident of-Post + P.S.-Risiap, Near- Sarkari Hospital.
Centre ke Opposite, District-Aurangabad.
Office Address: Bharat Cycle Store.
C/o Akhilesh Prasad Singh, Opp. HDFC Bank. Aurangabad,
P.O.- Aurangabad, P.S.- Aurangabad,
District-Aurangabad, Bihar

WHEREAS the Petitioner had filed the above Criminal Appeal No. 36/2025 against you But you have not appeared in this Case in-spite of service of notice through Nazarat and Registered Post, hence, you are hereby informed through this publication to appear before this court on 17-01-2026 to answer your defence failing which the case will be heard ex-parte against you.

Given under my Signature and Seal
of this court on this 06-01-2026.

**Principal District & Sessions**
**Judge, Bokaro**



## प्राचार्य, मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज, पलामू

Bid Number:GEM/2026/B/7095872 (NIT)

मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल पलामू में 15 बेड़ **ICU** के लिये मशीन उपकरण क्रय करने हेतू नम्नांकित शर्तो के अधीन निविदा दिनांक 09.01.2026 के अपराह्न से आमंत्रित किया जाता है।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | 15 बेड़ **ICU** मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल पलामू |
|---|---|---|
| 1 | निविदा प्रकाशित होने की तिथि | दिनांक 09.01.2026 |
| 2 | DD का (Hard Copy) कार्यालय में स्पीड पोस्ट / रजि0 पोस्ट अथवा कुरियर से जमा करने की अंतिम तिथि | 09.02.2026 5 P.M तक |
| 3 | निविदा खोलने का तिथि, समय एवं स्थल | 10.02.2026 को प्राचार्य कार्यालय प्रकोष्ठ, 03 P.M |
| 4 | अग्रधन की राशि जो प्राचार्य, मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज पलामू के नाम से DD के रूप में मान्य होगा। | 260000.00 Refundable |
| 5 | निविदा आमंत्रित करने वाले का नाम एवं पता | प्राचार्य, मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज, पलामू, पोखराहा,पलामू (झारखण्ड) 822118 |

उक्त अंकित निहित समय तथा तिथि पर निविदा, क्रय समिति द्वारा तकनिकी भाग खोलते समय निविदा दात्ता अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते हैं। निविदाओं के तकनीकी भाग मूल्याकंन के पश्चात् ही सफल निविदा दाताओं का मूल्य भाग खोला जाएगा।

नोट :— निविदा की शर्ते आदि की जानकारी GEM PORTAL पर देखा/ डाउनलोड किया जा सकता है।

प्राचार्य
मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज, पलामू

PR 370579 District (25-26)_D

संपादकीय

# नप चुनाव : नैतिकता ताक पर

लगता है महाराष्ट्र में नगरीय निकायों के चुनावों में सत्ता के लिए विचारधारा, सिद्धांत और नैतिकता को पूरी तरह ताक पर रख दिया गया है। राज्य में पहले दौर में हुए नगर परिषद के चुनाव परिणाम आने के बाद कुर्सी के लिए कोई किसी से भी समझौता कर रहा है और इस पर पार्टी का कोई प्रभावी नियंत्रण नहीं है। कांग्रेस ने अपने पार्षदों को निकाला तो वो भाजपा में शामिल हो गए। ताजा मामला अंबरनाथ नगर परिषद का है, जहां भाजपा ने अपनी मुख्य प्रतिद्वंद्वी कांग्रेस तथा एनसीपी से और आकोट नगर परिषद में असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी एआईएमआईएम से ही हाथ मिला लिया। मामला ऊपर तक पहुंचा तो मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने कड़ी फटकार लगाई और चंद घंटों में ही यह अनैतिक गठबंधन टूट गया। लेकिन यह सवाल अभी बाकी है कि यह सब किसके इशारे पर किया गया था? अंबरनाथ नप में कुल साठ वार्ड हैं और परिषद में बहुमत के लिए 31 पार्षदों की जरूरत थी। चुनाव में शिंदे सेना सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी थी। लेकिन भाजपा ने चुनाव बाद कांग्रेस और राकांपा (अजित पवार) के साथ मिलकर 'अंबरनाथ विकास आघाड़ी' नाम से गठबंधन बना कर परिषद का नेतृत्व अपने हाथ में ले लिया और शिवसेना (शिंदे गुट) को सत्ता से बाहर कर दिया। इसी तरह अकोला जिले की आकोट नगर परिषद में भाजपा ने असदुद्दीन ओवैसी की एआईएमआईएम के साथ गठबंधन किया। हालांकि ये गठबंधन कुछ ही घंटों में टूट गया। क्योंकि सीएम देवेंद्र फडणवीस ने बुधवार को इन गठबंधन को खारिज कर ऐसे पार्टी नेताओं के खिलाफ कार्रवाई की चेतावनी दी। उधर कांग्रेस ने भी अंबरनाथ के अपने 12 पार्षदों को पार्टी से सस्पेंड कर दिया तो ये सभी भाजपा में शामिल हो गए। ऐसा कर उन्होंने कांग्रेस के प्रदेश नेतृत्व की कार्रवाई को भी ठेंगा बता दिया। जबकि कांग्रेस ने इन पार्षदों द्वारा भाजपा को समर्थन देने को अनुशासनहीनता माना था। इसी तरह आकोट में बीजेपी ने एआईएमआईएम के साथ 'आकोट विकास मंच' बनाया। इसमें शिवसेना के दोनों गुट, राकांपा के अजीत व शरद पवार गुट अजीत पवार की एनसीपी, बच्चू कडू के नेतृत्व वाली प्रहार जनशक्ति पार्टी भी शामिल है। बीजेपी ने 35 सदस्यीय परिषद में 11 सीटों पर चुनाव जीता, जबकि दो सीटों पर चुनाव होना बाकी है। बीजेपी ने यह मंच बनाकर 25 की संख्या हासिल कर ली और पार्टी की माया धुले अध्यक्ष चुनी गईं। इसकी भाजपा में तीव्र प्रतिक्रिया हुई। महाराष्ट्र बीजेपी अध्यक्ष रवींद्र चह्वाण ने इस पर आकोट विधायक प्रकाश भारसाखले को 'कारण बताओ नोटिस' जारी कर जवाब मांगा है। इस बीच राज्य में सत्तारूढ़ महायुति के सदस्यों राकांपा अजीत और भाजपा के बीच भी सार्वजनिक रूप से हमले और वाक् युद्ध जारी है। हाल में अजीत पवार ने भाजपा द्वारा उन पर 70 हजार करोड़ के घोटाले के आरोप का मजाक उड़ाया। इस भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष चंद्रकांत बावनकुले ने चेताया कि अजीत हमारा मुंह न खुलवाएं। भले ही उन्हें घोटाले के आरोपों से क्लीनचिट मिल गई हो, लेकिन पुरानी फाइलें फिर से खुल सकती हैं। वैसे महाराष्ट्र में अजीत पवार अपनी अलग राजनीति कर रहे हैं। उन्हें सावरकर को मानने से इंकार कर दिया तो दूसरी तरफ वो अपने चाचा शरद पवार से भी पूरी तरह हाथ मिलाए हुए हैं। दूसरी तरफ भाजपा महाराष्ट्र में ज्यादा से ज्यादा नगरीय निकायो और खासकर बृहन्मुबंई महापालिका में अपनी सत्ता देखना चाहती है। यूं कहने को महायुति मिलकर चुनाव लड़ रही है, लेकिन निचले स्तर पर हर कोई अपनी अपनी पार्टी को मजबूत करने और इसके लिए हर संभव समझौते करने में जुटा है। यानी राज्य में नगरीय निकाय चुनावों के बाद नई राजनीति देखने को मिल सकती है।

# ट्रंप की धमकियां और भारत की रणनीति

**राजनीतिक विरोधी इसे कमजोरी मान रहे हैं, लेकिन इतिहास यह दिखाता है कि धैर्य और रणनीति के साथ काम करना कभी-कभी तेज प्रतिक्रिया से अधिक प्रभावशाली होता है। इतिहास में अगर पीछे देखें तो यह रणनीति नई नहीं है। 1971 में जब भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध की परिस्थितियाँ गंभीर हो रही थीं, पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने अमेरिकी राष्ट्रपति रिचर्ड निक्सन और उनके राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार हेनरी किसिंजर के दबाव का सामना चुप्पी और कूटनीतिक चालाकी के साथ किया था। पूर्वी पाकिस्तान में पाकिस्तानी सेना के अत्याचार से लाखों शरणार्थी भारत में आ रहे थे। इंदिरा गांधी ने अमेरिका की ओर से किसी भी हस्तक्षेप की अपेक्षा जताई, लेकिन ओवल ऑफिस में निक्सन ने उन्हें 45 मिनट तक इंतजार कराया। इस दौरान निक्सन की भाषा और रवैया भारतीय हितों के प्रति विरोधी था।**

**अजय कुमार**

वर्तमान में भारत और अमेरिका के बीच कूटनीतिक रिश्ते फिर से सुर्खियों में हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के भारत पर टैरिफ बढ़ाने और रूस से तेल खरीद को लेकर बयान जारी करने ने दोनों देशों के संबंधों में तनाव पैदा किया है। ट्रंप ने साफ किया कि यदि भारत उनके अनुरूप कदम नहीं उठाएगा, तो अमेरिका शुल्क और बढ़ा सकता है। हालांकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सार्वजनिक मंच पर इन आरोपों का प्रत्यक्ष जवाब नहीं दिया, बल्कि संयम और रणनीति के साथ नीति बनाए रखी। राजनीतिक विरोधी इसे कमजोरी मान रहे हैं, लेकिन इतिहास यह दिखाता है कि धैर्य और रणनीति के साथ काम करना कभी-कभी तेज प्रतिक्रिया से अधिक प्रभावशाली होता है। इतिहास में अगर पीछे देखें तो यह रणनीति नई नहीं है। 1971 में जब भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध की परिस्थितियाँ गंभीर हो रही थीं, पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने अमेरिकी राष्ट्रपति रिचर्ड निक्सन और उनके राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार हेनरी किसिंजर के दबाव का सामना चुप्पी और कूटनीतिक चालाकी के साथ किया था। पूर्वी पाकिस्तान में पाकिस्तानी सेना के अत्याचार से लाखों शरणार्थी भारत में आ रहे थे। इंदिरा गांधी ने अमेरिका की ओर से किसी भी हस्तक्षेप की अपेक्षा जताई, लेकिन ओवल ऑफिस में निक्सन ने उन्हें 45 मिनट तक इंतजार कराया। इस दौरान निक्सन की भाषा और रवैया भारतीय हितों के प्रति विरोधी था। बाद में सार्वजनिक हुई अमेरिकी दस्तावेज़ों और टेप रिकॉर्डिंग्स में निक्सन ने भारतीयों के लिए अपमानजनक शब्द इस्तेमाल किए, जबकि किसिंजर ने इंदिरा गांधी और भारतीय महिलाओं के प्रति आपत्तिजनक टिप्पणियां कीं। निक्सन का झुकाव पाकिस्तान की ओर था। कोल्ड वॉर के समय पाकिस्तान अमेरिका का मोहरा था, जबकि भारत पर दबाव डालकर युद्ध रोकने की कोशिश की जा रही थी। 3 दिसंबर 1971 को पाकिस्तान ने भारत के पश्चिमी मोर्चे पर हमला किया। इंदिरा गांधी ने 5 दिसंबर को निक्सन को खत लिखा, लेकिन अमेरिकी राष्ट्रपति ने सुनवाई नहीं की। उल्टे, उन्होंने बंगाल की खाड़ी में अपना सातवां बेड़ा, यूएसएस एंटरप्राइज, भेजा। यह बेड़ा परमाणु हथियारों से लैस था और भारत पर दबाव बनाने के लिए तैनात किया गया था। अमेरिकी दस्तावेज़ों के अनुसार, बेड़े को नागरिकों को निकालने के बहाने भेजा गया, लेकिन असल मकसद भारत को डराना था। इंदिरा गांधी ने निक्सन की धमकियों का जवाब शब्दों में नहीं दिया। न कोई भाषण, न प्रेस कॉन्फ्रेंस में तीखी टिप्पणी। उन्होंने समझ लिया कि जोर से बोलने वाला नेता अक्सर कमजोरी छिपा रहा होता है। इसके बजाय इंदिरा गांधी ने रणनीतिक कदम उठाए। अगस्त 1971 में भारत ने सोवियत संघ के साथ मैत्री संधि की, जो 20 वर्षों के लिए थी। यह वैचारिक झुकाव नहीं, बल्कि सुरक्षा कवच था। सोवियत संघ ने भारत को हथियार और कूटनीतिक समर्थन दिया। युद्ध शुरू हुआ तो भारतीय सेना ने महज 13 दिनों में पाकिस्तान को घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया। 16 दिसंबर 1971 को ढाका में पाकिस्तानी कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल एएके नियाजी ने 93,000 सैनिकों के साथ समर्पण किया। इस प्रकार बांग्लादेश का जन्म हुआ और दक्षिण एशिया का नक्शा बदल गया।



आज के दौर में ट्रंप की शैली निक्सन जैसी ही है। वे भी बड़बोले हैं, सहयोगियों को अपमानित करते हैं, विरोधियों की तारीफ करते हैं और अपने बयान पलट देते हैं। भारत को कभी दोस्त कहते हैं, तो कभी टैरिफ की धमकी देते हैं। 5 जनवरी 2026 को ट्रंप ने कहा कि अगर भारत रूस से तेल खरीदना नहीं रोकेगा तो टैरिफ बढ़ा सकते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि मोदी उन्हें खुश करना चाहते हैं, क्योंकि मुझे खुश करना जरूरी है। ट्रंप ने दावा किया कि मोदी उनसे मिलने की गुहार कर रहे थे, लेकिन भारत ने इसे खंडन किया। विदेश मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि ऐसी कोई बातचीत नहीं हुई। संख्या और आंकड़ों पर नजर डालें। 2024-25 में भारत ने रूस से 35 प्रतिशत कच्चा तेल खरीदा, जो 2021-22 के 2 प्रतिशत से बढ़ा था। ट्रंप के दबाव के बाद भारत ने इसे 25 प्रतिशत तक कम किया। अमेरिकी सीनेटर लिंडसे ग्राहम के अनुसार, यह रणनीतिक संतुलन का संकेत है। ट्रंप का उद्देश्य रूस को अलग-थलग करना है, लेकिन भारत ने अपनी ऊर्जा सुरक्षा और राष्ट्रीय हित को प्राथमिकता दी। 2025 में भारत-अमेरिका व्यापार 200 अरब डॉलर से अधिक था, जिसमें अमेरिका का 36 अरब डॉलर का व्यापार घाटा शामिल था।

ट्रंप ने भारत को टैरिफ किंग कहा क्योंकि भारत अमेरिकी उत्पादों पर 100-200 प्रतिशत तक शुल्क लगाता है। लेकिन मोदी ने इन बयानबाजी का सार्वजनिक जवाब नहीं दिया। इसके बजाय वे डायलॉग और कूटनीतिक संपर्क पर भरोसा करते रहे। 2019 में ह्यूस्टन और 2020 में अहमदाबाद में आयोजित कार्यक्रम हाउडी मोदी और नमस्ते ट्रंप ने सौहार्द्र दिखाया। कश्मीर पर ट्रंप के मध्यस्थता वाले बयान पर भी मोदी चुप रहे, लेकिन नीति स्पष्ट रखी, कोई तीसरा पक्ष नहीं। रूस से 5.43 अरब डॉलर की एस-400 मिसाइल डील भी अमेरिकी दबाव के बावजूद पूरी की गई। इंदिरा गांधी और मोदी की रणनीति में समानता साफ है। दोनों जानते थे कि अमेरिकी राष्ट्रपति अस्थायी हैं, लेकिन राष्ट्रहित स्थायी। निक्सन और ट्रंप दोनों ही तमाशे की राजनीति में विश्वास रखते हैं। निक्सन को वाटरगेट स्कैंडल के कारण इस्तीफा देना पड़ा, जबकि ट्रंप की नीतियों पर वैश्विक आलोचना हो रही है। इंदिरा ने गुटनिरपेक्षता अपनाई, मोदी इसे स्ट्रेटेजिक ऑटोनॉमी कहते हैं। दोनों का मूल मंत्र किसी से दुश्मनी नहीं, अपनी दोस्ती पहले।

विपक्ष मोदी की चुप्पी को कमजोरी बता रहा है। कांग्रेस उन्हें डरपोक पीएम कह रही है। लेकिन 1971 में भी इंदिरा पर ऐसे आरोप लगे थे। ढाका में पाकिस्तान के समर्पण से पहले लोग कहते थे कि वे अमेरिका के आगे झुक रही हैं। मगर इंदिरा ने साबित किया कि खामोश कूटनीति में ताकत है। मोदी भी यही कर रहे हैं। रूस से तेल खरीद कम कर भारत ने ट्रंप को संदेश दिया, लेकिन पूरी तरह नहीं रोका। 2025 के आंकड़ों से पता चलता है कि भारत ने रूसी तेल आयात 20 प्रतिशत घटाया, लेकिन सऊदी अरब और इराक से बढ़ाया। ट्रंप की धमकियां भारत की अर्थव्यवस्था पर असर डाल सकती हैं। यदि 500 प्रतिशत टैरिफ लगाया गया तो भारतीय निर्यात पर लगभग 8 लाख करोड़ रुपये का प्रभाव पड़ सकता है। लेकिन मोदी का संयम यह दिखाता है कि भारत अब वैश्विक मंच पर मजबूत है। 1971 में भारत की जीडीपी 67 अरब डॉलर थी, जबकि अब यह 3.5 ट्रिलियन डॉलर से अधिक है। अमेरिका के साथ रक्षा सौदे 20 अरब डॉलर के हैं। मोदी ने रूस के साथ भी संबंध मजबूत रखे; 2025 में पुतिन से 5 मुलाकातें हुईं। इतिहास बताता है कि धैर्य से बड़े फैसले लिए जाते हैं। इंदिरा ने निक्सन की बदतमीजी का जवाब बांग्लादेश बनाकर दिया। मोदी ट्रंप की धमकियों का जवाब मजबूत अर्थव्यवस्था और बहुपक्षीय कूटनीति से दे रहे हैं। ट्रंप कहते हैं कि भारत उन्हें खुश करे, लेकिन भारत की विदेश नीति किसी एक नेता पर निर्भर नहीं। आजादी के बाद से भारत ने कभी आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप नहीं सहा, चाहे निक्सन हो या ट्रंप। इतिहास साबित करता है कि भारत की ताकत शोर में नहीं, संयम और रणनीति में है।

अध्यात्म

## मन की शक्ति अभ्यास से आती है



यह बात उन दिनों की है जब स्वामी विवेकानंद देश भ्रमण में थे. साथ में उनके एक गुरु भाई भी थे. स्वाध्याय, सत्संग एवं कठोर तप का अविराम सिलसिला चल रहा था. जहां कहीं अच्छे ग्रंथ मिलते, वे उनको पढ़ना नहीं भूलते थे. किसी नयी जगह जाने पर उनकी सब से पहली तलाश किसी अच्छे पुस्तकालय की रहती. एक जगह एक पुस्तकालय ने उन्हें बहुत आकर्षित किया. उन्होंने सोचा, क्यों न यहां थोड़े दिनों तक डेरा जमाया जाये. उनके गुरुभाई उन्हें पुस्तकालय से संस्कृत और अंगरेजी की नयी-नयी किताबें लाकर देते थे. स्वामीजी उन्हें पढ़कर अगले दिन वापस कर देते.

रोज नयी किताबें वह भी पर्याप्त पृष्ठों वाली इस तरह से देते एवं वापस लेते हुए उस पुस्तकालय का अधीक्षक बड़ा हैरान हो गया. उसने स्वामी जी के गुरु भाई से कहा, क्या आप इतनी सारी नयी-नयी किताबें केवल देखने के लिए ले जाते हैं? यदि इन्हें देखना ही है, तो मैं यों ही यहां पर दिखा देता हूं. रोज इतना वजन उठाने की क्या जरूरत है.लाइब्रेरियन की इस बात पर स्वामी जी के गुरु भाई ने गंभीरतापूर्वक कहा, जैसा आप समझ रहे हैं वैसा कुछ भी नहीं है. हमारे गुरु भाई इन सब पुस्तकों को पूरी गंभीरता से पढ़ते हैं, फिर वापस करते हैं.इस उत्तर से आश्चर्यचकित होते हुए लाइब्रेरियन ने कहा, यदि ऐसा है तो मैं उनसे जरूर मिलना चाहूंगा. अगले दिन स्वामी जी उससे मिले और कहा, महाशय, आप हैरान न हों. मैंने न केवल उन किताबों को पढ़ा है, बल्कि उनको याद भी कर लिया है. इतना कहते हुए उन्होंने वापस की गयी कुछ किताबें उसे थमायी और उनके कई महत्वपूर्ण अंशों को शब्दशः सुना दिया.लाइब्रेरियन चकित रह गया. उसने उनकी याददाश्त का रहस्य पूछा. स्वामी जी बोले, अगर पूरी तरह एकाग्र होकर पढ़ा जाए, तो चीजें दिमाग में अंकित हो जाती हैं. पर इसके लिए आवश्यक है कि मन की धारणशक्ति अधिक से अधिक हो और वह शक्ति अभ्यास से आती है.

# अस्तित्व के लिए जूझ रहे सुंदरवन डेल्टा के द्वीप

**पश्चिम बंगाल के 24 परगना जिले में गंगा नदी के मुहाने पर स्थित गंगासागर द्वीप एक ऐसा महत्वपूर्ण धार्मिक और सांस्कृतिक स्थल है जहां मकर संक्रांति के दिन इसका महत्व और अधिक बढ़ जाता है। इस दिन गंगा नदी का पानी कुछ घंटों के लिए हट जाता है, जिससे द्वीप का अधिकांश हिस्सा दिखाई देने लगता है। यह घटना ज्वार-भाटा के कारण होती है, जब चंद्रमा और सूर्य की गुरुत्वाकर्षण शक्ति के कारण समुद्र का पानी नीचे चला जाता है। इसी कारण तीर्थटन के लिए निकले यात्रियों और पर्यटकों की जुबान से निकल ही पड़ता है, सारे तीरथ बारम्बार गंगासागर एक बार!**

**ब्रजेश कानूनगो**

इस दिन लाखों लोग गंगासागर द्वीप पर आते हैं और गंगा स्नान करते हैं। यह एक महत्वपूर्ण धार्मिक आयोजन है, जिसे मकर संक्रांति के रूप में मनाया जाता है। गंगासागर द्वीप का इतिहास और संस्कृति बहुत पुरानी और समृद्ध है। यह द्वीप हिंदू धर्म में बहुत महत्वपूर्ण माना जाता है, क्योंकि यहां कपिल मुनि का आश्रम है, जो भगवान विष्णु के अवतार माने जाते हैं। कपिल मुनि ने यहां तपस्या की थी और भगवान विष्णु ने उन्हें आत्मज्ञान प्रदान किया था। यहां के लोग मुख्य रूप से बंगाली भाषा बोलते हैं और उनकी जीवनशैली में हिंदू धर्म की बहुत बड़ी भूमिका है। द्वीप पर कई मंदिर और आश्रम स्थित हैं।

यहां धार्मिक आस्था के एक प्रमुख तीर्थ के भौगोलिक, पर्यावरणीय, सामाजिक, आर्थिक पक्ष और जनजीवन को एक घुमक्कड़ी दृष्टि से समझने का प्रयास दिलचस्प होगा। इस द्वीप का क्षेत्रफल लगभग 300 वर्ग किलोमीटर है और यह कोलकाता से लगभग 150 किलोमीटर दक्षिण में स्थित है। यह द्वीप गंगा डेल्टा का एक हिस्सा है और यहां मैंग्रोव के जंगल, जलमार्ग और छोटी नदियां हैं। द्वीप का जलवायु उष्णकटिबंधीय है और यहां औसत तापमान 26 डिग्री सेल्सियस रहता है। द्वीप पर मैंग्रोव के जंगल यहां के पारिस्थितिकी तंत्र को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

दरअसल, गंगासागर भूकटाव और प्राकृतिक खतरों से लगातार प्रभावित हो रहा है। 1969 में इस द्वीप का क्षेत्रफल लगभग 255 वर्ग किलोमीटर था, जो अब कम होकर 224.3 वर्ग किलोमीटर हो गया है। यह लगभग 31 वर्ग किलोमीटर की कमी है। समुद्र का बढ़ता जलस्तर, तटीय कटाव, चक्रवाती तूफान, ज्वारीय लहरें तथा मानव गतिविधियों से होने वाले पर्यावरण परिवर्तन के कारण होने वाला यह कटाव इस द्वीप के अस्तित्व के लिए गंभीर चिंता की वजह बना हुआ है। द्वीप का क्षेत्रफल लगातार कम हो रहा है, जिससे स्थानीय लोगों की जीवनशैली और जीविका प्रभावित हो रही है। इसके अलावा, द्वीप के मैंग्रोव जंगलों का विनाश हो रहा है, जिससे जैव विविधता पर भी खतरा मंडरा रहा है।

पिछले दिनों हमने पश्चिम बंगाल की यात्रा पर निकले ट्रेवलर ब्लॉगर नोमेडिक इंडियन के दीपांशु सांगवान के कई यूट्यूब वीडियो देखे। यात्रा के दौरान उन्होंने न सिर्फ गंगासागर बल्कि डेल्टा क्षेत्र के अन्य द्वीपों की यात्रा की और वीडियो और ब्लॉग बनाए। वे घोरमारा द्वीप में भी गए।

सुंदरबन डेल्टा में स्थित घोरमारा द्वीप (त्ढ्ढश्वह्म्ड्डद्वड्डह्म्ड्ड ढ्ढह्यद्यड्डठ्ठस्र) आज दुनिया के उन हिस्सों में से एक है जो जलवायु परिवर्तन और समुद्र के बढ़ते जलस्तर की मार सबसे पहले और सबसे बुरी तरह झेल रहे हैं। कोलकाता से लगभग 92 किलोमीटर दूर स्थित यह द्वीप धीरे-धीरे नदी और समुद्र में समा रहा है।



ट्रेवलर के वीडियो में देखकर और अध्ययन से यहां के जनजीवन और भविष्य की स्थिति को सहजता से समझा जा सकता है। इसका भूगोल सिकुड़ता जा रहा है पिछले 40-50 वर्षों में इस द्वीप ने अपने क्षेत्रफल का लगभग 50 प्रतिशत से अधिक हिस्सा खो दिया है। एक समय यह द्वीप करीब 26 वर्ग किलोमीटर में फैला था, जो अब घटकर 4-5 वर्ग किलोमीटर के आसपास रह गया है। हुगली और मुरीगंगा नदियों के संगम पर स्थित होने के कारण यहाँ मिट्टी का कटाव (श्वह्म्श्वह्यद्बश्ठ्ठ) बहुत तीव्र है। हर पूर्णिमा और अमावस्या के ज्वार के साथ घोरमारा द्वीप का कुछ हिस्सा बह जाता है।

यहां के निवासियों का जीवन भी बहुत चुनौतीपूर्ण है। जनजीवन में यहाँ के लोगों का मुख्य पेशा खेती (विशेषकर पान की खेती और चावल) और मछली पकड़ना था। लेकिन समुद्र का खारा पानी खेतों में घुसने से जमीन बंजर हो रही है। द्वीप पर पक्की सड़कों और बिजली का अभाव है। लोग मुख्य रूप से सोलर पैनल और केरोसिन पर निर्भर हैं। यहाँ केवल कुछ ही स्कूल और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बचे हैं। कुछई रिक्शा द्वीप में परिवहन के साधन बने हैं। द्वीप के डूबने के डर से लोग यहाँ अपनी बेटियों की शादी करने से कतराते हैं। यहाँ के पुरुषों को काम की तलाश में दक्षिण भारत या कोलकाता पलायन करना पड़ता है। घोरमारा के हजारों लोग पहले ही पास के सागर द्वीप या मुख्य भूमि पर शरण ले चुके हैं। जो लोग अब भी वहाँ रह रहे हैं, वे या तो बहुत गरीब हैं या उनके पास कहीं और जाने का साधन नहीं है। इन्हें अक्सर 'भारत के पहले जलवायु शरणार्थी' कहा जाता है। घोरमारा द्वीप पर तूफान के समय लोगों के बचाव के लिए विशेष सेंटर बनाए गए हैं, जिन्हें शेल्टर होम कहा जाता है। ये शेल्टर होम 350 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से आने वाली हवाओं को भी झेल सकते हैं और लोगों को सुरक्षित रखने के लिए डिज़ाइन किए गए हैं। इन शेल्टर होम्स में 2000 से 3000 लोगों को रखा जा सकता है। घोरमारा द्वीप के पहले इसी डेल्टा क्षेत्र का लोहाचारा द्वीप समाप्त हो गया था। यह द्वीप भी सुंदरबन डेल्टा में स्थित था और जलवायु परिवर्तन, समुद्र के बढ़ते जलस्तर और तटीय कटाव के कारण पूरी तरह से डूब गया था। 1980 के दशक तक यह द्वीप बसा हुआ था, लेकिन 1990 के दशक तक यह पूरी तरह से पानी में डूब गया था। लोहाचारा द्वीप को दुनिया का पहला ऐसा बसा हुआ द्वीप माना जाता है जो जलवायु परिवर्तन के कारण पूरी तरह से समुद्र में डूब गया है। डेल्टा क्षेत्र के अन्य डूबते द्वीपों की तरह गंगासागर के क्षरण को लेकर सरकारों की चिंता का अपना बड़ा महत्व हो जाता है। किन उपायों और परियोजनाओं को प्राथमिकता से लागू किया जाता है, यह भी ध्यान दिया जाना चाहिए।

गंगासागर द्वीप के संरक्षण के लिए कई कदम उठाए जा रहे हैं। सरकार ने नदियों के प्रदूषण को कम करने और जल गुणवत्ता में सुधार करने के लिए गंगा एक्शन प्लान शुरू किया है। इसके तहत सीवेज ट्रीटमेंट प्लेंट्स, नदी के किनारे बागवानी, और सार्वजनिक जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। इसके अलावा, सरकार ने द्वीप के आसपास के क्षेत्रों में मैंग्रोव वृक्षारोपण करने की योजना बनाई है, जो तटीय कटाव को रोकने में मदद करेगा । यहां एक गहरे पानी का बंदरगाह बनाने की योजना है, जो यहां के आर्थिक विकास को बढ़ावा देगा। सरकार ने तटीय क्षेत्रों में ऐसे कई शेल्टर होम बनाए हैं, जो तूफान और बाढ़ के समय लोगों को सुरक्षित रखने के लिए उपयोग किए जाते हैं। इन शेल्टर होम्स में लोगों को भोजन, पानी, चिकित्सा सुविधा और अन्य आवश्यक सेवाएं प्रदान की जाती हैं । इसके अलावा, सरकार यहां के पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए भी काम कर रही है।

## आज का कार्टून

वेनेजुएला पर अमेरिकी कार्रवाई के खिलाफ भारत मलेशिया और अन्य देशों की तरह खुलकर नहीं बोला




## राशिफल

**मेष**
कार्यक्षेत्र में लोग आपके विरुद्ध हो सकते हैं। युवा जातक प्रेमी जन से प्रणय निवेदन कर सकते हैं। स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्याओं की सम्भावना बन रही है।

**वृषभ**
यदि पार्टनरशिप में कोई व्यापार कर रहे हैं, तो उसमें पारदर्शिता अवश्य रखें। महत्वपूर्ण वस्तुओं को सँभाल कर रखें। नकदी की समस्या दूर हो सकती है।

**मिथुन**
आपकी कलात्मक क्षमताओं का विकास होगा। बच्चों के लिये कुछ उपहार ले सकते हैं। परिवार में आपका वर्चस्व बढ़ेगा। पुरानी यादें दोबारा ताजा होंगी।

**कर्क**
अपनी उपलब्धियों का ज्यादा बखान न करें। कार्यक्षेत्र में कड़ी मेहनत के बाद सफलता मिलेगी। नये कार्यों की शुरुआत करने की योजना बना सकते हैं।

**सिंह**
आज आपको काफी मेहनत करना पड़ेगा। स्वयं द्वारा बनाये हुये नियमों और सिद्धान्तों की अवहेलना न करें। रात के समय सड़क यात्रा करने से बचें।

**कन्या**
कार्यक्षेत्र के विघ्नों पर विजय प्राप्त कर लेंगे। प्रेम सम्बन्धों में परस्पर समर्पण की भावना में वृद्धि होगी। घर के बड़े-बुजुर्ग आपसे काफी प्रसन्न रहेंगे।

**तुला**
अपनी महत्वाकांक्षाओं को पूरा करने के लिये परिश्रम करेंगे। विदेश यात्रा से धन लाभ मिलेगा। पाचन तन्त्र में कुछ परेशानी हो सकती है।

**वृश्चिक**
जीवनसाथी आपसे किसी कारण नाराज हो सकते हैं। व्यर्थ के प्रपंचों से आपको दूर रहना चाहिये। आपको सहकर्मियों का साथ नहीं मिलेगा।

**धनु**
जिस काम में मन न लग रहा हो, तो उसे बिल्कुल न करें। सामाजिक और व्यावसायिक क्षेत्र में नये विरोधी उभर सकते हैं। प्रेम सम्बन्धों में शंका की भावना न पनपने दें।

**मकर**
मांगलिक कार्यक्रम में सम्मिलित होने का अवसर मिलेगा। कुँवारे व्यक्तियों को विवाह के अवसर मिलने के योग बन रहे हैं। सरकारी नौकरी में कार्यभार बढ़ेगा। सन्तान की उपलब्धि से प्रसन्न होंगे।

**कुंभ**
विद्यार्थी पढ़ाई के साथ-साथ कुछ अतिरिक्त जॉब करने की योजना बनायेंगे। आपके जीवनस्तर में वृद्धि होगी। वैवाहिक जीवन में प्रेम भाव बढ़ेगा।

**मीन**
घर में सकारात्मक ऊर्जा बनी रहेगी। सम्पत्ति के मामलों में विजय प्राप्त हो सकती है। कारोबारी उद्देश्य से यात्रा हो सकती है। नया व्यापार शुरू करने में सफलता मिलेगी।

## संक्षिप्त समाचार

### पीएम किसान सम्मान निधि योजना शिविर का कृषि मंत्री रामकृपाल यादव ने किया निरीक्षण

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** कृषि मंत्री रामकृपाल यादव शनिवार को हथियाकांध पंचायत भवन में आयोजित पीएम किसान सम्मान निधि योजना शिविर का निरीक्षण किया. श्री यादव निरीक्षण के दौरान सीओ चंदन कुमार समेत किसान सलाहकार को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये. शिविर में आये किसानों ने मंत्री श्री यादव से अपनी समस्याओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी. जिसपर मंत्री श्री यादव ने सीओ, किसान सलालकार व कृषि समन्वयक को किसानों की समस्याओं को जल्द निदान करने का सख्त निर्देश दिया है. निरीक्षण के दौरान सीओ चंदन कुमार, किसान समन्वयक अध्यक्ष नरेंद्र कुमार, भाजपा ग्रामीण अध्यक्ष अवधेश सिंह, राकेश सिंह, सुबोध यादव, संजय सिंह, राजू यादव , जीतन शर्मा समेत आदि कार्यकर्ता मौजूद थे।



### पीएम किसान सम्मान निधि के लिए पंचायत भवन में लगा शिविर

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पीएम किसान सम्मान निधि योजना की 22 वीं किस्त सहित अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ किसानों तक सुनिश्चित कराने को लेकर शनिवार को हथियाकांध पंचायत व जमसौत पंचायत भवन में फार्मर रजिस्ट्री सह ई-केवाइसी शिविर का आयोजन किया गया. शिविर में बड़ी संख्या में किसान पहुंचे और अपनी औपचारिकताएं पूरी कराई. शिविर के दौरान कृषि समन्वयक, राजस्व कर्मी व किसान सलाहकार मौजूद रहे. अधिकारियों की देखरेख में किसान सम्मान निधि योजना का लाभ ले रहे किसानों का ई-केवाइसी किया गया, वहीं जिन किसानों के नाम पर स्वयं की जमीन दर्ज है, उनकी फार्मर रजिस्ट्री की प्रक्रिया पूरी करायी गयी.दोपहर में सर्वर डाउन होने के कारण किसानों को भारी परेशानियों उठना पडा . जमसौत पंचायत शिविर में 54 फार्मर का रजिस्ट्रेशन और 61 ई-केवाइसी किया गया है और हथियाकांध पंचायत में 37 फार्मर रजिस्ट्रेशन किया गया है.

### दुलारचंद हत्याकांड को लेकर निकाला न्याय मार्च

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बाढ़ में शनिवार को गुलाबबाग से कोर्ट एरिया तक दुलारचंद हत्याकांड को लेकर पुलिस कार्रवाई नहीं होने के विरोध में न्याय मार्च निकाला गया। इसमें उत्तर प्रदेश के मेरठ से आए गगन यादव और संतोष रेनू यादव के द्वारा पुलिस कार्रवाई पर नाराजगी जताई गई। बाद में गुलाब बाग में हुई न्याय महासभा के बाद हाईवे पर करीब 3 किलोमीटर का रोड मार्च निकाला गया। बाद में जुलूस अनुमंडल कार्यालय पहुंचा। एसडीओ आशीष कुमार को प्रतिनिधिमंडल ने ज्ञापन सौंप कर हत्याकांड में कार्रवाई कर न्याय दिलाने की मांग की गई। नेताओं ने कहा कि जब तक पीड़ित परिवार को न्याय नहीं मिलेगा, संघर्ष जारी रहेगा।

### मनरेगा का नाम बदलने का कांग्रेस ने किया विरोध

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बाढ़ के कांग्रेस मैदान में शनिवार को पटना जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण दो की शनिवार को जिलाध्यक्ष गुरजीत सिंह की अध्यक्षता में हुई संगोष्ठी में मनरेगा का नाम बदल कर नई नीति बनाने का विरोध किया गया। इस दौरान मनरेगा बचाओ अभियान की शुरूआत की गई है ।मौके पर जिला पर्यवेक्षक राजेंद्र चौधरी, पूर्व विधायक डॉ विनोद यादव, श्याम देव सिंह चौहान, धर्मवीर कुमार, रविंद्र सिंह, विजय सिंह,आमोदी सिंह आदि मौजूद रहे।

### कटिहार इंटरसिटी एक्सप्रेस का इंजन फेल डेढ़ घंटे तक रुकी रही

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** दानापुर मंडल रेल के बाढ़ रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या दो पर डॉ पटना कटिहार इंटरसिटी एक्सप्रेस दोपहर 4:30 के आसपास प्लेटफार्म संख्या दो पर आकर खड़ा हुई सिग्नल हरा होने के बाद ड्राइवर ने जब ट्रेन को चलाने का प्रयास किया तो इंजन में खराबी आ गई। जिसके चलते ड्राइवर के द्वारा इसकी जानकारी बाढ़ रेलवे पैनल और दानापुर मंडल को दी गई और इस दौरान ड्राइवर और तकनीकी रेलवे स्टाफ के द्वारा बड़े प्रयास के बाद करीब डेढ़ घंटे तक मेहनत करने पर इंजन फिर से स्टार्ट हो गई। इस दौरान मोकामा जाने वाली कई ट्रेनों को प्लेटफार्म संख्या एक से होकर गुजरना पड़ा। वहीं करीब 6:00 बजे के आसपास ट्रेन बाढ़ से मोकामा के लिए रवाना हुई इस दौरान ट्रेन पर बैठे यात्री काफी परेशान रहे और कई यात्रियों ने तो हटिया पूर्णिया एक्सप्रेस कोशी पड़कर आगे की यात्रा शुरू की।

### जगन्नाथन हाई स्कूल बाढ़ में विद्यालय प्रबंधन समिति गठन

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अनुमंडल स्थित जगन्नाथन हाई स्कूल, बाढ़ परिसर में विद्यालय प्रबंधन समिति के गठन सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ।इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में बाढ़ विधायक डॉ. सियाराम सिंह उपस्थित रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के तौर पर डॉ. अंजेश कुमार ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। समारोह में बाढ़ नगर परिषद अध्यक्ष संजय कुमार उर्फ गाय माता, शहरी मुखिया जोगी सिंह, गौशाला अध्यक्ष नवीन कुमार, समाजसेवी प्रिय रंजन कुमार, भाजपा नगर अध्यक्ष सह विश्वसूत्री अध्यक्ष संजय कुमार शाह, प्रखंड शिक्षा अधिकारी अमित कुमार, राज कुमार राजू, वार्ड सदस्य मिथिलेश कुमार तथा वन विभाग के अधिकारी भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के प्रभारी प्रधानाचार्य मनोज कुमार द्वारा सभी आगत अतिथियों को अंगवस्त्र एवं फूल माला देकर सम्मानित किया गया। समारोह में विद्यालय के सर्वांगीण विकास, शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार तथा विद्यालय प्रबंधन समिति की भूमिका पर विस्तार से चर्चा की गई।

### बढ़ते अपराध पर कंट्रोल करे सरकार, घायल से मिले विधायक व नप अध्यक्ष

**मनेर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सोना चांदी व्यवसाई संजय कुमार सोनी के साथ लूट के दौरान जानलेवा हमले की विधायक भाई वीरेंद्र ने तीखी निंदा की है। उन्होंने कहा कि सरकार अपराध पर कंट्रोल करें नहीं तो व्यवसाइयों का भरोसा नहीं रहेगा। विधायक भाई वीरेंद्र और नगर परिषद के अध्यक्ष विद्याधर विनोद सिंह घायल संजय कुमार सोनी से मिलने अस्पताल पहुंचे। वहीं उन्होंने कहा कि इस घटना में शामिल अपराधी कोई भी हो उसकी शीघ्र गिरफ्तारी की जाए,इसके लिए वरीय अधिकारियों से भी मिलेंगे। मौके पर पर पार्षद प्रतिनिधि रणवीर सिंह, सनोज कुमार सहित अन्य मौजूद थे।

### जिला आपदा प्रबंधन शाखा के प्रधान लिपिक कुंदन कुमार का असामयिक निधन

**छपरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिला आपदा प्रबंधन शाखा, सारण में पदस्थापित प्रधान लिपिक कुंदन कुमार का असामयिक निधन हो गया। उनके निधन की सूचना से समाहरणालय सहित जिले के प्रशासनिक महकमे में शोक की लहर दौड़ गई। दिवंगत कुंदन कुमार की स्मृति में समाहरणालय परिसर में शोक सभा का आयोजन किया गया। शोक सभा में जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। सभी ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। शोक सभा के दौरान उपस्थित अधिकारियों और कर्मियों ने कुंदन कुमार को एक कर्तव्यनिष्ठ, सरल एवं सहयोगी कर्मचारी बताते हुए उनके आकस्मिक निधन पर गहरा दुःख व्यक्त किया।



### आवारा कुत्तों का आतंक, एक दिन में 39 लोगों को काटा

**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** फुलवारी शरीफ के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में आवारा कुत्तों का आतंक लगातार बढ़ रहा है. शनिवार को मात्र एक दिन में 39 लोग कुत्तों के काटने की घटना का शिकार हुए. इनमें बच्चों और महिलाओं की संख्या अधिक रही. शहरी इलाके में नया टोला, मौलाबाग, ताज नगर, कचहरी मोहल्ला सहित कई अन्य क्षेत्रों में 19 लोग कुत्तों के काटने से घायल हुए. सभी पीड़ित तत्काल इलाज के लिए सीएचसी पहुंचे. स्वास्थ्य विभाग के प्रधान सचिव लोकश कुमार सिंह के निरीक्षण के दौरान ही सभी पीड़ितों को एंटी रैबिज टीका लगवाया गया. ईडी अमित कुमार पांडेय भी मौके पर मौजूद रहे और उन्होंने डॉक्टरों से कुत्ते काटने की दवा की जानकारी ली. ग्रामीण क्षेत्रों भुसौला, दानापुर और गोनपुरा पंचायत के कई गांवों में 20 लोग कुत्तों के काटने का शिकार हुए. इनमें अधिकांश महिलाएं और बच्चे थे. सभी का इलाज एम्स पटना में किया जा रहा है. स्थानीय लोगों ने बताया कि शहर और गांवों में आवारा कुत्तों की संख्या लगातार बढ़ रही है. गली-मोहल्लों में कुत्तों के झुंड इधर-उधर बैठे रहते हैं और मादा कुत्ते अपने बच्चों की रक्षा के लिए किसी भी व्यक्ति पर हमला कर देती हैं.

# निविदा प्रक्रिया में पारदर्शिता की समीक्षा, स्वतंत्र बाह्य निगरानीकर्ताओं का एम्स पटना दौरा

## खरीद और निविदा प्रक्रिया की समीक्षा के लिए एम्स पटना का निरीक्षण •निविदा में पारदर्शिता को लेकर एम्स पटना में हुई समीक्षा बैठक

**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सार्वजनिक खरीद से जुड़ी प्रक्रियाओं में पारदर्शिता, जवाबदेही और निष्पक्षता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से स्वतंत्र बाह्य निगरानीकर्ताओं ने शनिवार को एम्स पटना का दौरा किया. यह दौरा संस्थान में लागू ईमानदारी समझौता व्यवस्था के अंतर्गत आयोजित चौथी समीक्षा बैठक के क्रम में हुआ. बैठक की शुरूआत एम्स पटना के कार्यकारी निदेशक प्रो. (ब्रिगेडियर) डॉ. राजू अग्रवाल के स्वागत एवं परिचयात्मक संबोधन से हुई. उन्होंने कहा कि एम्स पटना प्रशासन पारदर्शी व्यवस्था, निष्पक्ष निविदा प्रक्रिया तथा वित्तीय अनियमितताओं के प्रति शून्य सहिष्णुता की नीति पर दृढ़ता से कार्य कर रहा है. बैठक के दौरान एम्स पटना द्वारा की गई प्रमुख खरीद प्रक्रियाओं पर एक विस्तृत प्रस्तुति स्वतंत्र बाह्य निगरानीकताओं के समक्ष रखी गई. इसमें निविदा प्रक्रिया में अपनाए गए नियमों, निर्धारित मानकों के अनुपालन तथा संस्थान और निविदाकताओं एवं ठेकेदारों के बीच ईमानदारी समझौते के प्रभावी क्रियान्वयन पर विस्तार से चर्चा की गई. इस अवसर पर अरुण चंद्र वर्मा, भारतीय पुलिस सेवा (सेवानिवृत्त) एवं शेषगिरी राव अन्नांगी (सेवानिवृत्त), पूर्व अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, दूरसंचार परामर्श संस्था, स्वतंत्र बाह्य निगरानीकर्ता के रूप में उपस्थित रहे. दोनों निगरानीकताओं ने खरीद से संबंधित प्रक्रियाओं की समीक्षा करते हुए निविदा व्यवस्था में पारदर्शिता और जनविश्वास को और मजबूत करने के लिए अपने महत्वपूर्ण सुझाव दिए. बैठक में एम्स पटना के कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे. इनमें नीलोत्पल बल, उप निदेशक (प्रशासन); डॉ. अमित राज, चिकित्सा अधीक्षक (प्रभारी); प्रो. डॉ. संजय कुमार पांडेय, अधिष्ठाता (शैक्षणिक) प्रभारी; विशाल कुमार, वित्तीय सलाहकार एवं मुख्य लेखा अधिकारी; राज कुमार जालान, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी; तथा असीम कुमार, जनसंपर्क अधिकारी शामिल थे. इसके अतिरिक्त प्रो. डॉ. पदमजीत पांचाल, संकाय प्रभारी (भंडार) के साथ भंडार अधिकारी रवि कुमार एवं नीरज द्विवेदी भी बैठक में उपस्थित रहे. एम्स पटना प्रशासन ने स्पष्ट किया कि ईमानदारी समझौता निविदा प्रक्रियाओं में पारदर्शिता बनाए रखने, अनियमितताओं को रोकने तथा सभी संबंधित पक्षों के बीच नैतिक आचरण को बढ़ावा देने का एक प्रभावी माध्यम है. उल्लेखनीय है कि इस व्यवस्था को अपनाने वाला पहला एम्स भोपाल रहा है, जबकि एम्स पटना देश का दूसरा एम्स है, जिसने स्वतंत्र बाह्य निगरानीकर्ताओं की प्रणाली को प्रभावी रूप से लागू कर सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की है. यह एम्स पटना की स्वच्छ, पारदर्शी एवं उत्तरदायी प्रशासनिक व्यवस्था के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है. एम्स पटना भविष्य में भी अपने सभी प्रशासनिक एवं खरीद संबंधी कार्यों में पारदर्शिता, ईमानदारी और जवाबदेही को सर्वोच्च प्राथमिकता देता रहेगा.




# दानापुर एएसपी ने खगौल थाना का किया निरीक्षण अपराध नियंत्रण को लेकर दिये दिशा-निर्देश

**दानापुर (खगौल)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एएसपी शिवम धाकड़ ने शनिवार को खगौल थाना का निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान एएसपी थाना क्षेत्र में अपराध नियंत्रण, लंबित मामलों और पुलिस कार्यप्रणाली की विस्तृत समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिये है. एएसपी शिवम धाकड़ ने थाने में कार्यरत सभी पुलिस पदाधिकारियों से थाना डायरी व अभिलेख प्रस्तुत करने का निर्देश दिये. जांच के दौरान डायरी और रिकॉर्ड अद्यतन व सुव्यवस्थित पाए गए. जिस पर उन्होंने पुलिस कर्मियों के कार्य की सराहना किया.निरीक्षण के क्रम में एएसपी ने थाना परिसर की साफ-सफाई, मालखाना, हाजत व कार्यालय व्यवस्था का भी जायजा लिया. साफ-सुथरी व्यवस्था देखकर उन्होंने संतोष व्यक्त किया और इसे बनाए रखने का निर्देश दिया.एएसपी ने थानाध्यक्ष रंजन कुमार को निर्देश दिया कि अपराध नियंत्रण, नियमित गश्ती, त्वरित शिकायत निवारण व जनता के साथ संवेदनशील व्यवहार को प्राथमिकता दें, ताकि थाना क्षेत्र में कानून-व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ हो सके. मौके पर अपर थानाध्यक्ष विकास कुमार, सब इंस्पेक्टर संजीव कुमार, सिद्धार्थ कुमार, सुनील कुमार, नीतीश कुमार, मुकेश कुमार श्रीवास्तव, ठाकुर राजेश्वर सिंह, पूजा राठी, राखी कुमारी समेत सभी पदाधिकारी मौजूद थे.



# जीटीएसई सेमिनार का भव्य आयोजन, मेधावी छात्रों को किया गया सम्मानित

**पटना/औरंगाबाद (बिहार)/ नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।**10 जनवरी टाउन हॉल, औरंगाबाद में सेमिनार का भव्य आयोजन किया गया। इस सेमिनार में इस जोन के प्री-एग्जाम में सफल एवं मेन परीक्षा में सम्मिलित हुए सैकड़ों छात्र-छात्राएँ अपने अभिभावकों तथा अनेक शिक्षकों के साथ उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों में प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाना और उन्हें सही दिशा में मार्गदर्शन प्रदान करना रहा। सेमिनार को औरंगाबाद के अनुमंडल पदाधिकारी एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ने संबोधित किया। अपने संबोधन में दोनों अधिकारियों ने छात्रों को लक्ष्य के प्रति समर्पित रहकर अनुशासन, निरंतर परिश्रम और सही मार्गदर्शन के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक श्री बिपिन सिंह, रांची सेंटर हेड श्री अभिषेक जी तथा धनबाद सेंटर डायरेक्टर श्री संजय आनंद ने भी छात्रों को संबोधित किया। अपने प्रेरक उद्बोधन में श्री बिपिन सिंह ने कहा कि GTSE का आयोजन गोल द्वारा सामाजिक दायित्व के तहत प्रारंभ से ही किया जा रहा है, ताकि छात्रों में प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रति जागरुकता उत्पन्न हो सके। उन्होंने बताया कि हर वर्ष हजारों छात्र GTSE के माध्यम से सिविल सेवा, मेडिकल, इंजीनियरिंग सहित विभिन्न क्षेत्रों में अपने सपनों को साकार कर रहे हैं। उन्होंने अपने मूल अकादमिक विचारों के माध्यम से छात्रों को लक्ष्य निर्धारण और सही रणनीति पर विशेष मार्गदर्शन दिया। धनबाद सेंटर डायरेक्टर श्री संजय आनंद ने बताया कि पिछले 28 वर्षों में गोल से 18,000 से अधिक छात्र सफल होकर डॉक्टर बने हैं, जो देश-विदेश में सेवाएँ दे रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि औरंगाबाद में भी गोल के अनेक पूर्व छात्र सफल डॉक्टर के रूप में कार्यरत हैं। रांची ब्रांच कोऑर्डिनेटर श्री अभिषेक ने जानकारी दी कि GTSE के माध्यम से छात्रों को रैंक के आधार पर 100% तक छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है। साथ ही 9वीं एवं 10वीं कक्षा के छात्रों के लिए केवल पंजीकरण शुल्क पर निःशुल्क ऑनलाइन कोर्स की सुविधा भी उपलब्ध कराई जा रही है। कार्यक्रम के अंत में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया।




**पुरस्कार प्राप्त छात्र इस प्रकार हैंः**

साइकिल-हर्ष राज, अमन कुमार, कलाई घड़ी-आदित्य कुमार, बैग-अमन राज, सविनय कुमार, डिंपल सिंह, हिमांशु राज, जूही कुमारी, अंकित कुमार, अभिजीत ठाकुर, एकलव्य सिंह, सेमिनार का समापन उत्साहपूर्ण वातावरण में हुआ, जहाँ छात्रों एवं अभिभावकों ने GOAL Institute और GTSE पहल की सराहना करते हुए इसे विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

# लूट के दौरान व्यवसायी को गोली मारने की घटना पर व्यवसाइयों में आक्रोश

## रविवार को बन्द रहेंगी सर्राफा दुकानें

**मनेर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मनेर नगर परिषद के बस्ती मार्ग, काजी मुहल्ला के स्वर्ण व्यवसायी के साथ लूट के दौरान गोली मारने की घटना से सरार्फा व्यवसाई सहित अन्य व्यवसायियों में भी काफी आक्रोश है। शनिवार की सुबह मनेर के वैश्य धर्मशाला में सभी व्यवसाईयों ने बैठक की। बैठक के बाद सभी व्यवसाई मनेर थाने पहुंचे एवं पुलिस को अपराधियों को अवलंब गिरफ्तार करने का अल्टीमेट दिया। हालांकि थानाध्यक्ष रजनीश कुमार ने व्यवसायियो को कहा कि सुरक्षा के साथ-साथ घटना में शामिल सभी अपराधियों को अति शीघ्र गिरफ्तार कर लेंगे। व्यवसायियों से थानाध्यक्ष रजनीश कुमार ने अपील किया कि आप शांति बनाए रखें, इससे जांच में कई टीमें लगी हुई है। व्यवसाइयों का का कहना था कि पुलिस गस्त नही लगाती है भय का माहौल है। घटना के 40 मिनट बाद मौके पर पुलिस पहुंची। अगर समय पर पुलिस पहुंच जाती तो अपराधियों का पीछा कर तुरंत पकड़ लिया भी जाता। वही स्वर्ण व्यवसाइयों ने कहा कि प्रशासन चोरी का सामान खरीदने का आरोप लगाकर सरार्फा व्यवसायियों को अक्सर परेशान करती है। वही थानाध्यक्ष ने कहा कि आप ऐसी चोरी के जेवरात नहीं खरीदे। प्रशासन आपको परेशानी नहीं करेगी। सरार्फा कारोबारियों ने रविवार को अपनी अपनी प्रतिष्ठानें बन्द रखने का निर्णय लिया। मौके पर व्यवसायी संजय खत्री, रविन्द्र सौण्डिक, राजू गुप्ता, रमेश सोनी, सुनील सोनी, रवि शंकर चौरसिया, सत्यप्रकाश स्वर्णकार, विकास गुप्ता, उदयशंकर गुप्ता, विजय कुमार, धर्मेंद्र गुप्ता, आनन्द सोनी सहित कई लोग थे।



### 'दही खाओ, इनाम पाओ' प्रतियोगिता का आयोजन 20 जनवरी को

**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सुधा द्वारा वर्ष 2011 से आयोजित की जा रही मशहूर प्रतियोगिता 'दही खाओ, इनाम पाओ' इस वर्ष भी मकर संक्रांति के बाद 20 जनवरी 2026 को पटना डेयरी प्रोजेक्ट, फुलवारी शरीफ के प्रांगण में आयोजित की जा रही है. इस प्रतियोगिता में बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़, हैदराबाद, दिल्ली और अन्य राज्यों से प्रतिभागी हिस्सा लेने के लिए रजिस्ट्रेशन कर रहे हैं. प्रतियोगिता में महिला, पुरुष और वरिष्ठ नागरिक के लिए अलग-अलग श्रेणियाँ निर्धारित की गई हैं. कोई भी महिला या पुरुष जिसकी उम्र 18 वर्ष से अधिक हो, इसमें भाग ले सकता है. प्रतिभागी अपने नाम, पता, उम्र, लिंग और मोबाइल नंबर लिखकर 14 जनवरी से 19 जनवरी 2026 तक मोबाइल नंबर 6204381026 पर एसएमएस करके अपना रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं.

# पछुआ हवाओं और कोहरे की गिरफ्त में बिहार

## धूप ने दिन में दी राहत, शाम ढलते ही लौटी कड़ाके की ठंड

**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार में जनवरी के दूसरे सप्ताह में भी ठंड का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है. शनिवार को राजधानी पटना समेत पूरे राज्य में दिन की शुरूआत घने कोहरे और तेज ठिठुरन के साथ हुई. सुबह के समय हालात ऐसे रहे कि कई इलाकों में दृश्यता बेहद कम हो गई और सड़कों पर चलना मुश्किल हो गया. दफ्तर जाने वाले लोग, स्कूली बच्चे और सुबह की सैर पर निकलने वाले लोग ठंड से बेहाल नजर आए. पटना में सुबह के समय ठंडी पछुआ हवाओं के कारण सर्दी का असर ज्यादा महसूस किया गया. हालांकि कोहरा छंटने के बाद करीब तीन से चार घंटे तक निकली धूप ने लोगों को बड़ी राहत दी. धूप निकलते ही छतों, पार्कों और खुले स्थानों पर लोग धूप सेंकते दिखाई दिए. कई लोगों ने इसी दौरान अपने रोजमर्रा के जरूरी काम निपटाए. शनिवार का दिन इस लिहाज से थोड़ा बेहतर रहा कि लोगों को कुछ समय के लिए ठंड से राहत मिली. लेकिन यह राहत ज्यादा देर तक नहीं टिक सकी. जैसे ही शाम ढली, ठंडी हवाओं के साथ एक बार फिर तापमान गिरने लगा और पूरा मौसम फिर से ठंड के आगोश में चला गया. देर शाम और रात के समय ठंड का असर और तेज हो गया, जिससे लोग जल्दी घरों में दुबकने को मजबूर हो गए. मौसम विभाग के अनुसार पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य का मौसम शुष्क बना रहा. पूर्णिया, छपरा, दरभंगा, अररिया, मधेपुरा, वैशाली, सहरसा, अरवल और मुंगेर के कुछ इलाकों में भीषण शीत दिवस दर्ज किया गया. वहीं पटना और भागलपुर के कुछ हिस्सों में शीत दिवस की स्थिति बनी रही. कई जिलों में सुबह 10 बजे तक घना कोहरा छाया रहा. तापमान के आंकड़ों पर नजर डालें तो राज्य का अधिकतम तापमान 11.2 से 19.1 डिग्री सेल्सियस के बीच रहा. सबसे अधिक तापमान जीरादेई में 19.1 डिग्री दर्ज किया गया, जबकि वाल्मीकि नगर में अधिकतम तापमान सिर्फ 11.2 डिग्री रहा. न्यूनतम तापमान की बात करें तो गयाजी में पारा 4.2 डिग्री सेल्सियस तक गिर गया. कोहरे के कारण कई जगहों पर दृश्यता घटकर मात्र 40 मीटर तक पहुंच गई. मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि अगले सात दिनों तक राज्य में मौसम शुष्क बना रहेगा, लेकिन ठंड से फिलहाल राहत मिलने के आसार नहीं हैं. इस दौरान राज्य के कई हिस्सों में मध्यम से घना कोहरा छाए रहने की संभावना है. खासकर उत्तरी और दक्षिण-पश्चिमी बिहार में शीत दिवस की स्थिति बनी रह सकती है. पूर्वानुमान के मुताबिक अगले 48 घंटों के दौरान अधिकतम तापमान में 1 से 3 डिग्री की हल्की बढ़ोतरी हो सकती है, लेकिन इसके बाद फिर से तापमान में गिरावट दर्ज की जाएगी. वहीं न्यूनतम तापमान में अगले 24 घंटों में मामूली बढ़ोतरी के बाद किसी बड़े बदलाव की संभावना नहीं है. मौसम विभाग ने लोगों को सलाह दी है कि वे सुबह और देर रात अनावश्यक रूप से बाहर निकलने से बचें. बुजुर्गों, बच्चों और बीमार लोगों को विशेष सावधानी बरतने की जरूरत है. साथ ही कोहरे के दौरान वाहन चलाते समय सतर्क रहने और ठंड से बचाव के पर्याप्त इंतजाम करने की अपील की गई है.

# पारस हॉस्पिटल में 75 वर्षीय मरीज ने कैंसर से जीती जंग

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पारस एचएमआरआई हॉस्पिटल के मेडिकल ऑन्कोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ. अभिषेक आनंद की विशेषज्ञ देखरेख और आधुनिक इलाज से 75 वर्षीय मरीज ने एडवांस स्टेज कैंसर को मात दे दी। सिध्दनाथ तिवारी स्क्वैमस सेल कार्सिनोमा से पीड़ित थे। उनके सिर पर घाव इतना बढ़ चुका था कि कैंसर आधे सिर तक फैल गया था। डॉ. अभिषेक आनंद की अगुवाई में मेडिकल ऑन्कोलॉजी टीम ने मरीज का इलाज इम्यूनोथेरेपी से शुरू किया। बाद में कीमोथेरेपी भी दी गई। करीब छह महीने तक चले उपचार के बाद मरीज का कैंसर पूरी तरह खत्म हो गया। फिलहाल मरीज को मेंटेनेंस थेरेपी दी जा रही है और वह स्वस्थ हैं। डॉ. अभिषेक आनंद ने बताया कि कैंसर के इलाज में अब टारगेट थेरेपी और इम्यूनोथेरेपी जैसी नई तकनीकों ने क्रांतिकारी बदलाव किया है। इसे प्रिसिजन थेरेपी कहा जाता है, जिसमें दवाएं शरीर की इम्यून सिस्टम को मजबूत कर कैंसर कोशिकाओं को नष्ट करती हैं। पारस एचएमआरआई हॉस्पिटल के जोनल डायरेक्टर अनिल कुमार ने कहा कि मेडिकल ऑन्कोलॉजी विभाग में विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा किए जा रहे उन्नत इलाज से बिहार और झारखंड के मरीजों को नई उम्मीद मिल रही है और वे स्वस्थ होकर घर लौट रहे हैं।



# ससुराल से विवाहिता के लापता होने पर मायके पक्ष ने लगाए गंभीर आरोप, मशरक थाना में लिखित शिकायत

**मशरक (सारण)नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** ससुराल में अपनी पुत्री के नहीं मिलने से चिंतित मायके पक्ष ने ससुराल वालों पर गंभीर आरोप लगाते हुए मशरक थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। गोपालगंज जिला के बैकुंठपुर प्रखंड अंतर्गत ग्राम बिस्टल निवासी नागेन्द्र सिंह, पिता स्वर्गीय मुख्तार सिंह ने मशरक थाना में आवेदन देकर मशरक थाना क्षेत्र के चकिया गांव निवासी शुभम सिंह, पिता स्वर्गीय भागवत सिंह सहित तीन लोगों पर अपनी पुत्री के साथ मारपीट एवं मानसिक रूप से प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। आवेदन में नागेन्द्र सिंह ने बताया है कि उन्होंने अपनी पुत्री पिंकी देवी की शादी दुगौर्ली चकिया निवासी नरेंद्र सिंह, पिता स्वर्गीय भागवत सिंह से की थी। 9 जनवरी की सुबह लगभग 7 बजे दामाद नरेंद्र सिंह ने दिल्ली से मोबाइल फोन कर सूचना दी कि उनकी पुत्री गांव दुगौर्ली चकिया से कहीं चली गई है। सूचना मिलने के बाद मायके पक्ष के लोग जब दुगौर्ली चकिया पहुंचे तो वहां पिंकी देवी नहीं मिली। इसके बाद आसपास और संभावित स्थानों पर खोजबीन की गई, लेकिन उसका कहीं कोई पता नहीं चल सका।

### प्रथम खेलो इंडिया ट्राइबल्स गेम्स चयन प्रतियोगिता

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के निर्देश पर जिला खेल विभाग, बिहार राज्य खेल प्राधिकरण एवं जिला प्रशासन पश्चिम चंपारण के संयुक्त तत्वावधान में 'प्रथम खेलो इंडिया ट्राइबल्स खेल चयन प्रतियोगिता 2026' का आयोजन शनिवार को महाराजा स्टेडियम, बेतिया में किया गया। जिला खेल पदाधिकारी विजय कुमार पंडित ने बताया कि इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य अनुसूचित जनजाति वर्ग के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाना है। एथलेटिक्स विधा में आयोजित इस चयन प्रतियोगिता में राज्यभर से कुल 125 बालक एवं बालिका खिलाड़ियों ने भाग लिया, जिसमें पश्चिम चंपारण और गोपालगंज जिलों के खिलाड़ी शामिल रहे।

# बिहार टीम के कप्तान सकीबुल गनी का स्वागत

## मौका था चंपारण चैंपियन ट्रॉफी के समापन समारोह का

**मोतिहारी (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** विजय हजारे ट्रॉफी में साकीबुल गनी की कप्तानी वाली बिहार की टीम चैंपियन रही। विजय हजारे ट्रॉफी में बिहार की टीम ने इतिहास रचा। इस टीम में साकीबुल गनी के साथ पूर्वी चम्पारण जिला से साबिर खान और बादल कनौजिया भी बिहार टीम के हिस्सा थे। साकीबुल गनी बिहार सीनियर टीम के कप्तान के साथ ही रणजी ट्राफी, सैयद मुस्ताक अली ट्रॉफी एवं विजय हजारे ट्रॉफी के भी कप्तान हैं। कार्यक्रम की समापन समारोह का आयोजन जिला स्कूल के खेल मैदान में किया गया। जिसमें क्रिकेट के अलावा अन्य खेलों के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। तलवारबाजी जिला के प्रतिभावान खिलाड़ियों ने तलवारबाजी खेल में 24 राष्ट्रीय पदक हासिल किया है.तलवारबाजी खेल में मोतिहारी की केशर राज ने दिसम्बर- 2025 में महाराष्ट्र में आयोजित राष्ट्रीय विद्यालय खेल प्रतियोगिता में यू-17 आयुवर्ग में रजत पदक हासिल किया। हरसिद्धि के शिवम कुमार ने नेशनल गेम्स उत्तराखण्ड में कांस्य पदक हासिल कर मेडल लाओ नौकरी पाओ योजना के तहत बिहार सरकार में नौकरी पाई। जिला के दो तलवारबाजी खिलाड़ियों रवि कुमार यादव एवं केशर राज को खेलो इण्डिया स्कीम के तहत आवासीय प्रशिक्षण के लिए आर्मी स्पोर्ट्स इंस्टीट्यूट, पुणे के लिए चयनित किया गया। कबड्डी में उत्तराखंड में हो रहे 19वीं सीनियर राष्ट्रीय सर्कल कबड्डी में आदित्य राज बिहार का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं ।आदित्य राज मोतिहारी अगरवा के निवासी है ' ये आयोजन 10 से 12 जनवरी को उत्तराखंड में आयोजित हो रहा है। एथलेटिक्स में 24 जनवरी से राँची में हो रहे राष्ट्रीय क्रॉस कंट्री में पूर्वी चम्पारण की कृति सिंह बिहार टीम के प्रतिनिधित्व करेंगे।साइक्लिंग में मोतिहारी के मठिया डीह निवासी बेबी कुमारी ने गोवा और उत्तराखंड में आयोजित हुए नेशनल गेम्स में बिहार से एकमात्र बालिका खिलाड़ी के रूप में सूबे का प्रतिनिधित्व किया। बेबी ने साइक्लिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित चार नेशनल चैंपियनशिप में बिहार टीम के तरफ से खेलते हुए अपनी प्रतिभा दिखाई। बिहार, झारखण्ड और पश्चिम बंगाल में आयोजित हुए खेलो इंडिया विमेंस लीग ईस्ट जोन में कई मेडल जीतकर बिहार की प्रतिभा का गौरवान्वित किया । मोतिहारी के जमला रोड निवासी शौर्य कुमार ने राज्य स्तर पर मेडल जीतकर दो नेशनल चैंपियनशिप में भागीदारी करते हुए अपनी प्रतिभा को कायम की है। वह हरियाणा के कुरुक्षेत्र स्थित साईं सेंटर में रहकर ट्रेनिंग प्राप्त करते हैं। फिलहाल वह रांची में होने वाली स्कूली गेम्स के नेशनल चैंपियनशिप में शामिल होने गए।



# सड़क हादसे में बाइक सवार दो युवकों की मौत

## दाउदपुर थाना क्षेत्र के अरियांव टोला गांव में मातम का माहौल ● पोस्टमार्टम के बाद दोनों युवकों का शव गांव पहुंचते ही मची चीख-पुकार









**एकमा/मांझी (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सारण जिले के एकमा थाना क्षेत्र में मांझी-बरौली स्टेट हाइवे-96 पर गंजपर गांव के समीप शुक्रवार की देर रात हुए दर्दनाक सड़क हादसे में दाउदपुर थाना क्षेत्र के बाइक सवार दो युवकों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मृतकों की पहचान मांझी प्रखंड के दाउदपुर थाना क्षेत्र के शीतलपुर पंचायत के अरियांव गांव के टोला निवासी दिलीप राम के 22 वर्षीय पुत्र करण कुमार व श्याम नारायण राम के 25 वर्षीय पुत्र हेम नारायण राम के रूप में हुई है। हादसे की सूचना मिलते ही एकमा थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल छपरा भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद शनिवार को दोपहर बाद शव परिजनों को सौंप दिए गए। एकमा थानाध्यक्ष ध्रुव प्रसाद सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी कर शवों को परिजनों के हवाले कर दिया गया है। दोपहर बाद जब दोनों युवकों के शव उनके गांव अरियांव टोला पहुंचे तो परिजनों में चीख-पुकार मच गयी। गांव का माहौल गमगीन हो गया और हर आंख नम दिखी। वहीं असमय हुई इस मौत से पूरे इलाके में शोक की लहर है। शीतलपुर पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि जेपी पांडेय व जिला पार्षद प्रतिनिधि कमलेश कुमार यादव ने पहुंच कर मृतक युवकों के परिजनों को सांत्वना देते हुए आर्थिक सहयोग किए। परिजनों ने बताया कि करण कुमार एकमा बाजार स्थित एक मोटरसाइकिल रिपेयरिंग दुकान पर मिस्त्री का काम करता था, जबकि हेम नारायण राम एकमा ब्लॉक रोड स्थित एक निजी विद्यालय का वाहन चालक था। दोनों युवक रोज की तरह अपना काम निपटाने के बाद एकमा बाजार से बाइक से दाउदपुर थाना क्षेत्र के अरियांव टोला स्थित अपने गांव लौट रहे थे। इसी दौरान गंजपर गांव के समीप उनकी बाइक एक अज्ञात अनियंत्रित वाहन से टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सड़क किनारे भवन निर्माण के लिए सजाकर रखी ईंटों के ढेर से जा टकराई। इस भीषण दुर्घटना में दोनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस अज्ञात वाहन की पहचान व मामले की जांच में जुटी है।

## संक्षिप्त समाचार

### शिकारगंज के नए थानाध्यक्ष बने गोपाल कुमार



**चिरैया(पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शिकारगंज थाना के नए थानाध्यक्ष गोपाल कुमार बनाए गए है। यह जानकारी पुलिस अधीक्षक मोतिहारी स्वर्ण प्रभात ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी। बताया कि रिक्ति एवं बेहतर कार्यकुशलता के आधार पर पुलिस अवर निरीक्षक गोपाल कुमार को थानाध्यक्ष शिकारगंज के पद पर पदस्थापित किया गया है। नव पदस्थापित थानाध्यक्ष गोपाल कुमार इससे पूर्व केसरिया थाना में अपर थानाध्यक्ष के पद पर पदस्थापित थे। वह 2019 बैच के अधिकारी है। मालूम हो कि गुरुवार को रुपहरा गांव में हुए एक जमीन विवाद मामले में थानाध्यक्ष संतोष कुमार पर भू - माफियाओं से मिलीभगत एवं पद के दुरुपयोग के आरोप में एसपी मोतिहारी स्वर्ण प्रभात ने तत्काल प्रभाव से उन्हें निलंबित कर दिया है।

### रविवार के दिन मुफ्त मेडिकल कैंप का आयोजन

**आदापुर (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पुराने से पुराने रोगी को मुफ्त सेवा के उद्देश्य से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के द्वारा मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया है, रविवार के दिन श्याम पुर बाजार के साईं हार्डवेयर के सामने किया जाएगा, जिसमें उपस्थित वरीय चिकित्सक की टीमें मौजूद रहकर आये हुए आगंतुक रोगियो का ईलाज करेंगे,इस बावत सेवा प्रमुख नारायण अग्रवाल ने बताया कि यह कार्य सेवा भाव के रुप में की जाएगी, यहां आने वाले रोगीयो को बीपी, हार्ट,चीनी, थायराइड, प्रोस्टेट, जैसे रोगीयो की जांच कर दवा दी जाएगी, संरक्षक के रूप में भाजपा के कार्यकर्ता भी उपस्थित होकर अपना कार्य निर्वहन करेंगे, सेवा दल में अनिल कुमार प्रसाद, जितेन्द्र वर्णवाल, अंगद वर्णवाल, मुन्ना कुमार, नितेश कुमार पटेल, लालाबाबू सिंह,बिजय पटेल, सत्यदेव गिरी, संजय वर्णवाल उपस्थित होकर अपने में लगें रहेंगे।

### जिलाधिकारी ने किया महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान का भ्रमण

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल के द्वारा मोतिहारी स्थित महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (महिला आई टी आई)का भ्रमण कर वहां दिए जा रहे प्रशिक्षण से संबंधित जानकारी प्राप्त की गई। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने संस्थान में चल रहे प्रशिक्षण कार्य की गुणवत्ता, प्रशासनिक व्यवस्था और मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के क्रम में इलेक्ट्रीशियन और इलेक्ट्रॉनिक्स मैकेनिक के प्रशिक्षणार्थियों से दिए जा रहे प्रशिक्षण के संबंध में पूछताछ की गई एवं जानकारी प्राप्त की गई। इस अवसर पर जिलाधिकारी के साथ पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात एवं उप विकास आयुक्त डॉ. प्रदीप कुमार भी उपस्थित थे।

### विभिन्न परियोजनाओं की समीक्षा की गई

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** निदेशक, भू-अर्जन बिहार की अध्यक्षता में पूर्वी चम्पारण जिले मे भू-अर्जन की विभिन्न परियोजनाओं की समीक्षा जिला भू-अर्जन पदाधिकारी एवं अधियाची विभाग के प्रतिनिधियों के साथ की गई। उनके द्वारा परियोजनाओं में अधिग्रहित भूमि के भुगतान मे तेजी लाने का निर्देश जिला भू-अर्जन पदाधिकारी को दिया गया एवं साथ ही अधियाची विभाग को समय-सीमा के अंदर परियोजना को पूर्ण करने का निर्देश दिया गया।

### पुलिस अधीक्षक ने अपराध नियंत्रण हेतु दिए कड़े निर्देश

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पुलिस सभागार, पुलिस केंद्र बेतिया में आयोजित अपराध गोष्ठी में पुलिस अधीक्षक डॉ. शौर्य सुमन (भा.पु.से.) ने जिले में अपराध नियंत्रण एवं विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए कड़े निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने विशेष रूप से सभी थानाध्यक्षों को अपने-अपने थाना क्षेत्रों में गश्ती दल के क्षेत्र भ्रमण को और तेज करने का आदेश दिया। रात्री गश्ती दल को और चौकस रहने की हिदायत देते हुए, विशेष रूप से चोरी और अपराध नियंत्रण के मद्देनजर पुलिस अधिकारियों को सतर्क रहने का निर्देश दिया।इस बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि अपराधियों के खिलाफ विशेष अभियान चलाए जाएंगे, विशेष रूप से उन अपराधियों



का पकड़ा जाएगा जिनका वारंट जारी है। साथ ही शराब तस्करी और वाहन चोरी के मामलों की त्वरित जांच करने की दिशा में भी कार्यवाही तेज की जाएगी।पुलिस अधीक्षक ने सभी थानाध्यक्षों को अपराध नियंत्रण के साथ-साथ विधि-व्यवस्था बनाए रखते हुए, जनशिकायतों और मुख्यमंत्री प्रधानमंत्री कार्यालय से प्राप्त आवेदनों पर त्वरित कार्रवाई करने का आदेश दिया। इसके अलावा, उन्होंने पुलिस अधिकारियों को समन्वय से काम करने और आम जनता के साथ बेहतर संबंध बनाए रखने की अपील की। क्राइम मीटिंग में सदर वन एसडीपीओ विवेक दीप, सदर टू एसडीपीओ रजनीश कांत प्रियदर्शी, साइबर क्राइम के डीएसपी गौतम शरण ओमी, यातायात डीएसपी अतनु दत्ता, डीएसपी रक्षित देवानंद राउत, मुख्यालय डीएसपी समेत विभिन्न अंचलों के पुलिस निरीक्षक और थानाध्यक्ष उपस्थित थे।

# मकर संक्रांति के अवसर पर जिला प्रशासन करेगा पतंग महोत्सव का आयोजन



**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल की अध्यक्षता उनके कार्यालय कक्ष में पदाधिकारियों की बैठक हुई जिसमें मकर संक्रांति के अवसर पर मोतिहारी स्थित गांधी मैदान में जिला प्रशासन के द्वारा पतंग महोत्सव के आयोजन का निर्णय लिया गया। मकर संक्रांति का अवसर पर 14 जनवरी को दिन के 11:30 बजे गांधी मैदान में पतंग उत्सव का आयोजन किया जाएगा साथ ही साथ यहां पर फुटबॉल मैच क का भी आयोजन किया जाएगा। फुटबॉल मैच के आयोजन के लिए जिला खेल पदाधिकारी को निर्देश दिया गया। बैठक में अपर समाहर्ता मुकेश कुमार सिन्हा , उप विकास आयुक्त डॉ. प्रदीप कुमार, उप समाहर्ता नजारत मति प्रेमलता, उप समाहर्ता सुश्री निधि कुमारी, जिला खेल पदाधिकारी, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (शिक्षा विभाग), जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी सहित प्रोफेसर अरुण कुमार पूर्व प्राचार्य एम एस कॉलेज मोतीहारी, रंगकर्मी संजय पांडेय एवं अभय अनंत उपस्थित थे।

# भसुरारी में गबन मामले में प्रबंधन समिति व जेई पर प्राथमिकी

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मुख्यमंत्री सात निश्चय योजना के तहत भसुरारी पंचायत में भ्रष्टाचार का एक बड़ा मामला उजागर हुआ है। यहां वार्ड संख्या 16 में पीसीसी सड़क निर्माण में भारी अनियमितता को लेकर वार्ड क्रियान्वयन एवं प्रबंधन समिति के तत्कालीन अध्यक्ष हरदेयाल मंडल, तत्कालीन सचिव कृष्णा शर्मा उर्फ अमित कुमार और तत्कालीन कनीय अभियंता राजकुमार के ऊपर वर्तमान पंचायत सचिव सतीश कुमार सिंह ने शिकारपूर थाने प्राथमिकी दर्ज कराई है।जानकारी के अनुसार, वर्ष 2020-21 में उक्त वार्ड में सड़क निर्माण के लिए कुल 12 लाख 68 हजार 200 की राशि स्वीकृत की गई थी। जिसमे सरकारी अभिलेख में 1100 फीट सड़क का निर्माण दिखाकर पूरी राशि की निकासी कर ली गई, जबकि धरातल पर मात्र 400 फीट सड़क ही बनी पाई गई। तकनीकी सहायक की जांच रिपोर्ट में स्पष्ट हुआ है कि करीब 8 लाख 8104 रुपए का कार्य कराए बगैर हीं निकासी कर उसका गबन कर लिया गया है।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक

## अतिरिक्त वर्गकक्ष से लेकर छात्रवृत्ति तक के दिए गए अहम निर्देश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**छपरा (सारण)।** जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव की अध्यक्षता में शनिवार को शिक्षा विभाग के कार्यों की विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विद्यालयी आधारभूत संरचना, छात्र उपस्थिति, छात्रवृत्ति, आईसीटी लैब, अपार आईडी सहित विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव ने निर्देश दिया कि आगामी 15 दिनों के भीतर सभी विद्यालयों में संचालित कक्षाओं के अनुरूप अतिरिक्त वर्गकक्ष की आवश्यकता का आकलन कर रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। जिन विद्यालयों में पहले से निर्मित भवन की ऊपरी मंजिल पर तकनीकी रूप से अतिरिक्त वर्गकक्ष निर्माण की संभावना है, वहां तकनीकी जांच कर प्रस्ताव भेजने को कहा गया। बैठक में सभी कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों (केजीबीवी) में छात्राओं के नामांकन एवं उपस्थिति की एक-एक कर समीक्षा की गई। इसुआपुर, मढ़ौरा एवं मशरक प्रखंडों में छात्राओं की उपस्थिति तुलनात्मक रूप से असंतोषप्रद पाई गई। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि संबंधित विद्यालयों की छात्राओं के अभिभावकों से संपर्क स्थापित कर शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने यह भी कहा कि सभी केजीबीवी में शिक्षिकाओं एवं छात्राओं द्वारा बायोमेट्रिक अटेंडेंस शत-प्रतिशत रूप से सुनिश्चित किया जाए। साथ ही सभी केजीबीवी में अध्ययनरत बालिकाओं के ड्रीम शेपिंग एवं प्रेरणा के लिए जिले में पदस्थापित वरीय महिला उप-समाहर्ता एवं अन्य वरीय महिला पदाधिकारियों के माध्यम से मोटिवेशनल सेशन आयोजित कराने का निर्देश दिया गया। वर्ष 2024-25 के एससी/एसटी छात्रवृत्ति के लंबित मामलों का 10 दिनों के भीतर निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारियों को दिया गया। इसके साथ ही वर्ष 2025-26 के पोस्ट मैट्रिक बीसी/ईबीसी एवं एससी/एसटी छात्रवृत्ति कार्यों को भी तेजी से पूर्ण करने का आदेश दिया गया। जिले के 64 विद्यालयों में आईसीटी लैब तथा 117 विद्यालयों में स्मार्ट क्लास का संचालन किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त जिले के अन्य 115 चयनित माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों में आईसीटी लैब की स्थापना का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिलाधिकारी ने आईसीटी लैब के लिए एक समसामयिक कैरिकुलम तैयार करने हेतु आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

# भू-माफियासे मिलीभगत के आरोप में शिकारगंज थानाध्यक्ष किए गए निलंबित



**चिरैया(पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शिकारगंज थाना क्षेत्र के रूपहारा गांव में पिछले दिनों हुए एक जमीनी विवाद मामले में थानाध्यक्ष संतोष कुमार को निलंबित कर दिया गया है। पुलिस अधीक्षक मोतिहारी स्वर्ण प्रभात ने उन पर भू-माफियाओं के साथ मिलीभगत और पद के दुरुपयोग के आरोप में यह कार्रवाई की है। ग्रामीणों के अनुसार पिछले 35 वर्षों से रूपहारा गांव में दुर्गा पूजा के मौके पर लगने वाले मेले की जमीन को भू- माफियाओं द्वारा अवैध तरीके से रजिस्ट्री करवा कर कब्जा करने को लेकर गांव के लोग काफी आक्रोशित थे। गुरुवार को उक्त जमीन पर निर्माण कार्य करवाया जा रहा था और यह कार्य चिरैया सीओ आराधना कुमारी एवं थानाध्यक्ष संतोष कुमार की देखरेख में की जा रही थी। जिसके कारण ग्रामीणों में काफी आक्रोश था। गांव के हजारों लोगों ने गोलबंद होकर निर्माण कार्य को अवैध बताकर कार्य करने से जबरन रोक दिया एवं अधिकारियों पर भू - माफियाओं से गठजोड़ का आरोप लगाते हुए वरीय अधिकारियों से इसकी शिकायत की। जिसके बाद जांच कमिटी का गठन किया गया। वही जांच करने वाले अधिकारियों ने अपनी रिपोर्ट में मिलीभगत के आरोप को सही पाया। यह पूरी कार्रवाई एक विस्तृत और गोपनीय जांच के बाद अमल में लाई गई है। गौरतलब है कि प्रशिक्षु आईपीएस हेमंत कुमार और साइबर डीएसपी को इस मामले की जांच सौंपी गई थी। जांच टीम ने अपनी रिपोर्ट में पाया कि थानाध्यक्ष संतोष कुमार और स्थानीय भू-माफियाओं के बीच गहरा संबंध था। जांच रिपोर्ट के अनुसार, एक विवादित जमीन के मामले में अनुमंडल पदाधिकारी सिकरहना साकेत कुमार के स्पष्ट आदेश के बावजूद थानाध्यक्ष ने अवैध निर्माण और कब्जे को नहीं रोका। पुलिस की इस रहस्यमयी खामोशी के कारण इलाके में तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई थी और कानून-व्यवस्था पर गंभीर खतरा मंडराने लगा था। जिसके बाद निलंबन की कार्रवाई की गई। एसपी की इस कार्रवाई के बाद जिले के सभी थानों में हड़कंप का माहौल व्याप्त है। निलंबन की कार्रवाइयों ने उन पुलिसकर्मियों के बीच खलबली मचा दी है जो भ्रष्टाचार या भू- माफियाओं से जुड़े हुए हैं। फिलहाल शिकारगंज थाने की कमान केसरिया के अपर थानाध्यक्ष गोपाल कुमार को सौंपी गई है।

# अभिषेक के शोध को राष्ट्र स्तर पर मान्यता

**यह तकनीक भविष्य की डिजिटल सुरक्षा, डेटा प्रोटेक्शन, फाइनेंस, ई-गवर्नेंस और साइबर सिक्योरिटी जैसी क्षेत्र में निर्णायक भूमिका निभाने वाली**



**मोतिहारी (पूर्वी चंपारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अभिषेक गिरी द्वारा स्नातक अंडर ग्रेजुएट स्तर पर किए गए शोध कार्य को भारतीय पेटेंट कार्यालय द्वारा आधिकारिक रूप से प्रकाशित किया गया है। यह उपलब्धि सामान्य शैक्षणिक प्रोजेक्ट से कहीं आगे जाकर उसे राष्ट्रीय स्तर की बौद्धिक संपदा के रूप में स्थापित करती है।भारत सरकार द्वारा किसी शोध को पेटेंट जर्नल में प्रकाशित किया जाना इस बात का प्रमाण होता है कि वह कार्य नया,मौलिक और तकनीकी रूप से उपयोगी है। इसी आधार पर अभिषेक को सरकारी दस्तावेजों में ह्लप्रथम एवं वास्तविक आविष्कारक का दर्जा प्रदान किया गया है, जो एक ऐसी मान्यता है जो जीवन भर उनके नाम के साथ जुड़ी रहेगी ।यह शोध आधुनिक और अत्यंत महत्वपूर्ण तकनीकी क्षेत्र ब्लैक चैन,एप्लीकेशन और मॉड्यूलर सिग्नेचर वेरीफिकेशन पर आधारित है। यह तकनीक भविष्य की डिजिटल सुरक्षा, डेटा प्रोटेक्शन, फाइनेंस, ई-गवर्नेंस और साइबर सिक्योरिटी जैसे क्षेत्रों में निर्णायक भूमिका निभाने वाली है। इस स्तर का शोध सामान्यतः उच्च शिक्षण संस्थानों और अनुभवी वैज्ञानिकों द्वारा किया जाता है। यह स्नातक स्तर पर इस प्रकार का शोध असाधारण माना जाता है। पेटेंट का प्रकाशित होना यह दशार्ता है कि अब यह शोध भारत सरकार के आधिकारिक बौद्धिक संपदा रिकॉर्ड का हिस्सा बन चुका है। इसका अर्थ है कि यह कार्य केवल अकादमिक मूल्य तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका औद्योगिक, व्यावसायिक और तकनीकी महत्व भी है। भारत सरकार के पेटेंट कार्यालय ने आधिकारिक तौर पर यह स्वीकार किया है कि यह शोध कार्य एक नई और मौलिक खोज है। अभिषेक के लिए यह उपलब्धि अत्यंत महत्वपूर्ण है। पब्लिक सीटेड इन्वेंटर के रूप में स्थापित करती है। उनके रेज्यूमे में यह एक साधारण डिग्री से कहीं अधिक प्रभावशाली उपलब्धि के रूप में दर्ज होगी।उच्च शिक्षा, रिसर्च प्रोग्राम, कॉर्पोरेट और स्टार्टअप सेक्टर में यह एक बड़ी पहचान बनेगी। यह भविष्य में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अवसरों के द्वार खोल सकती है। अब अभिषेक राष्ट्रीय आविष्कारक के रूप में पहचाने जाएंगे।

# एकमा विधायक धूमल सिंह ने गौसपुर सहित विभिन्न विद्यालयों का किया निरीक्षण

## शिक्षकों की शत-प्रतिशत उपस्थिति पर जताया संतोष, मध्याह्न भोजन में लापरवाही बर्दाश्त नहीं, स्वयं करेंगे गुणवत्ता की जांच : धूमल सिंह

**एकमा/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एकमा विधायक मनोरंजन कुमार सिंह उर्फ धूमल सिंह ने शनिवार को क्षेत्र के आधा दर्जन से अधिक विद्यालयों का निरीक्षण किया। इसी क्रम में अपराह्न लगभग 3:50 बजे वह उत्क्रमित मध्य विद्यालय गौसपुर व उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय गौसपुर परिसर पहुंचे। निरीक्षण के दौरान विधायक श्री सिंह ने उत्क्रमित मध्य विद्यालय गौसपुर के प्रधानाध्यापक मंजीत कुमार तिवारी तथा उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक मोहम्मद तौकीर अंसारी से विद्यालय में शिक्षकों एवं छात्रों की संख्या की जानकारी ली। हालांकि कड़ाके की ठंड को देखते हुए जिलाधिकारी के आदेशानुसार कक्षा 1 से 10 तक के छात्रों की उपस्थिति पर प्रतिबंध लगाया गया है। वहीं उत्क्रमित मध्य विद्यालय में प्रधानाध्यापक सहित कुल आठ शिक्षक-शिक्षिकाएं, तालिमी मरकज के एक शिक्षक राज मोहम्मद अंसारी तथा उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय में कुल 20 शिक्षक-शिक्षिकाएं शत-प्रतिशत मौजूद रहे। सभी शिक्षकों की पूर्ण उपस्थिति देखकर विधायक ने संतोष व्यक्त किया। इसके पूर्व विधायक श्री सिंह ने अलख नारायण सिंह उच्च माध्यमिक विद्यालय एकमा व सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र एकमा का भी निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान विधायक ने कहा कि प्राथमिक एवं मध्य विद्यालयों में एनजीओ के माध्यम से परोसे जा रहे मध्याह्न भोजन की गुणवत्ता के साथ किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कई स्थानों से शिकायतें प्राप्त हो रही हैं कि भोजन की गुणवत्ता सही नहीं होने के कारण बच्चे उसे खाने से परहेज कर रहे हैं। विधायक ने स्पष्ट किया कि सर्दी कम होने के बाद जैसे ही विद्यालय बच्चों के लिए नियमित रूप से खुलेंगे, वे स्वयं स्कूलों में पहुंचकर मध्याह्न भोजन की गुणवत्ता की जांच करेंगे। ट

# कोटवा में हिंदू सम्मेलन को लेकर 20 सदस्यीय आयोजन समिति गठित

## बजरंगबली और श्रीराम की प्रतिमा का होगा अनावरण



**कोटवा (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** कोटवा में आगामी 22 जनवरी को प्रस्तावित भव्य हिंदू सम्मेलन को लेकर क्षेत्र में उत्साह का माहौल है। इसको लेकर ग्रामीणों की एक बैठक कोटवा हनुमान मंदिर में संपन्न हुई। बैठक में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के जिला संचालक सुशील पांडेय, जिला प्रचारक शिवम सोनू ने भाग लिया। सम्मेलन के सफल एवं सुचारु आयोजन को सुनिश्चित करने के लिए सर्वसम्मति से 20 सदस्यीय आयोजन समिति का गठन किया गया है। अध्यक्ष पद पर बिरेंद्र प्रसाद सिंह को ,विश्वनाथ प्रसाद सिंह को उपाध्यक्ष, शंभू शरण सिंह को सचिव, अरविंद सिंह को कोषाध्यक्ष बनाया गया। इसके पूर्व सोमनाथ मंदिर को आतातायी गजनी द्वारा विध्वंस किए जाने के एक हजार साल पूरे होने पर शिवालय में ओम शब्दों की जाप की गई। कार्यक्रम के व्यवस्थापक हिमांशु सिंह उर्फ गपु सिंह ने बताया कि समिति के अन्य विभिन्न पदों पर पदाधिकारियों का चयन किया गया है। चयन के बाद सभी पदाधिकारियों को उनकी जिम्मेदारियां सौंप दी गई हैं। आयोजन समिति सम्मेलन की प्रत्येक व्यवस्था पर बारीकी से नजर रखेगी।

# डॉ. एस के एस महिला कॉलेज में विश्व हिन्दी दिवस पर संगोष्ठी का आयोजन




**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शहर के डॉ. श्री कृष्णा सिन्हा महिला महाविद्यालय में हिंदी विभाग के तरफ से विश्व हिंदी दिवस के सुअवसर पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी का विषय- वर्तमान परिप्रेक्ष्य और हिंदी भाषा में संभावना था।कार्यक्रम का प्रारंभ महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. डॉ. नलिन विलोचन की अध्यक्षता में दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। डॉ .कल्पना सिंह ,महाविद्यालय के बड़े बाबू लवली सिंह हिंदी विभाग की कुमारी रंजना और मुख्य वक्ता डॉ. गौरव भारती ने किया। विषय प्रवेश हिंदी विभागाध्यक्षता डॉ कुमारी रोशनी विश्वकर्मा ने किया । उन्होंने अपने वक्तव्य में बताया कि वर्तमान परिपेक्ष में भाषा को लेकर क्या-क्या समस्याएं आती है ' कैसे हमारी बोलियां धीरे - धीरे लुप्त हो रही हैं ., तो कैसे भाषा भी धीरे-धीरे लुप्त हो जाती है । इसको जीवित रखने के लिए हमें हिंदी भाषा के साथ-साथ उससे जुड़ी बोलियां को भी जीवित रखना है , जब बोलियाँ जीवित रहेगी तो उनसे जुड़ा साहित्य भी जीवित होगा और यही भाषा में अनंत संभावनाओं को भर देता है । यह संभावनाएं ही समय के साथ कदम से कदम मिलाकर चलता हैं । मंच का सफल संचालन डॉ . कुमारी रोशनी विश्वकर्मा ने किया । जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में मुंशी सिंह महाविद्यालय के आचार्य डॉ गौरव भारती ने अपना महत्वपूर्ण व्याख्यान देते हुए हिंदी विकास पर हिंदी भाषा के विकास यात्रा पर प्रकाश डालते हुए ब्रजभाषा से खड़ी बोली की यात्रा तय करते हुए वर्तमान में हिंदी भाषा को लेकर क्या-क्या समस्याएं हैं और इन समस्याओं का समाधान क्या हो सकता है इस पर इन्होंने विस्तार से व्याख्यान दिया । इन्होंने बताया कि आज का युग टेक्नोलॉजी का युग है ।हिंदी भाषा टेक्नोलॉजी के साथ भी आगे बढ़ रही है । आर्थिक, राजनीतिक स्थितियां भी इस भाषा को प्रभावित करती हैं ।साथ ही राजभाषा अधिकारी के रूप मेंअच्छे नौकरी की संभावना है तो बच्चों को अपने पठन-पाठन को लेकर प्रारंभ से ही जागरूक होना चाहिए कि किस तरह के विषयों को चुनना चाहिए , जिससे वह आगे चलकर उनकी शिक्षा रोजगारोन्मुख बन सके ।नई शिक्षा नीति भी अपनी भाषा में शिक्षा पर जोर देता है । और हिंदी तो विश्व की सबसे ज्यादा तीसरी बोले जाने वाली भाषा है ' महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य प्रोफेसर डॉ. अरुण कुमार ने भी हिंदी भाषा के विकास पर बहुत ही सुंदर व्याख्यान दिया उन्होंने कहा कि इस भाषा में अगर पुन जागरण भारतेंदु युग में नहीं हुआ होता तो पुनर्जागरण का असर हिंदी पट्टी में नहीं दिखाई देता। भाषा ऐसी है जो साहित्य के साथ-साथ नवजागरण का स्वर दिया ।करती है हिंदी भाषा जैसी बोली जाती है ठीक उसी तरह लिखी भी जाती है । इसी कारण इस भाषा में किसी तरह की दुविधा नहीं पैदा होती जबकि अंग्रेजी में ऐसा है 26 अल्फाबेट होते हुए भी उनकी ध्वनियां 44 तरीके की है । जिसके कारण भाषा की स्पष्टता अंग्रेजी भाषा में संभव नहीं है । अध्यक्षता भाषण महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. डॉ .नलिन विलोचन ने दिया । उन्होंने कहा कि हिंदी ऐसी भाषा है इसके माध्यम से हम अपनी भावनाओं को व्यक्त करते हैं ' हम सपने भी हिंदी भाषा में ही देखते हैं ।अपनी अनुरतियों को अपनी भाषा में ही व्यक्त करते हैं । यही कारण है कि हिंदी भाषाअपनी माता के लिए कोई भी कालखंड हो हमेशा जान जाएगी हिंदी भाषा खजाना है जिसके माध्यम से हम अपनी भावनाओं को अभिव्यक्त करते हैं।

# चुनाव के समय विपक्षी राज्यों में ईडी की सक्रियता पर पूर्व प्रत्याशी राम बाबू यादव ने उठाये सवाल



**रक्सौल (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** गैर-बीजेपी शासित राज्यों में विधानसभा चुनाव आते ही केंद्रीय एजेंसियों की कार्रवाई पर एक बार फिर सवाल उठने लगे हैं। ताजा मामला पश्चिमी बंगाल का है, जहां प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की कार्रवाई को लेकर राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर दबाव बनाए जाने के आरोप लगाए जा रहे हैं। इसी मुद्दे को लेकर रक्सौल के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी राम बाबू यादव ने केंद्र सरकार और ईडी की भूमिका पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि जब-जब गैर-बीजेपी राज्यों में चुनाव होते हैं, तब-तब वहां की चुनी हुई सरकारों को ईडी जैसी केंद्रीय एजेंसियों के जरिए तंग किया जाता है। राम बाबू यादव का आरोप है कि पश्चिमी बंगाल में भी चुनावी माहौल के बीच मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को परेशान करने की कोशिश की जा रही है।उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा कि क्या बीजेपी शासित राज्यों में ईडी के हाथ-पैर फूल जाते हैं? क्या वहां छापेमारी और जांच करने की हिम्मत नहीं होती? उन्होंने इसे राजनीतिक प्रतिशोध की कार्रवाई करार देते हुए कहा कि केंद्रीय एजेंसियों का इस्तेमाल विपक्षी दलों को डराने और जनता के बीच भ्रम पैदा करने के लिए किया जा रहा है। राम बाबू यादव ने कहा कि लोकतंत्र में एजेंसियों की निष्पक्षता बेहद जरूरी है, लेकिन मौजूदा हालात में ऐसा प्रतीत होता है कि इन्हें राजनीतिक हथियार के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा है। उन्होंने मांग की कि केंद्रीय एजेंसियां बिना किसी दबाव और भेदभाव के निष्पक्ष तरीके से काम करें, ताकि लोकतांत्रिक व्यवस्था पर लोगों का भरोसा बना रहे।इस बयान के बाद रक्सौल सहित आसपास के राजनीतिक गलियारों में चर्चा तेज हो गई है और आने वाले दिनों में इस मुद्दे पर सियासी बयानबाजी और बढ़ने की संभावना जताई जा रही है।

## एक नजर

### कट्टा के साथ दो गिरफ्तार

**मखदुमपुर (जहानाबाद)/नबिटा संवाददाता।** जिले के मखदुमपुर थाने की पुलिस ने मठ भगवानपुर गांव के पास छापामारी कर दो लोगों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से एक देसी कट्टा बरामद किया गया है। गिरफ्तार लोगों में आज़ाद पासवान ग्राम- असरफपुर का रहने वाला है। जबकि दूसरा युवक जितेंद्र गिरी ग्राम शेरपुर दोनों जिला नालंदा के रहने वाले हैं। मामले की जानकारी देते हुए थाना अध्यक्ष दिवाकर विश्वकर्मा ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि वहां पर कुछ असामाजिक तत्व के लोग सक्रिय है। जिसके बाद मखदुमपुर थाने की पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए देसी कट्टा के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया, साथ ही आर्म्स एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज कर जेल भेज दिया गया है।

### चार घंटे बाधित रहेगी विद्युत आपूर्ति

**अंबा (औरंगाबाद)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मेंटेनेंस कार्य को लेकर हरदत्ता पीएसएस के अंबा और बैरांव फीडर की विद्युत आपूर्ति रविवार को सुबह दस बजे से दो बजे तक बाधित रहेगी। उक्त आशय की जानकारी देते हुए कनीय विद्युत अभियंता प्रिय कंचन निराला ने बताया कि पावर ग्रिड और तेंतीस हजार केवीए के तार - पोल के मरम्मत कार्य को लेकर चार घंटे तक विधुत आपूर्ति ठप्प रहेगी। उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील किया है कि बिजली कटौती की समयावधि को देखते हुए अपने आवश्यक कार्यों का निपटारा कर लें।

### मिलेनियम कप क्रिकेट टूर्नामेंट का लोकार्पण आज

**हसपुरा (औरंगाबाद)/नबिटा संवाददाता।** हसपुरा क्षेत्र में मगध वर्ल्ड कप के नाम से चर्चित मिलेनियम कप क्रिकेट टूर्नामेंट को लेकर तैयारियां अपने अंतिम चरण में हैं। आयोजन समिति के अध्यक्ष शाहबाज मिन्हाज ने बताया कि टूर्नामेंट को भव्य और ऐतिहासिक स्वरूप देने के लिए लगभग सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। उन्होंने जानकारी दी कि 11 जनवरी (रविवार) को हसपुरा–नरसन रोड स्थित ड्रीम पैलेस मैरिज हॉल में सुबह 11 बजे कप का लोकार्पण समारोह आयोजित किया जाएगा। समिति के उपाध्यक्ष नंदन यादव और सरोज यादव ने बताया कि इस वर्ष टूर्नामेंट में नई परंपरा की शुरुआत करते हुए दो के स्थान पर छह ट्रॉफियों का अनावरण किया जाएगा। सचिव रजत गुप्ता, प्रिंस शौंडिक और बब्लू कुरैशी ने बताया कि टूर्नामेंट का उद्घाटन मुकाबला 14 जनवरी को गया जी महिला क्रिकेट टीम और रांची महिला क्रिकेट टीम के बीच खेला जाएगा। यह हसपुरा क्षेत्र के खेल इतिहास में एक महत्वपूर्ण क्षण होगा, क्योंकि पहली बार महिला क्रिकेट टीमों का मुकाबला यहां आयोजित किया जा रहा है। संयोजक दीपक कुमार, समुन्दर सिंह, राजू कुमार, राजकुमार, बबलू कुमार, रिंकू भारती, राजू भारती, रुस्तम आलम और रंजन कुमार ने बताया कि युवा समिति पूरे उत्साह और समर्पण के साथ टूर्नामेंट को सफल बनाने में जुटी हुई है। इसके साथ ही दर्शकों के मनोरंजन के लिए फ्रेंडशिप टूर्नामेंट मैच का भी आयोजन किया जाएगा।

### दरधा नदी की स्वच्छता एवं गाद निकासी को लेकर समग्र स्थल निरीक्षण



**जहानाबाद/ नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिला पदाधिकारी सह अध्यक्ष, जिला गंगा समिति, जहानाबाद के निर्देशानुसार दरधा नदी की स्वच्छता, गाद निकासी एवं जल प्रवाह सुदृढ़ीकरण से संबंधित कार्यों को लेकर शनिवार को पटना- गया बाईपास दौलतपुर मठिया से हॉस्पिटल मोड होरिलगंज,जाफरगंज, से होते हुए अलगाना मोड तक लगभग 6 किलोमीटर स्थल निरीक्षण किया गया। निरीक्षण का नेतृत्व निदेशक, डीआरडीए सह नोडल पदाधिकारी, जिला गंगा समिति, डॉ. रोहित कुमार मिश्र द्वारा किया गया।निरीक्षण के अवसर पर जिला परियोजना पदाधिकारी, जिला गंगा समिति, अमित कुमार के साथ बाढ़ नियंत्रण एवं निस्सरण प्रमंडल, एकंगरसराय के सहायक अभियंता, कनीय अभियंता तथा खनन निरीक्षक उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान नदी की वर्तमान भौतिक स्थिति, जल प्रवाह की क्षमता, गाद जमाव, प्राकृतिक अवरोधों तथा संभावित जोखिम बिंदुओं का सूक्ष्म एवं तकनीकी मूल्यांकन किया गया। निरीक्षण के क्रम में आने वाले समय को दृष्टिगत रखते हुए संबंधित पदाधिकारियों को यह निर्देश दिया गया कि पर्यावरणीय मानकों एवं प्रावधानों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित करते हुए दरधा नदी की साफ-सफाई एवं गाद निकासी हेतु एक समग्र, वैज्ञानिक, दीर्घकालिक एवं चरणबद्ध कार्य योजना तैयार की जाए। साथ ही कहा गया कि कार्य योजना इस प्रकार बनाई जाए कि नदी की प्राकृतिक संरचना, जैव विविधता एवं पर्यावरणीय संतुलन अक्षुण्ण रहे, साथ ही भविष्य में बाढ़, जलजमाव एवं कटाव की संभावनाओं को प्रभावी रूप से न्यूनतम किया जा सके।

### राजा बाजार में दो गुटों के बीच हिंसक झड़प

**जहानाबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** स्थानीय शहर के राजा बाजार इलाके में संकट मोचन मंदिर के पास देर रात दो गुटों के बीच हुए आपसी विवाद के बाद गोलीबारी की सूचना से इलाके में हड़कंप मच गया। बताया जा रहा है कि राजा बाजार क्षेत्र में मामूली कहासुनी देखते ही देखते हिंसक झड़प में तब्दील हो गई, जिसके बाद दोनों पक्षों की ओर से फायरिंग किए जाने की बात सामने आ रही है।घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस प्रशासन सतर्क हो गया। तत्काल 112 की टीम और नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रण में लिया। फिलहाल इलाके में पुलिस बल तैनात है और हालात पूरी तरह काबू में बताया जा रहा है।हालांकि, इस घटना को लेकर स्पष्ट अभी तक किसी भी पक्ष या प्रत्यक्षदर्शी द्वारा स्पष्ट जानकारी नहीं दी जा रही है। पुलिस प्रशासन का कहना है कि मामला गंभीर है और हर पहलू से जांच की जा रही है। जांच पूरी होने के बाद ही घटना की वास्तविक वजह और फायरिंग की पुष्टि की जा सकेगी। स्थानीय लोगों के अनुसार, विवाद किसी पुराने मसले, या संभवतः रास्ते को लेकर हुए विवाद से जुड़ा हो सकता है, लेकिन इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हो पाई है। राहत की बात यह है कि इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।प्रशासन ने आम नागरिकों से शांति बनाए रखने और किसी भी तरह के अफवाह न फैलाने की अपील की है। पुलिस का कहना है कि यदि जांच में गोलीबारी या अन्य आपराधिक गतिविधि की पुष्टि होती है तो दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।फिलहाल पुलिस प्रशासन मामले की छानबीन और जांच में जुट गई है।

### भाजपा ने संगठनात्मक मजबूती को लेकर की समीक्षा बैठक

**हसपुरा/नबिटा संवाददाता।** भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने गोह विधानसभा क्षेत्र में संगठनात्मक ढांचे को और सुदृढ़ करने के उद्देश्य से पचरूखिया में एक अहम बैठक आयोजित की। बैठक की अध्यक्षता दक्षिणी मंडल अध्यक्ष विनोद कुमार शर्मा ने की। इस दौरान मंच एवं मोर्चा प्रकोष्ठों के गठन से लेकर बूथ कमेटी और शक्ति केंद्र तक की संरचना पर विस्तार से विचार-विमर्श हुआ। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी 18 जनवरी तक सभी मंचों एवं मोर्चा प्रकोष्ठों का गठन पूर्ण कर लिया जाएगा, ताकि संगठनात्मक गतिविधियों को गति दी जा सके। अध्यक्ष विनोद कुमार शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि आज का दिन ऐतिहासिक महत्व रखता है—सोमनाथ मंदिर विध्वंस को एक हजार वर्ष पूर्ण होने के संदर्भ में देशभर में शिव आराधना हो रही है। उन्होंने इसे सांस्कृतिक चेतना और एकता का प्रतीक बताया। बैठक के उपरांत कार्यकर्ताओं ने पचरूखिया शिव मंदिर में भजन-कीर्तन और पूजा-अर्चना कर सामूहिक प्रार्थना की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला प्रभारी मनोज कुशवाहा रहे। इस अवसर पर जिला महामंत्री अमन कुशवाहा, टैगोर कुमार, पूर्व जिला महामंत्री रवि शंकर शर्मा, उत्तरी मंडल अध्यक्ष चंद्रकांत मुन्ना, गोह मंडल अध्यक्ष उमेश पासवान, उपहरा मंडल राजीव विद्यार्थी, पौथु मंडल राजकुमार चंद्रवंशी, महामंत्री दिलीप शर्मा, उपाध्यक्ष चितरंजन सिंह, युवा मोर्चा अध्यक्ष लव कुमार सिंह सहित महिला मोर्चा और पांचों मंडलों के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

# पशु पारिस्थितिकी तंत्र का हिस्सा, दिखाएं संवेदना : जिलाधिकारी

**जहानाबाद में पशु क्रूरता निवारण समिति की बैठक आयोजित**



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में जिला पदाधिकारी अनिल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में पशु क्रुरता निवारण हेतु जिला पशुपालन विभाग द्वारा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला पदाधिकारी द्वारा संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक निदेश दिए गए। बैठक में पशु क्रुरता निवारण समिति के सदस्यों पशु क्रुरता निवारण हेतु अधिनियम एवं कार्यन्वयन अनुदेश पर चर्चा की गई। बैठक में पशु क्रूरता समिति के सभी सदस्यों बैठक में उपस्थित नही थे, जिसके कारण जिला पदाधिकारी द्वारा खेद प्रकट किया गया तथा निर्देश दिया गया कि कार्यकारिणी समिति के जितने भी सक्रिय सदस्य हैं उनको रखते हुए अन्य सदस्य को भी शामिल किया जाए।बैठक में जिला पदाधिकारी द्वारा विभिन्न प्रखंडों में पशुओं की तस्करी रोकने एवं बेसहारा पशुओं को सहायता देने के लिए इस समिति को सुदृढ़ रूप से कार्य करने के लिए निर्देश दिया गया। बैठक में जिला पदाधिकारी ने जिला पशुपालन पदाधिकारी तथा उनके साथ उपस्थित सभी भ्रमणशील पशु चिकित्सा पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि क्षेत्र में रहकर पशुओं को चिकित्सा, कृत्रिम गर्भाधान, दवा की अच्छी स्थिति तथा अन्य विभागीय योजनाओं को सुनियोजित तरिके से क्रियान्वयन हेतु प्रयास करें।बैठक मे बताया गया कि आवारा कुत्तो की संख्या मे काफी बढोत्तरी हुई है, इस पर जिलाधिकारी ने नियंत्रण करने हेतु कुत्तों का टीकाकरण कराने का निर्देश दिया। साथ ही लावारिश पशुओं को पकड़ने के लिए प्रशिक्षित व्यक्ति के साथ वाहन की व्यस्त कराने का भी निर्देश जिला पशुपालन पदाधिकारी को दिया गया। बैठक मे बताया गया कि पशुपालन कार्यालय मे जो बिमार पशु आते है, उनके इलाज के दौरान मृत्यु हो जाती है, जिसके बाद उनका निस्तारण करने मे काफी परेशानी होती है। इस पर जिला पदाधिकारी द्वारा कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद को निर्देश दिया गया कि जो पशु इलाज के दौरान मृत्यु हो जाता है, इसका निस्तारण करने मे सहायता करें। बैठक मे जिला पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि पशुओं पर अत्याचार और क्रूरता बंद होना चाहिए। जानवरों को पारिस्थितिकी तंत्र का हिस्सा बताते हुए जिलाधिकारी ने जिलेवासियों से बेजुबान पशुओं के खिलाफ क्रूरता रोकने की अपील की। पशुओं के कुछ सामान्य अधिकार की चर्चा करते हुए जिलाधिकारी ने बताया कि बुरी तरह से रख-रखाव करना जैसे ज्यादा बोझ डालना, बीमार या कम उम्र के पशुओं से काम लेना,किसी पशु को लावारिश छोड़ना,गर्भवती एवं बीमार पशु का वध करना इत्यादि पशुओं से क्रूरता की श्रेणी में आता है। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि कोई व्यक्ति राज्य से बाहर गाय, भैंस, बाछा बाछी, पाड़ा-पाड़ी, भैंसा, सांढ़ एवं बैल का निर्यात नहीं करेगा। इस उपबन्ध के उल्लंघन करने वाले को छः माह का कारावास या 1000/- रू. का जुर्माना या दोनों के दंड का प्रावधान के अनुसार दंडात्मक कार्रवाई की जायेगी।

## राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय में खेलकूद महोत्सव 'उमंग'



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** जिले के हुलासगंज स्थित जहानाबाद राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय, में वार्षिक खेलकूद महोत्सव उमंग–2026 का भव्य आयोजन 9 जनवरी से 12 जनवरी 2026 तक किया जा रहा है। "उमंग–2026" वार्षिक खेलकूद महोत्सव कार्यक्रम का उद्घाटन कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर द्वारका दास नीमा द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। इसके बाद छात्रावास के मुख्य प्रतिपालक सह स्पोर्ट्स कोऑर्डिनेट प्रो नवनीत कुमार ने प्राचार्य डा द्वारका दास नीमा को पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया।उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए प्राचार्य डॉ. नीमा ने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद भी जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा है, जिससे शारीरिक एवं मानसिक दोनों प्रकार का स्वास्थ्य बेहतर रहता है। उन्होंने विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ खेल गतिविधियों में भी बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर खेल संभाग के संयोजक प्रो. पुरुषोत्तम कुमार ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि उमंग केवल कॉलेज स्तर तक सीमित नहीं है, बल्कि यह प्रतिभाशाली खिलाड़ियों के लिए डिविजनल लेवल और आगे स्टेट लेवल तक पहुंचने का सशक्त मंच प्रदान करता है। उन्होंने छात्रों से अनुशासन, निरंतर अभ्यास और खेल भावना के साथ बेहतर प्रदर्शन करने का आह्वान किया। उल्लेखनीय है कि उमंग एक वार्षिक खेलकूद आयोजन है, जिसमें बिहार सरकार के अंतर्गत सभी इंजीनियरिंग कॉलेज पहले कॉलेज स्तर, उसके बाद डिविजनल स्तर तथा अंत में राज्य स्तर पर अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करते हैं। इस आयोजन के अंतर्गत क्रिकेट, कबड्डी, वॉलीबॉल, बैडमिंटन, टेबल टेनिस, एथलेटिक्स सहित विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं। इस आयोजन में महाविद्यालय के प्राध्यापक प्रो शशि कुमार समेत समस्त प्राध्यापकगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं एवं दर्शक उपस्थित रहे। पूरे आयोजन के दौरान कॉलेज परिसर खेल भावना, अनुशासन और उत्साह से सराबोर नजर आया।

## सड़क दुर्घटना में पूर्व जदयू प्रखंड अध्यक्ष घायल

**रफीगंज (औरंगाबाद)/नबिटा संवाददाता।** रफीगंज ब्लॉक के समीप ओवर ब्रिज के नीचे चेव गांव जाने के क्रम में बाइक से गिरकर पूर्व जदयू प्रखंड अध्यक्ष सुनील कुमार वर्मा घायल हो गए। घायल सुनील वर्मा ने कहा कि रात्रि में भाजपा नेता हुसैन कर्मा गांव निवासी शिवनारायण साव के माता जी के ब्रह्म भोज कार्यक्रम से लौटते के क्रम में रेल ओवर ब्रिज के नीचे चेव जाने वाली सड़क जर्जर एवं पानी जल जमाव था। उसी में मोटरसाइकिल का चक्का फिसल जाने से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं स्थानीय निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। इलाज के बाद उन्हें स्थानीय लोगों द्वारा गांव पहुंचाया गया। स्थिति ठीक बताया गया।

## सिविल सर्जन ने रफीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का किया निरीक्षण



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में औरंगाबाद सीएस डॉ कृष्ण कुमार ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान लैब, ओपीडी, प्रसव रूम, ऑपरेशन रूम, ऑडी इत्यादि सभी जगहों पर घूम घूम कर निरीक्षण किया। निरीक्षण बाद चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अरविंद कुमार सिंह, स्वास्थ्य प्रबंधक नेहा सिन्हा एवं डॉक्टर सुबोध कुमार के द्वारा गुलदस्ता देकर स्वागत किया गया। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि हमारे जिले के नए आए सीएस ने हमारे स्वास्थ्य केंद्र में पहली बार आए इसलिए हम लोगों ने गुलदस्ता देकर सम्मानित किया। फिर सभी स्थलों पर निरीक्षण किया और कायाकल्प इक्वास इत्यादि से सम्मानित रफीगंज स्वास्थ्य केन्द्र के बारे में जानकारी ली। इस मौके पर विकास कुमार सिंह, बीएमसी सुभाष कुमार, बीसीएम सनी कुमार, अकाउंटेंट राजेश कुमार, लैब टेक्नीशियन रविंद्र कुमार, डाटा ऑपरेटर निर्भय कुमार, सफाई सुपरवाइजर लाल बहादुर इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

## सड़क सुरक्षा माह के तहत रक्तदान शिविर आयोजित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** सड़क सुरक्षा माह के अवसर पर सदर अस्पताल स्थित ब्लड बैंक परिसर में रक्तदान अभियान का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम परिवहन विभाग, बिहार सरकार एवं जिला परिवहन कार्यालय, जहानाबाद द्वारा आयोजित किया गया। इस अभियान में जिले की जागरूक जनता, विभिन्न एनजीओ के सदस्य, जिला परिवहन पदाधिकारी, अपर जिला परिवहन पदाधिकारी सहित परिवहन विभाग के सभी पदाधिकारी एवं कर्मियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और रक्तदान कर सामाजिक जिम्मेदारी का परिचय दिया। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत जिला परिवहन कार्यालय द्वारा लगातार विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में जिला परिवहन पदाधिकारी अविनाश कुमार के नेतृत्व में रक्तदान अभियान चलाया गया। इस दौरान आमजनों को सड़क सुरक्षा से जुड़े नियमों, मानकों एवं सुरक्षित यातायात के महत्व की विस्तृत जानकारी भी दी गई।

कार्यक्रम के अवसर पर सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत जागरूकता रथ को भी रवाना किया गया, जिसके माध्यम से प्रशासन द्वारा जारी सड़क सुरक्षा संबंधी दिशा-निर्देशों को जन-जन तक पहुंचाया जा रहा है। अधिकारियों ने बताया कि रक्तदान महादान है और प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को आगे आकर रक्तदान करना चाहिए। सड़क दुर्घटनाओं में घायल लोगों को गोल्डन आवर के दौरान समय पर रक्त उपलब्ध न हो पाने से कई बार गंभीर कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इसी उद्देश्य से सड़क सुरक्षा माह में रक्तदान जैसे मानवीय कार्यक्रम को शामिल किया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि रक्तदान से किसी प्रकार की शारीरिक हानि नहीं होती, क्योंकि शरीर स्वयं नया रक्त बना लेता है। एक स्वस्थ व्यक्ति चार माह के अंतराल पर सुरक्षित रूप से रक्तदान कर सकता है। रक्तदान कार्यक्रम के दौरान जिला परिवहन पदाधिकारी अविनाश कुमार ने उपस्थित लोगों को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई। शपथ के तहत बिना हेलमेट दोपहिया वाहन न चलाने, बिना सीट बेल्ट चारपहिया वाहन न चलाने तथा वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग न करने का संकल्प लिया गया। साथ ही लोगों ने अपने परिवार, समाज एवं संपर्क में आने वाले सभी व्यक्तियों को भी यातायात नियमों के पालन के लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया।

## जीटीएसई सेमिनार आयोजित, मेधावी छात्रों को किया गया सम्मानित




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** टाउन हॉल, औरंगाबाद में गोल टैलेंट सर्च एक्जाम सेमिनार का आयोजन किया गया। इस सेमिनार में इस ज़ोन के प्री-एग्जाम में सफल एवं मेन्स परीक्षा में सम्मिलित हुए सैकड़ों छात्र-छात्राएं अपने अभिभावकों तथा अनेक शिक्षकों के साथ उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों में प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाना और उन्हें सही दिशा में मार्गदर्शन प्रदान करना रहा। सेमिनार को औरंगाबाद के अनुमंडल पदाधिकारी एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ने संबोधित किया। अपने संबोधन में दोनों अधिकारियों ने छात्रों को लक्ष्य के प्रति समर्पित रहकर अनुशासन, निरंतर परिश्रम और सही मार्गदर्शन के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर गोल इंस्टीट्यूट के संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक बिपिन सिंह, रांची सेंटर हेड अभिषेक जी तथा धनबाद सेंटर डायरेक्टर संजय आनंद ने भी छात्रों को संबोधित किया। अपने संबोधन में बिपिन सिंह ने कहा कि जीटीएसइ का आयोजन गोल द्वारा सामाजिक दायित्व के तहत प्रारंभ से ही किया जा रहा है, ताकि छात्रों में प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रति जागरूकता उत्पन्न हो सके। उन्होंने बताया कि हर वर्ष हजारों छात्र जीटीएसइ के माध्यम से सिविल सेवा, मेडिकल, इंजीनियरिंग सहित विभिन्न क्षेत्रों में अपने सपनों को साकार कर रहे हैं। उन्होंने अपने मूल अकादमिक विचारों के माध्यम से छात्रों को लक्ष्य निर्धारण और सही रणनीति पर विशेष मार्गदर्शन दिया। धनबाद सेंटर डायरेक्टर संजय आनंद ने बताया कि पिछले 28 वर्षों में गोल से 18,000 से अधिक छात्र सफल होकर डॉक्टर बने हैं, जो देश-विदेश में सेवाएं दे रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि औरंगाबाद में भी गोल के अनेक पूर्व छात्र सफल डॉक्टर के रूप में कार्यरत हैं। रांची ब्रांच कोऑर्डिनेटर अभिषेक ने जानकारी दी कि जीटीएसइ के माध्यम से छात्रों को रैंक के आधार पर 100 प्रतिशत तक छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है। साथ ही 9वीं एवं 10वीं कक्षा के छात्रों के लिए केवल पंजीकरण शुल्क पर निःशुल्क ऑनलाइन कोर्स की सुविधा भी उपलब्ध कराई जा रही है। कार्यक्रम के अंत में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया। धनबाद सेंटर डायरेक्टर संजय आनंद ने बताया कि पिछले 28 वर्षों में गोल से 18,000 से अधिक छात्र सफल होकर डॉक्टर बने हैं, जो देश-विदेश में सेवाएं दे रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि औरंगाबाद में भी गोल के अनेक पूर्व छात्र सफल डॉक्टर के रूप में कार्यरत हैं। रांची ब्रांच कोऑर्डिनेटर अभिषेक ने जानकारी दी कि जीटीएसइ के माध्यम से छात्रों को रैंक के आधार पर 100 प्रतिशत तक छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है। साथ ही 9वीं एवं 10वीं कक्षा के छात्रों के लिए केवल पंजीकरण शुल्क पर निःशुल्क ऑनलाइन कोर्स की सुविधा भी उपलब्ध कराई जा रही है। कार्यक्रम के अंत में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया।

## एस.एस. कॉलेज के डॉ. भागवत कुमार 'हिंदी रत्न' सम्मान से सम्मानित



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** विश्व हिंदी दिवस पर बिहार हिंदी साहित्य सम्मेलन के तत्वावधान में आयोजित 'हिंदी रत्न सम्मान समारोह' में शिक्षा एवं साहित्य के क्षेत्र में विशिष्ट, सतत एवं मूल्यपरक योगदान के लिए स्वामी सहजानंद महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. भागवत कुमार को प्रतिष्ठित 'हिंदी रत्न' सम्मान से विभूषित किया गया। पटना स्थित सम्मेलन भवन के भव्य सभागार में आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने डॉ. भागवत कुमार को अंगवस्त्र, प्रशस्ति-पत्र एवं स्मृति-चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया। समारोह की गरिमा विद्वत्‌जनों, साहित्यसेवियों एवं गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति से और अधिक उन्नत हुई। अपने संबोधन में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि हिंदी केवल अभिव्यक्ति का माध्यम नहीं, अपितु हमारी सांस्कृतिक चेतना, राष्ट्रीय अस्मिता और वैचारिक विरासत की संवाहिका है। डॉ. भागवत कुमार जैसे समर्पित शिक्षक एवं प्रखर साहित्यकार अपनी साधना, लेखनी और शिक्षण के माध्यम से हिंदी को वैश्विक परिदृश्य में नई ऊंचाइयों तक प्रतिष्ठित कर रहे हैं। सम्मान ग्रहण करने के उपरांत डॉ. भागवत कुमार ने कृतज्ञता प्रकट करते हुए कहा कि यह अलंकरण उनके लिए गौरव के साथ-साथ हिंदी सेवा की नई साधना और दायित्वबोध का प्रेरक संकल्प है। उन्होंने इस उपलब्धि का श्रेय अपने गुरुजनों, सहकर्मियों एवं महाविद्यालय परिवार को समर्पित किया। इस अवसर पर बिहार हिंदी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष अनिल सुलभ, न्यायमूर्ति संजय कुमार एवं अन्य प्रतिष्ठित साहित्यकारगण, शिक्षाविद् तथा अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंतर्गत हिंदी के प्रचार-प्रसार, साहित्य-सृजन और हिंदी को जन-जन की जीवंत भाषा बनाने के संकल्प पर सारगर्भित विमर्श हुआ। बताया जाता है कि यह समारोह हिंदी भाषा के गौरव, उसकी सृजनशील परंपरा और भावी पीढ़ियों के प्रति हमारी सांस्कृतिक उत्तरदायित्व-बोध का प्रेरणास्रोत सिद्ध हुआ।

**बिहार सरकार**

**न्यायालय-जिला पंचायत कार्यालय, सिवान**

**अति अल्पकालीन आम–सूचना**

एतद् द्वारा नीचे अंकित विपक्षी/प्रतिवादी को सूचित किया जाता है कि बिहार मद्यनिषेध उत्पाद अधिनियम 2016 के अन्तर्गत जब्त वाहनों के अधिहरण हेतु प्राप्त प्रस्ताव के आलोक में अद्योहस्ताक्षरी के न्यायालय में अधिहरण वाद संधारित है:–

| क्र0 सं0 | अधिहरण वाद संख्या | थाना का नाम | थाना काण्ड संख्या | वाहन निबंधन संख्या/चेचिस नं0/इंजन नं0 | वाहन का प्रकार | वाहन मालिक का नाम व पता |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 14. | 1012/2025 | उत्पाद थाना सिवान | 405/2024 | निबंधन सं0–HR51Y3165, चेचिस नं0–72B69186, इंजन नं0–BS74B30708 | SCORPIO | अनुरूद्धा कुमार पिता–जगदिष सिंह पता–774, ग्राम–बरोली जिला–फरिदाबाद राज्य–हरयाणा |

उपरोक्त वादों की सुनवाई की अगली तिथि 27.01.2026 निर्धारित करते हुए विपक्षी/प्रतिवादी एवं सम्बद्ध व्यक्ति को सूचित किया जाता है कि उक्त वाद में निर्धारित तिथि तक स्वयं तथा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से बिहार मद्यनिषेध और उत्पाद (संसोधन) नियमावली–2022 के नियम 12(क) के अन्तर्गत प्रपत्र–IV भरकर जप्त वाहन के अवमुक्ति हेतु वाहन के नवीनतम बीमाकृत मुल्य का 50 प्रतिशत राशि शास्ति के मद में चालान के माध्यम से जमा करना सुनिश्चित किया जाय। निर्धारित तिथि तक अनुपस्थित रहने की स्थिति में यह समझा जायेगा कि आपको अपने पक्ष में कुछ नहीं कहना है और तदोपरान्त एक पक्षीय सुनवाई करते हुए आदेश पारित कर दिया जायेगा, जिसके लिए पूर्ण रूप से आप स्वयं जिम्मेदार होंगे।

(बालेन्दु नारायण पाण्डेय)
जिला पंचायत राज पदाधिकारी,सिवान

PR. No. 021472 (Excise) 2025-26

उक्त सूचना www.state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।

**अगर मन में हो एच.आई.वी. अथवा यौन जनित रोग से जुड़े सवाल तो तुरन्त 1097 पर करें कॉल।**

**कार्यालय नगर पंचायत मझिआँव**

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– 13/2025–26**

1. विज्ञापन दाता का नाम :– कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत मझिआँव।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय :– दिनांक 22.01.2026 को अपराह्न 4:00 बजे तक।
3. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– कार्यालय नगर पंचायत मझिआँव।
4. निविदा प्राप्ति का स्थान, तिथि एवं समय :– कार्यालय नगर पंचायत मझिआँव में दिनांक 24.01.2026 को अपराह्न 2:00 बजे तक।
5. निविदा खोलने का स्थान, तिथि एवं समयः– कार्यालय नगर पंचायत मझिआँव में दिनांक 24.01.2026 को अपराह्न 02:30 बजे से।
6. कार्य विवरणीः–

| क0 .सं0 | वार्ड सं0 | मद | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र का मुल्य | अग्रधन की राशि | अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 03 | शहरी परिवहन | PCC road at ward no 03 from Laxmi Mehta Land to Koyal River Bridge. | 520300 | 5000 | 10500 | 45 दिन |
| 02 | 03 | शहरी परिवहन | PCC road at ward no 03 from Keratal Bandh to Uday Paswan house. | 525400 | 5000 | 10600 | 45 दिन |
| 03 | 07 | शहरी परिवहन | PCC road at ward no 07 from Manjhiaon Bituminious road to Janta Ansari house | 693700 | 5000 | 13900 | 45 दिन |
| 04 | 03 | शहरी परिवहन | PCC road at ward no 03 from Pipal tree at Devi Sthan to Umesh Singh house. | 520300 | 5000 | 10500 | 45 दिन |
| 05 | 07 | शहरी परिवहन | PCC road at ward no 07 from Rajendra Paneri house to Sudhir Ram house | 520300 | 5000 | 10500 | 45 दिन |
| 06 | 06 | शहरी परिवहन | PCC road at ward no 06 from Rampyari Sharma house to Anirudh Vishwkarma house | 607000 | 5000 | 12200 | 45 दिन |
| 07 | 03 | शहरी परिवहन | PCC road at ward no 03 from Ram Prakash Sah land to Laxmi Mehta Land | 520300 | 5000 | 10500 | 45 दिन |
| 08 | 03 | शहरी परिवहन | PCC road at ward no 03 from Ram Pravesh Singh house to Umesh Singh House | 780400 | 5000 | 15700 | 45 दिन |
| 09 | 07 | शहरी परिवहन | PCC road at ward no 07 from Sarfuddin Miyan House to Sudhir Ram house | 520300 | 5000 | 10500 | 45 दिन |
| 10 | 04 | शहरी परिवहन | PCC road at ward no 04 from Shiyaram Mehta Land to Sunil Mehta Land. | 520300 | 5000 | 10500 | 45 दिन |
| 11 | 12 | शहरी परिवहन | PCC road at ward no 12 from Shiv Kumar Chaudhary house to Devi Dham | 782800 | 5000 | 15700 | 45 दिन |
| 12 | 03 | शहरी परिवहन | PCC road at ward no 03 from Sunil Mehta Land to Ram Prakash Saw Land. | 520300 | 5000 | 10500 | 45 दिन |
| 13 | 03 | शहरी परिवहन | PCC road at ward no 03 from Sunil's Corner house to Birendra Dubey well | 520300 | 5000 | 10500 | 45 दिन |
| 14 | 12 | शहरी परिवहन | PCC road at ward no 12 from Tin muhan to Devi Dham | 547900 | 5000 | 11000 | 45 दिन |
| 15 | 07 | शहरी परिवहन | PCC road at ward no 07 from Bypass Pind to Janta Ansari house | 693700 | 5000 | 13900 | 45 दिन |
| 16 | 06 | शहरी परिवहन | PCC road at ward no 06 from Bypass road to Anirudh Vishwkarma house | 607000 | 5000 | 12200 | 45 दिन |
| 17 | 03 | शहरी परिवहन | PCC road at ward no 03 from Bakri Bazar main road to Umesh Singh house | 693700 | 5000 | 13900 | 45 दिन |

नोट :– विस्तृत सूचना एवं शर्तें अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय के सूचना पटट् पर कार्यालय अवधि में देखा जा सकता है।

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर पंचायत मझिआँव

PR 370526 (Urban Development)25-26*D

# संविधान विरोधी हैं ममता बनर्जी : गिरिराज

## केन्द्रीय मंत्री ने ममता और ओवेसी पर साधा निशाना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को बंगाल का एक-एक व्यक्ति उन्हें संविधान विरोधी बता रहा है। ईडी कार्रवाई का जिक्र करते हुए आरोप लगाया कि आज तक कहीं देखा गया है कि कोई मुख्यमंत्री ईडी के हाथों से कागजात छीनकर बाहर आए और कहे कि ये गुप्त दस्तावेज थे। अगर गुप्त थे तो क्या वह पार्टी दफ्तर था। उक्त बातें शनिवार को केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा। शनिवार को केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह अपने चार दिवसीय दौरे पर संसदीय क्षेत्र पहुंचे। जहां वे विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। दौरे के पहले ही दिन उन्होंने राजनीतिक बयानबाजी तेज करते हुए महागठबंधन, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी पर तीखा हमला बोला। महागठबंधन पर निशाना साधते हुए गिरिराज सिंह ने उसकी एकता पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा, महागठबंधन है कहां, चुनाव के समय राहुल गांधी के आसपास सब सट जाते हैं, बाद में कोई नहीं रहता। सब संतरे की तरह बिखरे हुए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि ममता बनर्जी को डर था कि दस्तावेज मिलने से अभिषेक बनर्जी फंस सकते हैं, इसलिए डीजीपी को साथ लेकर ईडी दफ्तर से कागजात ले जाए गए। गिरिराज सिंह ने कहा, इतने बड़े डकैत हैं कि डीजीपी को साथ लेकर कागजात चुरा लिए गये। उन्होंने कहा कि पूरी दुनिया देख रही है कि उल्टे चोर कोतवाल को डांट रहे हैं। और गृह मंत्री अमित शाह पर आरोप लगाए जा रहे हैं। साथ ही उन्होंने दावा किया कि अमित शाह को गाली देने से बंगाल की जनता भ्रमित नहीं होगी। गिरिराज सिंह ने आरोप लगाया कि ममता बनर्जी बंगाल को घुसपैठियों के हवाले करना चाहती हैं। उन्होंने कहा कि बंगाल का शायद ही कोई जिला बचा हो जहां हिंदू डरे और सहमे हुए न हों। उन्होंने हिंदुओं से डर से बाहर निकलकर राज्य को बचाने की अपील की। गिरिराज सिंह ने कहा कि भारत रत्न डा. एपीजे अब्दुल कलाम जैसे व्यक्तित्व को पूरा देश सम्मान देता है, लेकिन नफरत फैलाने वालों को देश कभी नेता नहीं मानेगा। उन्होंने आरोप लगाया कि ओवैसी जैसे नेता समाज में हिंदू-मुसलमान के नाम पर द्वेष फैलाने का काम करते हैं, जिसे देश स्वीकार नहीं करेगा।

# बाल विवाह मुक्त भारत अभियान की मजबूती को ले प्रशिक्षण सह कार्यशाला

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**आरा।** खेल भवन, आरा में 100 दिवसीय अभियान के तहत बाल विवाह मुक्त भारत अभियान विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन हुआ। यह कार्यक्रम सामाजिक संस्था दिशा एक प्रयास, उसकी साथी संस्था जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन, जिला बाल संरक्षण इकाई एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार भोजपुर के संयुक्त प्रयास से सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इसका मुख्य उद्देश्य बाल विवाह की प्रभावी रोकथाम, कानूनी प्रावधानों की स्पष्ट समझ, समय पर हस्तक्षेप की प्रक्रिया तथा विभिन्न विभागों के बीच मजबूत समन्वय स्थापित करना रहा। संस्था की सचिव कुमारी सुनिता सिंह ने बाल विवाह से जुड़े सामाजिक, आर्थिक एवं कानूनी मुद्दों पर प्रभावशाली संबोधन दिया। कहा कि गरीबी, अशिक्षा और सामाजिक रूढ़ियां बाल विवाह के प्रमुख कारण हैं। जिन्हें सामूहिक प्रयास व त्वरित कार्रवाई से समाप्त किया जा सकता है। उन्होंने विशेष रूप से आंगनबाड़ी सेविकाओं, आशा दीदियों एवं पैरा लीगल वॉलंटियर्स को उनके दायित्वों, अधिकारों तथा बाल विवाह रोकने में उनकी निर्णायक भूमिका के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

मौके पर जिला बाल संरक्षण इकाई के सहायक निदेशक आलोक कुमार गौतम, सीपीओ शक्ति भास्कर, बाल कल्याण समिति अध्यक्ष अंशुमान जॉर्ज, सदस्य मनीष कुमार सिंह, महिला एवं बाल विकास निगम के मो तैयब अख्तर व जैकी राज, जिला विधिक सेवा प्राधिकार से अरीशा जलीन, विनय कुमार, महिला थाना, चाइल्ड लाइन की टीम, आंगनबाड़ी सेविकाएं, सामाजिक कार्यकर्ता एवं दिशा एक प्रयास की टीम समेत अन्य मौजूद थे। वक्ताओं ने एक स्वर में बाल विवाह उन्मूलन के लिए जमीनी स्तर पर सशक्त कार्रवाई, विभागीय समन्वय व निरंतर निगरानी की आवश्यकता पर जोर दिया। कार्यशाला के अंत में प्रतिभागियों ने बाल विवाह मुक्त भारत अभियान को सफल बनाने, समाज में व्यापक जागरूकता फैलाने, भोजपुर को बाल विवाह मुक्त बनाने के लिए निरंतर एवं सामूहिक प्रयास करने का दृढ़ संकल्प लिया।

# वर्ग शिक्षण में आने वाली कठिनाईयों का किया गया समाधान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** कम्प्लेक्स रिसोर्स सेंटर मेहदौली में शनिवार को क्लास 4 व 5 के शिक्षकों को अकादमिक अनुसमर्थन विषय विशेषज्ञ शिक्षक के द्वारा दिया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संचालक कृष्ण कुमार व समन्वयक अशोक कुमार सिंह ने कहा कि बेहतर शिक्षण पद्धति नई तकनीकों व शैक्षणिक सामग्री के उपयोग में मदद करती है ताकि बच्चों को बेहतर शिक्षा दी जा सके। कार्यशाला में शिक्षकों को वर्ग शिक्षण में आने वाली समस्याओं व कठिन बिंदुओं पर विशेषज्ञ शिक्षकों द्वारा समाधान बताया गया। साथ ही वर्ग कक्ष में नवाचार करने के लिए प्रेरित किया गया। शिक्षकों को नवीनतम शिक्षण विधियों व तकनीकों से अवगत कराया गया ताकि कक्षा शिक्षण प्रभावी हो सके। सभी शिक्षकों को मासिक कार्य योजना बनाने को कहा गया। मौके पर विषय विशेषज्ञ शिक्षक शानू, श्वेता, नितेश, शिक्षक अजनीश, अनिल, गोपाल, ऋषि, राकेश, मुस्लिम अंसारी, सुमन भारती आदि मौजूद थे।

# रवीन्द्र कुमार सिंह बने सुधा डेयरी के नए प्रबंधक

## डेयरी के कार्यों में पारदर्शिता, अनुशासन और किसानों के हित में बनेगी बेहतर कार्य प्रणाली : रवीन्द्र

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बरौनी।** बरौनी सुधा डेयरी में प्रबंधन स्तर पर बड़ा बदलाव किया गया है। बिहार राज्य दुग्ध सहकारी संघ लिमिटेड (कम्फेड) ने शनिवार को बरौनी दुग्ध संघ के प्रबंधक रविंद्र प्रसाद को तत्काल प्रभाव से पदमुक्त कर दिया। इसके साथ ही शनिवार को ही नए प्रबंधक के रूप में रविंद्र कुमार सिंह ने अपना पदभार ग्रह्णा कर लिया। नए प्रबंधक के पदभार संभालने पर बरौनी दुग्ध संघ परिसर में स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर बोर्ड सदस्य बरौनी-एक के



मुखिया पंकज सिंह रामभजन, दीपक, डा संजीव सिंह, सामाजिक कार्यकर्ता महेश झा, मैनेजर विशाल कुमार सहित सुधा डेयरी के कर्मचारियों ने माला पहनाकर और बुके भेंट कर नए प्रबंधक का स्वागत किया। बताया जाता है कि पूर्व प्रबंधक रविंद्र प्रसाद पर लगभग 100 करोड़ रुपये की वित्तीय अनियमितताओं, जालसाजी और प्रशासनिक गड़बड़ियों के गंभीर आरोप लगे हैं। संस्थान की छवि को बनाए रखने और दुग्ध उत्पादक किसानों के हितों की रक्षा के उद्देश्य से कन्फेड मुख्यालय द्वारा यह सख्त कदम उठाया गया है। नए प्रबंधक रविंद्र कुमार सिंह से डेयरी के कार्यों में पारदर्शिता, अनुशासन और किसानों के हित में बेहतर कार्यप्रणाली की उम्मीद जताई जा रही है।

# नगर निगम चुनावी खिचड़ी में तड़का लगाने उतर सकती हैं नामधारी परिवार की बहू

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** नगर निकाय चुनाव का बिगुल 14 जनवरी के बाद कभी भी बज सकता है। 14 जनवरी नजदीक आ रहा है चुनावी रंग में रंगे संभावित प्रत्याशी सामने नजर आते जा रहे हैं। विशेष सूत्रों से पता चला है कि पलामू जिले के चर्चित व राजनीति के धुरंधर नामधारी परिवार की बहू भी चुनावी मैदान में आ सकती हैं। मेदिनीनगर नगर निगम चुनाव में मेयर प्रत्याशी की सीट महिला के लिए आरक्षित कर दिए जाने के बाद सभी संभावित प्रत्याशी अपने-अपने दावपेंच लगाने शुरू कर दिए हैं। इस लड़ाई में निवर्तमान मेयर व पूर्व प्रत्याशी पूरे दम खम के साथ जोर लगा रहे हैं। राजनीतिक के धुरंधर रहे इंदर सिंह नामधारी परिवार न तो नाम का मोहताज है और न ही परिचय का। ऐसे में उनके परिवार से निकाय चुनाव में मेयर प्रत्याशी के रूप में उतरना बहुत दिलचस्प के साथ निकाय चुनाव को जटिल भी बनाएगा। वैसे तो राजनीति व खेल में कुछ भी कहना संभव नहीं है। मगर यहां पर नामधारी परिवार में सभी वर्ग, सभी जाति व सभी समुदायों में इनकी एक अपनी पकड़ चुनाव को और भी दिलचस्प बना सकता है।

# एनएसयूआई ने कुलपति का किया पुतला दहन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**बेगूसराय।** जीडी कॉलेज परिसर में शनिवार को भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन के कार्यकर्ताओं द्वारा ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के कुलपति संजय कुमार चौधरी का पुतला दहन किया गया। यह विरोध प्रदर्शन एनएसयूआई जीडी कॉलेज इकाई के अध्यक्ष श्याम सुंदर कुमार के नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर कॉलेज अध्यक्ष श्याम सुंदर कुमार ने कहा कि बीते कई महीनों से जी डी कॉलेज की विधि-व्यवस्था एवं मूलभूत सुविधाओं में व्याप्त अव्यवस्थाओं को लेकर प्राचार्य सहित विश्वविद्यालय के कुलपति महोदय को आवेदन के माध्यम से लगातार अवगत कराया गया है, लेकिन आज तक किसी भी प्रकार की ठोस कार्रवाई नहीं की गई। उन्होंने पत्रकारों को संबोधित करते हुए गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि कॉलेज परिसर में दलाल किसके संरक्षण में फल-फूल रहे हैं, यह बड़ा सवाल है। दलालों के कारण छात्र-छात्राएं लगातार परेशान हैं। उन्होंने आगे कहा कि महाविद्यालय में शौचालय जैसी बुनियादी सुविधाओं की स्थिति दयनीय बनी हुई है। जिसे सुधारने के लिए अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। कॉलेज प्रशासन द्वारा लगातार संस्थान की गरिमा और प्रतिष्ठा को धूमिल करने का प्रयास किया जा रहा है। साथ ही उन्होंने दशकों से कार्यरत कर्मचारियों को हटाए जाने पर भी सवाल उठाते हुए इसका कारण स्पष्ट करने की मांग की। इस विरोध प्रदर्शन में एनएसयूआई के अंकित कुमार, रमेश कुमार, प्रिंस कुमार, अमन कुमार, रौनक कुमार, बब्लू कुमार, सौरभ कुमार, दीपक कुमार सहित बड़ी संख्या में छात्र उपस्थित थे। एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र ही समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

# महेशपुर टोला तक पुनपुन नदी पर बना है चचरी का पुल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** जिले के ओबरा प्रखंड के महुआंव टोला महेशपुर गांव जाने वाली नदी पर पुल नहीं है। स्थानीय ग्रामीणों द्वारा चंदा कर पुल पर चचरी पुल का निर्माण कराया गया है। ग्रामीण मजबूरन चचरी पुल पार कर जाने को मजबूर हैं। ग्रामीणों का कहना है कि महुआंव गांव से महेशपुर टोला तक पुनपुन नदी पर पुल नहीं होने के कारण उन्हें परेशानियों का सामना करना पड़ता है। नारायणपुर-महेशपुर और कनीखर महेशपुर तक सड़क भी नहीं है। ग्रामीणों का कहना है कि इस समस्या के संबंध में हम सभी ने कई बार जनप्रतिनिधियों के पास आवास उठाई परंतु उन्होंने सहमति जताते हुए आश्वासन दिया था कि पुल और सड़क का निर्माण कराया जाएगा परंतु उनकी सिर्फ आश्वासन तक ही सीमित कर रह गई है। ग्रामीणों ने कहा कि किसी भी जनप्रतिनिधि व स्थानीय पदाधिकारी द्वारा इस मामले में कोई पहल नहीं की जा रही है। बता दें कि गांव में सड़क के अलावा अन्य मूलभूत सुविधाओं का भी अभाव है। गांव में नाली-गली भी नहीं है। आंगनबाड़ी और स्कूल भी गांव में नहीं है। वहीं बारिश के दिनों में नदी में बाढ़ आने पर चचरी पुल ध्वस्त हो गया है। ऐसे में गांव टापू बनकर रह जाता है। प्रखंड व जिला मुख्यालय से भी गांव का कनेक्शन कट जाता है। सबसे ज्यादा परेशानी स्कूली बच्चों को होती है। नदी में अधिक पानी आ जाने के कारण स्कूली बच्चे छह महीने तक स्कूल नहीं जा पाते हैं। जब नदी में जलस्तर कम होता है। जिससे होकर लोग आवाजाही करते हैं। ग्रामीणों ने अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों से पुल निर्माण कराने की मांग की है।

## शराब के साथ कारोबारी गिरफ्तार

**भगवानपुर।** भगवानपुर थाना अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह के नेतृत्व में की गई कार्रवाई में अवैध शराब कारोबार के खिलाफ एक बड़ी सफलता मिली है। थाना क्षेत्र अंतर्गत बनवारीपुर गांव से पुलिस ने 10 लीटर अवैध देशी शराब के साथ एक कारोबारी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान बनवारीपुर गांव निवासी स्वर्गीय राजेश मंडल के पुत्र रवि कुमार के रूप में की गई है। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि उक्त व्यक्ति अवैध रूप से देशी शराब का कारोबार कर रहा है। सूचना के सत्यापन के बाद पुलिस टीम ने त्वरित छापेमारी कर आरोपी को रंगेहाथ पकड़ लिया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में अवैध शराब के कारोबार पर पूरी तरह रोक लगाने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है।

# विद्यार्थी परिषद के सम्मेलन में पहुंचेंगे कई दिग्गज

## कार्यकर्ता सम्मेलन में भाग लेंगे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** सिंघौल स्थित हर्ष गार्डेन में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा नूतन पुरातन कार्यकर्ता सम्मेलन में प्रदेश के कई दिग्गज नेताओ का जमावड़ा होने जा रहा है। शनिवार को पुरातन कार्यकर्ता समागम सह अभिनंदन समारोह कार्यक्रम को लेकर परिषद कार्यकर्ताओ की विशेष व्यवस्था बैठक हुई। जिसमे कार्यकर्ता समारोह में दस जिले से करीब पांच सौ पुरातन कार्यकर्ताओं का समागम होगा। विद्यार्थी परिषद के संघर्ष की पाठशाला से कई अपने पुरातन कार्यकर्ता सदन तक पहुंचे हैं। इसी क्रम में ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के पुरातन कार्यकर्ताओं द्वारा संघर्ष से सदन तक एवं कल का कार्यकर्ता आज का विधायक हैं। इस कार्यक्रम निमित्त वक्तागण में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के पूर्व कार्यकर्ता सह भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी, केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह, बिहार सरकार में सहकारिता और पर्यावरण ,वन एवं जलवायु मंत्री डा. प्रमोद चंद्रवंशी, डेयरी, पशुपालन एवं मत्स्य संसाधन मंत्री सुरेंद्र मेहता, पूर्व मंत्री नगर विकास एवं आवास विभाग सह जाले विधायक जीवेश मिश्रा, दीघा विधायक डा. संजीव चौरसिया, नगर विधायक कुंदन कुमार, तेघड़ा विधायक रजनीश कुमार, भागलपुर विधायक रोहित पांडे, राजनगर विधायक सुजीत पासवान, परबत्ता विधायक बाबुलाल शौर्य की गरिमामय उपस्थिति रहेंगी। आज के इस बैठक में चंदन कुमार, नीरज सिंह, सत्यदेव सिंह, राम कल्याण, अजीत कुमार, उमाकांत, कुणाल, बबलू, मुरारी गौराम, नवनीत, विनोद कुमार, सोनू सरकार, शिवजी, अजय कुमार, गौरव कुमार, गोपाल कुमार सहित अन्य पुरातन कार्यकर्ता मौजूद थे।

# जदयू विधायक भगवान सिंह कुशवाहा की धर्मपत्नी की पुण्य स्मृति में आयोजित शोक सभा में शामिल हुये मुख्यमंत्री

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज जदयू विधायक श्री भगवान सिंह कुशवाहा की धर्मपत्नी स्व0 ऊषा कुमारी की पुण्य स्मृति में आयोजित शोक सभा में शामिल हुये। भोजपुर जिला के जगदीशपुर प्रखंड के दुल्हिनगंज ग्राम में आयोजित शोक सभा में मुख्यमंत्री ने स्व0 ऊषा कुमारी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर अपनी श्रद्धांजलि दी और शोक संतप्त परिजनों से मिलकर उन्हें सांत्वना भी दी।



इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, जदयू के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री संजय कुमार झा सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं बड़ी संख्या में गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# 85 रन से जीतकर बरडी ने सेमीफाइनल में किया प्रवेश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मदनपुर।** गांधी युवा क्लब खिरियावां के द्वारा बेरी खेल के मैदान में खेले जा रहे क्रिकेट टूर्नामेंट का अंतिम व चौथा क्वाटर फाईनल मैच बारूण के जोगिया एवं मदनपुर के बरडी के बीच खेला गया। इस अवसर पर प्रखंड पंचायती राज्य पदाधिकारी बिनोद कुमार के द्वारा चौथे क्वाटर फाइनल मैच का टॉस किया गया। जोगिया के कैप्टन धीरेन्द्र कुमार सिंह ने टॉस जीतकर क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। इस अवसर पर आयोजक उदय शिकारी, टूर्नामेंट अध्यक्ष सह मुखिया प्रतिनिधि रंजीत कुमार यादव, व्यावस्थापक अभय कुमार शिकारी, डॉ धनंजय कुमार, चन्दन कुमार, रविरंजन कुमार सहित अन्य लोग शामिल रहें। बरडी के टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 15 ओवर में 4 विकेट के नुकसान पर 215 रन बनाया। टीम की ओर से किशु कुमार ने 32 बॉल में 123 रनों का योगदान दिया। जवाबी पारी में जोगिया की टीम ने 15 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 130 रन बना कर 85 रन से हार कर खेल से बाहर हो गई।

इसके साथ ही बरडी सेमीफइनल में प्रवेश किया। इस दौरान मैच काफी रोमांचक रहा। मैन ऑफ द मैच किशु कुमार को ट्राफी देकर सम्मानित किया गया। अंपायर प्रिंस कुमार, रौशन कुमार, गुड्डू कुमार, स्कोरिंग विपुल कुमार, रौशन कुमार, कमेंट्री फैयाज आलम, मो राजन ने किया।

# छक्कन बिगहा में नाली निर्माण नहीं होने से ग्रामीणों की बढ़ी परेशानी

## सड़क पर बहता है नाली का पानी, पैदल चलने में भी परेशानी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** बारूण प्रखंड के छक्कन बिगहा स्थित वार्ड सं-10 में करीब 90 घर है। गांव की सड़क एवं नाली की स्थिति इन दिनों काफी दयनीय हो गई है। नाली का पानी सड़क पर बहता रहता है। जिससे सड़क पर पैदल चलने में ग्रामीणों को काफी परेशानी झेलनी पड़ती है। एक समय यह पक्की सड़क थी परंतु नाली नहीं होने और सड़क पर मिट्टी जमा होने से कीचड़ में तब्दील हो गया है। पहली नजर में यह पहचान पाना मुश्किल हो जाता है कि सड़क पर कीचड़ है या कीचड़ में सड़क।

### प्रतिदिन सैकड़ों लोग करते हैं आवागमन

देखने में सड़क की स्थिति खेत जैसी लगती है। नागरिक यदुनंदन सिंह, तपेश्वर सिंह, रामकेश्वर सिंह ने बताया कि सड़क ग्रामीण गली से बदतर हो चुकी है। इस मार्ग से प्रतिदिन 100 से अधिक परिवार के लोग आवागमन करते हैं। संपर्क पथों को जोड़ने वाली यह सड़क अब गड्ढों और कीचड़ से भर चुकी है। सड़क से आवागमन करने में काफी परेशानी झेलनी पड़ती है। स्थिति यह है कि लोग घर से निकलते समय जमीन पर पैर रखने के लिए जगह तलाशते नजर आते हैं। खासकर स्कूली बच्चों और महिलाओं को इस सड़क से गुजरने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। वार्ड सं-10 के पार्षद सुरेंद्र कुमार ने बताया कि कार्यपालक पदाधिकारी के लापरवाही के कारण सड़क की यह स्थिति है। बताया कि नगर पंचायत के वार्ड सं-10 के छक्कन बिगहा में रामजी सिंह के घर के नल-जल टंकी से वीरेंद्र यादव के घर तक ढक्कन युक्त आरसीसी नाली एवं पीसीसी पथ का निर्माण नहीं हो पाया है।

# व्यापार मंडल ने मनाया हिन्दी दिवस



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बलिया।** अनुमंडल व्यापार मंडल स्थित सभागार भवन में शनिवार को पेक्स अध्यक्षों ने केक काट कर विश्व हिंदी दिवस मनाया गया। मौके पर व्यापार मंडल अध्यक्ष राकेश सिंह युवा कवि सह नेत्र रोग विशेषज्ञ ड अभिषेक कुमार, नवीन कुमार सिंह, प्रमोद कुमार, मृत्युंजय कुमार, अविनाश कुमार, .ष्णनंदन सिंह, बबलू कुमार सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे। आयोजित कार्यक्रम में संबोधित करते हुए व्यापार मंडल अध्यक्ष राकेश सिंह ने देशवासियों को विश्व हिंदी दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज हमारी हिंदी भी वैश्विक पटल पर सबसे आगे है और हमें गर्व है कि हम हिंदी भाषी हैं। तो युवा कवि डक्टर अभिषेक कुमार ने संबोधन के दौरान अपने कविता हिंदी हूं पर हीन नहीं प्रस्तुत करते हुए कहा कि आज हमारी हिंदी बहुत आगे निकल गई है। शिक्षा विज्ञान डिजिटल युग में हिंदी आगे, यहां तक की तकनीकी शिक्षा इंजीनियरिंग आदि की पढ़ाई की भी व्यवस्था अब हिंदी भाषा में शुरूहुई है। हमें गर्व है अपने हिंदी पर।

# पालीगंज में अतिक्रमण पर कार्रवाई, 5490 रुपये का जुर्माना

## दुकानदारों ने जुर्माने की रसीद पर जताई आपत्ति



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पालीगंज (पटना)।** पालीगंज नगर पंचायत ने सड़क किनारे अतिक्रमण के खिलाफ शनिवार को विशेष अभियान चलाया। अवैध रूप से दुकान लगाकर यातायात बाधित करने वाले दुकानदारों से कुल 5490 रुपये का जुर्माना वसूला गया। यह कार्रवाई मुख्य बाजार, बस स्टैंड रोड और अस्पताल रोड सहित प्रमुख सड़कों पर की गई। अभियान के दौरान ठेले, गुमटी और अस्थायी दुकानों को हटाया गया तथा कई दुकानदारों को चेतावनी दी गई। प्रशासन ने बताया कि अतिक्रमण के कारण जाम की समस्या बढ़ती है, जिससे आम लोगों को परेशानी होती है।

वहीं, दुकानदारों ने जुर्माने की रसीद पर आपत्ति जताई है। उनका कहना है कि रसीद पर न तो नंबर है और न ही कार्यपालक पदाधिकारी का हस्ताक्षर, जिससे इसकी विश्वसनीयता पर सवाल उठ रहे हैं। इस संबंध में नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी सुश्री भावना से फोन पर राय जननी चाही लेकिन उनका मोबाइल बार बार बीजी आ रहा था। नगर पंचायत ने स्पष्ट किया कि अतिक्रमण हटाओ अभियान आगे भी जारी रहेगा। स्थानीय लोगों ने कार्रवाई का समर्थन करते हुए पारदर्शी व्यवस्था की मांग की है।

## डा. सुशील पांडेय का भांजा आयुष अंतरराष्ट्रीय पात्रता परीक्षा में उत्तीर्ण

**मेदिनीनगर (पलामू) (नबिटा संवाददाता)।** पलामू जिले के पाटन प्रखंड के कारीहार गांव निवासी संजय दुबे उर्फ बाबूलाल दुबे के पुत्र व ख्याति प्राप्त चिकित्सक डॉ सुशील पांडेय के भगिना आयुष भास्कर ने एमआरसीपी जैसी अत्यंत प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय चिकित्सा परीक्षा उत्तीर्ण कर पलामू सहित पूरे झारखंड का नाम रौशन किया है। गौरतलब है कि एमआरसीपी विश्वविद्यालय की सबसे कठिन व सम्मानित मेडिकल परीक्षाओं में से एक मानी जाती है। परीक्षा यूनाइटेड किंगडम में इंटरनल मेडिसिन व उससे जुड़ी विशेषज्ञताओं जैसे कार्डियोलॉजी, न्यूरोलॉजी, ऑन्कोलॉजी आदि में आगे की विशेषज्ञ प्रशिक्षण स्पेशलिटी ट्रेनिंग के लिए अनिवार्य योग्यता है। एमआरसीपी को उत्तीर्ण करना इस बात का प्रमाण है कि चिकित्सक के पास उच्च स्तरीय क्लीनिकल कौशल, रोगी परीक्षण की दक्षता व गहन चिकित्सा ज्ञान है। इसे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त है। डॉ. आयुष भास्कर के पिता संजय दुबे व माता नीलम दुबे हैं।

## इंटर यूनिवर्सिटी ईस्ट जोन टूर्नामेंट के लिए रवाना हुई मुंगेर विश्वविद्यालय की क्रिकेट टीम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मुंगेर।** मुंगेर विश्वविद्यालय की क्रिकेट टीम इंटर यूनिवर्सिटी ईस्ट जोन टूर्नामेंट 2025-2026 में भाग लेने के लिए शनिवार की शाम रावेनशा विश्वविद्यालय, कटक, उड़ीसा के लिए रवाना हो गई। यह टूर्नामेंट पूर्वी क्षेत्र की विश्वविद्यालय टीमों के बीच आयोजित किया जा रहा है, जिसमें मुंगेर विश्वविद्यालय की टीम भी पूरे उत्साह के साथ अपनी चुनौती पेश करेगी। टीम का पहला मुकाबला 13 जनवरी को निर्धारित किया गया है, जिसे लेकर खिलाड़ियों में खासा जोश और उत्साह देखने को मिल रहा है। टीम की रवानगी से पहले विश्वविद्यालय परिसर में एक संक्षिप्त कार्यक्रम आयोजित किया गया, जहां खिलाड़ियों के साथ प्रोत्साहन और शुभकामनाओं का आदान-प्रदान हुआ। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. घनश्याम राय, छात्र कल्याण अध्यक्ष प्रोफ़ेसर महेश्वर मिश्रा, खेल प्रभारी डॉ. सुरेश मांझी, एनएसएस अधिकारी मुनींद्र सिंह, स्थापना प्रभारी डॉ. प्रियवंदा सहित अन्य पदाधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। सभी के साथ खिलाड़ियों की एक समूह तस्वीर भी ली गई। कार्यक्रम के दौरान सभी पदाधिकारियों ने टीम को प्रतियोगिता के लिए बधाई दी और पूरे जोश, अनुशासन और खेल भावना के साथ खेलने का आग्रह किया। उन्होंने खिलाड़ियों से पदक जीतकर विश्वविद्यालय का नाम रोशन करने की उम्मीद जताई। कुलसचिव डॉ. घनश्याम राय ने व्यक्तिगत रूप से सभी खिलाड़ियों से हाथ मिलाकर परिचय लिया और उन्हें आत्मविश्वास के साथ मैदान में उतरने के लिए प्रेरित किया। विश्वविद्यालय प्रबंधन ने टीम को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने का भरोसा जताया और कहा कि खेल गतिविधियां छात्रों के सर्वांगीण विकास का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। खिलाड़ियों ने भी बेहतर प्रदर्शन का संकल्प लेते हुए प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने की बात कही।



# रफ्तार का कहर : पटना-गया फोरलेन पर अज्ञात वाहन की ठोकर से युवक की मौत

## शव की पहचान में जुटी पुलिस

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** बिहटा सरमेरा मुख्य मार्ग पर पुनपुन थाना क्षेत्र के घुड़दौड़ पुल के पास सोमवार की सुबह रफ्तार का कहर देखा गया जहाँ एक अज्ञात वाहन की ठोकर से एक अज्ञात व्यक्ति की दर्दनाक मौत हो गई। सड़क हादसा इतनी भीषण था कि मृतक का शव पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया, जिससे उसकी तत्काल पहचान नहीं हो सकी है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची एवं स्थिति का जायजा लिया। स्थानीय लोगों ने बताया की व्यक्ति सड़क मार्ग से पैदल जा रहा था। उसी दौरान एक अज्ञात वाहन की टक्कर से व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। आशंका जताई जा रही है कि तेज रफ्तार किसी भारी वाहन ने उसे कुचल दिया, जिससे शव के कई हिस्से क्षत विक्षत हो गए। दुर्घटना के बाद चालक वाहन समेत फरार हो गया। पुलिस ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच शुरू कर दी है ताकि वाहन और चालक की पहचान की जा सके। पुनपुन थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए पीएमसीएच भेज दिया है। थानाध्यक्ष बेबी कुमारी ने बताया है कि अज्ञात वाहन के विरुद्ध मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि यदि किसी के परिजन या परिचित पिछले कुछ समय से लापता हों और इस घटना से संबंधित कोई जानकारी हो, तो पुनपुन थाना से संपर्क करें। घटना के बाद कुछ देर के लिए सड़क पर यातायात प्रभावित रहा।

# पालीगंज पीएचसी भवन जर्जर, नए भवन निर्माण की मांग तेज

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पालीगंज (पटना)।** पालीगंज का प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) इन दिनों बेहद जर्जर हालत में है। अस्पताल की छत जगह-जगह से टूट रही है और कभी भी गिरने का खतरा बना हुआ है। इसके बावजूद डॉक्टर, नर्स और अन्य अस्पताल कर्मी इसी असुरक्षित भवन में रोजाना मरीजों का इलाज करने को मजबूर हैं।

भवन की खराब स्थिति के कारण किसी बड़ी दुर्घटना की आशंका से स्थानीय लोगों में भारी रोष है। लोगों का कहना है कि स्वास्थ्य विभाग इस गंभीर समस्या से अब तक अनभिज्ञ बना हुआ है, जबकि पालीगंज क्षेत्र के लोगों के लिए यही एक सुलभ सरकारी अस्पताल है, जहां वे आसानी से इलाज के लिए पहुंच सकते हैं। नगर बाजार में स्थित होने और पटना-औरंगाबाद मुख्य पथ से सटे होने के कारण इस अस्पताल में सड़क दुर्घटनाओं में घायल मरीजों का भी उपचार किया जाता है। ऐसे में जर्जर भवन में इलाज होना मरीजों और कर्मियों–दोनों के लिए खतरा बनता जा रहा है। पालीगंज की जनप्रतिनिधियों सहित आम जनता ने बिहार के मुख्यमंत्री, स्वास्थ्य मंत्री तथा स्वास्थ्य विभाग के अपर सचिव से मांग की है कि पालीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के लिए नया भवन और चहारदीवारी के निर्माण की जल्द प्रशासनिक स्वीकृति दी जाए। लोगों ने बताया कि उपमहाप्रबंधक (परियोजना) पटना द्वारा पत्रांक 636 दिनांक 17 सितंबर 2025 के माध्यम से नए भवन का प्राक्कलन तैयार किया गया था। जांच के बाद इसकी कुल अनुमानित लागत 5 करोड़ 82 लाख 52 हजार रुपये तय की गई है। यह प्राक्कलन बिहार अनुसूचित दर 2022, विद्युत दर 2023 और बाजार दर के आधार पर तैयार किया गया है, जिस पर तकनीकी अनुमोदन भी मिल चुका है। कल्याणपुर पैपुरा पंचायत के मुखिया सह मुखिया संघ के प्रखंड आनंद कुमार, समाज सेवी जवाहर गुप्ता, हनु कुमार, करूं चौरसिया, अशोक कुमार एवं विभिन्न पंचायतों के जनप्रतिनिधियों, नगर पंचायत के वार्ड पार्षद सहित नगरवासियों ने मांग की है कि तकनीकी रूप से स्वीकृत 5 करोड़ 82 लाख 52 हजार रुपये की राशि पर शीघ्र प्रशासनिक स्वीकृति देकर नया अस्पताल भवन और चहारदीवारी का निर्माण कराया जाए, ताकि आम जनता को सुरक्षित और बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकें।

## पालीगंज थानाध्यक्ष को मिला प्रशस्ति पत्र

**पालीगंज (पटना)।** बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के दौरान पालीगंज क्षेत्र में निष्पक्ष, स्वच्छ एवं सफलतापूर्वक चुनाव संपन्न कराने के लिए पालीगंज थानाध्यक्ष सुमन कुमार को सम्मानित किया गया। अनुमंडल पदाधिकारी पालीगंज सुश्री गरिमा लोहिया एवं नगर पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी) पटना द्वारा उन्हें प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। प्रशस्ति पत्र में चुनाव के दौरान बेहतर विधि-व्यवस्था बनाए रखने और जिम्मेदारीपूर्वक कार्य करने की सराहना की गई। इस अवसर पर थानाध्यक्ष सुमन कुमार ने कहा कि यह प्रशस्ति पत्र केवल सम्मान नहीं, बल्कि भविष्य में और अधिक अच्छे कार्य करने की प्रेरणा है। उन्होंने इसके लिए अनुमंडल पदाधिकारी और नगर पुलिस अधीक्षक का आभार व्यक्त किया।

# नगर पुलिस अधीक्षक पूर्वी ने पिपरा थाने में लगाया जनता दरबार, सुनी शिकायतें, किया सामाधान



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** पटना पुलिस के द्वारा पीपूल फ्रेंडली के तहत पब्लिक और पुलिस के बीच आपसी सामंजस्य बनाने और पुलिस के प्रति विश्वास पैदा करने के उद्देश्य को लेकर हर थानों में वरीय पुलिस अधिकारियों के द्वारा क्षेत्रीय भ्रमण के दौरान जनता दरबार लगाकर आमजन की शिकायतें सुनकर उनके समाधान करने की कोशिश की जा रही है ऐसे में मसौढ़ी के पिपरा थाना पर शनिवार को परिचय कुमार, नगर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी), पटना के द्वारा पिपरा थाना का निरीक्षण करते हुए थाना परिसर में जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस दौरान पिपरा थानाध्यक्ष कलेन्द्र कुमार उपस्थित रहे। जनता दरबार के मौके पर आम जनता की समस्याओं/ शिकायतों को सीधे सुना गया और त्वरित एवं विधि-सम्मत कार्रवाई हेतु संबंधित पुलिस पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। पूर्वी सिटी एसटी परिचय कुमार ने बताया की इस पहल का उद्देश्य पुलिस-जनता संबंधों को मजबूत करना और ग्रामीण क्षेत्रों में प्रभावी पुलिसिंग सुनिश्चित करना है। कार्यक्रम में नागरिकों ने अपनी समस्याएँ और सुझाव सीधे वरीय पदाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किए। इसके अलावा थाना के सभी पुलिस पदाधिकारी को साफ तौर पर निर्देश दिया गया है, थाने थाना में शिकायत दर्ज करने वाले पीड़ित लोगों से अच्छा व्यवहार रखें उनकी शिकायतों को ठीक ढंग से समझे और निष्पादित करें। हालांकि इस दौरान स्थानीय लोगों ने पिपरा थाना के दैनिय हालात के बारे में भी वरीय पुलिस अधीक्षक से समस्या निराकरण करने की बात कही इस पर उन्होंने कहा कि बहुत जल्द ही पिपरा का अपना खुद का थाना भवन होगा इस दिशा में कार्यवाही की जा रही है।

## नगर पुलिस अधीक्षक ने किया पिपरा थाने का निरीक्षण, दिए कई निर्देश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** नगर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी), परिचय कुमार ने शनिवार को पिपरा थाना का वार्षिक निरीक्षण किया गया। जहाँ निरीक्षण के दौरान अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कन्हैया कुमार, पिपरा थानाध्यक्ष कलेन्द्र कुमार उपस्थित रहे।निरिक्षण के दौरान थाना दैनिकी, हाजत, मालखाना, वायरलेस, सीसीटीएनएस प्रणाली, सिरिस्ता कार्यों तथा विभिन्न लंबित कंडों के अनुसंधान की समीक्षा की गई। साथ ही थाना की कार्यप्रणाली एवं अभिलेख संधारण का बारीक अवलोकन किया गया। नगर पुलिस अधीक्षक ने संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों को वैज्ञानिक पद्धति से अनुसंधान करने, समय सीमा के भीतर अनुसंधान पूर्ण करने, पारदर्शिता बनाए रखने तथा जनता को त्वरित न्याय दिलाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। अपराध की रोकथाम एवं विधि-व्यवस्था संधारण हेतु गश्ती एवं वाहन जाँच को और प्रभावशाली बनाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इसके अलावा पिपरा थाना क्षेत्र में लगातार शराब की बिक्री पर रोकथाम लगाने को लेकर ताबड़तोड़ शराब भट्ठियां ध्वस्त करने व गिरफ्तारी एवं मादक पदार्थ पर रोकथाम पर जोर दिया

# भाजपा ने मनाया सोमनाथ स्वाभिमान पर्व



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** मसौढी में भाजपा कार्यकर्ताओं ने सोमनाथ मंदिर पर हुए हमले के 1000 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में देशभर में सोमनाथ स्वाभिमान पर्व का आयोजन किया। इसी क्रम में शनिवार को श्रीरामजानकी ठाकुरवाड़ी मंदिर परिसर में विशेष पूजा-अर्चना और संगोष्ठी कार्यक्रम आयोजित किया गया।कार्यक्रम की इस अवसर पर मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना की गई, जिसमें भाजपा के जिला एवं मंडल स्तर के पदाधिकारी, कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। पूजा के उपरांत आयोजित सभा को संबोधित करते हुए कहा कि सोमनाथ मंदिर केवल एक धार्मिक स्थल नहीं, बल्कि भारत की सांस्कृतिक अस्मिता, स्वाभिमान और राष्ट्र चेतना का प्रतीक है। उन्होंने बताया कि आक्रमणकारियों की तरफ से मंदिर को कई बार ध्वस्त किया गया, लेकिन हर बार भारत की आत्मा ने उसे पुनर्जीवित किया।बताया कि स्वतंत्र भारत में वर्ष 1951 में देश के प्रथम उप प्रधानमंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल के प्रयासों से सोमनाथ मंदिर का पुनर्निर्माण हुआ था। वर्ष 2026 में इसकी पुर्नस्थापना के 75 वर्ष पूरे हो रहे हैं, जिसके उपलक्ष्य में भाजपा द्वारा यह अभियान चलाया जा रहा है। इसका उद्देश्य नई पीढ़ी को अपने गौरवशाली इतिहास से जोड़ना है। मौके पर भाजपा के वरिय नेता नीरज शर्मा, मुकेश कुमार, विजय यादव, अजय शर्मा, मुन्ना मांझी, राकेश कुमार, संजय केसरी, पिंटू रजक समेत कई कार्यकर्ता शामिल हुए।

# पिपरा पुलिस ने बाईक समेत 125 लीटर देसी शराब के साथ सप्लायर को किया गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** ऑपरेशन देसी शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के दौरान शुक्रवार को देर रात्रि को छापेमारी करते हुए पिपरा पुलिस ने शेखपुरा के पास से आसूचना संकलन के आधार पर पुलिस टीम द्वारा छापामारी कर 125 लीटर अवैध देशी शराब के साथ 01 अभियुक्त गिरफ्तार किया गया है साथ ही शराब परिवहन में प्रयुक्त 01 बाइक भी जब्त किया है।गिरफ्तार शराब सप्लायर राजकुमार चौधरी जो महुआबाग का रहने वाला बताया जाता है जो नौबतपुर से शराब लाकर पिपरा थाना क्षेत्र मे अनयत्र जगहें पर सप्लाई करता था। थानाध्यक्ष कलेन्द्र कुमार ने बताया की लगातार सुचना आ रही थी की नौबतपुर की ओर बडे पैमाने पर देसी शराब की खेप पिपरा लाया जा रहा है जिसको लेकर पुलिस कई जगहों पर विशेष टीम गठित कर जांच अभियान चला रही है जिससे प्रतिदिन पुलिस को सफलता हाथ लग रही है।

## 240 लीटर देसी शराब को एक्साइज पुलिस ने किया नष्ट

**मसौढ़ी।** ऑपरेशन देसी शराब के तहत जप्त की गई शराब की विनिष्टीकरण शुरुआत कर दी गई है। ऐसे में शनिवार को लहसुना थाना क्षेत्र के अंतर्गत कुल चार कांडों में जप्त देसी शराब का 240 लीटर देसी शराब को विनष्टीकरण किया गया है। दरअसल बताया जाता है कि शनिवार को एक्साईज पुलिस और लहसुना थाना के संयुक्त कारवाई में थाना क्षेत्र के अंतर्गत जप्त किये गये देसी शराब को विधिवत तौर पर मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में विनिष्टीकरण अभियान चलाकर सभी शराबों को नष्ट किया गया है। लहसुन ना थानाध्यक्ष खुशबू खातून ने बताया कि एक्साइज इंस उत्पाद निरीक्षक की उपस्थिति में लहसूना थाना क्षेत्र के चार कांडों में जप्त सभी देसी शराब का विनिष्टीकरण किया गया है। लगातार छापेमारी के दौरान देसी शराब को जप की गई थी।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**

नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

# पुल के नीचे गिरे बाइक सवार की दो महिला सिपाहियों ने बचाई जान

## पुनपुन थाने की डायल 112 की शिखा और अनुपम के जज्बे को सलाम



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** पुनपुन थाने की डायल 112 की दो महिला पुलिस एक जख्मी बाईक सवार व्यक्ति के लिए देवदूत बन कर सही समय उसे बचाई। दरअसल हाड़ कंपकपाती ठंड और रात्री का वक्त, और पुल निचे पानी में गिरे एक बाईक सवार की जब मौत सामने खड़ी थी, तब पुनपुन थाने की महिला पुलिस शिखा और अनुपम देवदूत बनकर कूदीं। जहाँ ठंड और पुल के निचे पानी के बीच जिंदगी और मौत की खौफनाक खींचतान चली, लेकिन खाकी का हौसला भारी पड़ा। घटना बीते 8 जनवरी की है जहां पर पुनपुन थाने की पुलिस की दो जांबाज महिला पुलिस ने 'खाकी' का मान बढ़ाते हुए इंसानियत की नई मिसाल पेश की। दरअसल पुनपुन थाना क्षेत्र के मनोरा के 36 पुलवा के पास यह देर शाम को एक बाइक सवार पुल के नीचे गिर गया। जैसे ही सूचना पुलिस को मिली। पुनपुन थाने की डायल 112 की गाड़ी मौके पर पहुंची जहां दो लेडी सिंघम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए नीचे कूद गई। गिरे हुए जख्मी हालत में व्यक्ति को ऊपर खींचकर बाहर निकाला और तुरंत उसे स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। जख्मी व्यक्ति का नाम झारखंड का रहने वाला संतोष बताया जाता है। पुनपुन थाना अध्यक्ष देवी कुमारी ने बताया कि पुनपुन थाने की डायल 112 की दो महिला पुलिस शिखा और अनुपम का बेहतरीन कार्य रहा है। जख्मी व्यक्ति जिसका बाईक अनियंत्रित हो कर पुल के निचे पानी मे गिर गया था जिसे सही समय पर उसे नीचे गिरे हुए जख्मी को ऊपर निकला है और उसकी जान बचाई है।

# पालीगंज अनुमंडल पुलिस कार्यालय का नगर पुलिस अधीक्षक ने किया निरीक्षण



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पालीगंज (पटना)।** नगर पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी) पटना भानुप्रताप सिंह ने पालीगंज अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कार्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यालय की कार्यप्रणाली, अभिलेखों के रखरखाव, लंबित मामलों की स्थिति और विधि-व्यवस्था से जुड़ी व्यवस्थाओं की विस्तार से समीक्षा की। नगर पुलिस अधीक्षक ने अधिकारियों को अपने कार्यों में पारदर्शिता बनाए रखने, मामलों का समय पर निष्पादन करने और क्षेत्र में प्रभावी पुलिसिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनता की सुरक्षा और कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाए रखना पुलिस की प्राथमिक जिम्मेदारी है। इस अवसर पर पालीगंज एसडीपीओ 1 राजीव चंद्र सिंह, पालीगंज एसडीपीओ 2 पंकज शर्मा,सभी पुलिस निरीक्षक पालीगंज थानाध्यक्ष सुमन कुमार सहित सभी थाना के थानाध्यक्ष सहित कई पुलिस पदाधिकारी वहां उपस्थित थे।

# औरंगाबाद में 6054 किसानों की हुई फार्मर रजिस्ट्री



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** किसानों को डिजिटल रुप से सशक्त बनाने के लिए एग्री स्टेक योजना के तहत फार्मर रजिस्ट्री आईडी का काम बड़ी तेजी से हो रही है। जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा के निर्देशानुसार अभियान का प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत पंचायतस्तरीय शिविरों का आयोजन दो चरणों में किया जा रहा है, जिसके माध्यम से किसानों की फार्मर आईडी तैयार की जा रही है। प्रथम चरण के तहत 10 जनवरी तक शिविर आयोजित किए जाने थे, जिसे किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए एक दिन बढ़ाकर 11 जनवरी तक विस्तारित कर दिया गया है। वहीं द्वितीय चरण के अंतर्गत 18 से 21 जनवरी तक शिविरों के आयोजन का कार्यक्रम निर्धारित है। इसी क्रम में शनिवार को जिले के सभी प्रखंडों की विभिन्न पंचायतों में पंचायत सरकार भवनों एवं अन्य सरकारी भवनों में पंचायतवार शिविरों का आयोजन किया गया। इन शिविरों में कृषि समन्वयक, किसान सलाहकार एवं राजस्व कर्मचारी उपस्थित रहकर किसानों की फार्मर रजिस्ट्री एवं ई-केवाईसी से संबंधित कार्यों को पूर्ण कर रहे हैं। अभियान को कैंप मोड में सफलतापूर्वक संचालित करने के उद्देश्य से जिले के वरीय पदाधिकारी द्वारा स्थलों पर जाकर नियमित रूप से निरीक्षण एवं निगरानी की जा रही है तथा संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी प्रदान किए जा रहे हैं। आज जिले के सभी प्रखंडों में आयोजित शिविरों के माध्यम से कुल 6054 किसानों की फार्मर रजिस्ट्री का कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण किया गया है।

## विभिन्न मामलों में 76 लोग गिरफ्तार

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर पिछले 24 घंटे के दौरान अलग-अलग मामलों में 76 लोगों को गिरफ्तार किया है। इस क्रम में आवश्यक कार्रवाई के उपरांत 29 अभियुक्तों को जेल भेज दिया गया है। पुलिस पर हमला में 14, एससी-एसटी में 6, शराब कांड में 12, हत्या के प्रयास में 4 एवं अन्य शीर्ष कांड में 40 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इस दौरान 117.1 लीटर देसी शराब, 2 बाइक, 1 ट्रैक्टर एवं 100 सीएफटी बालू बरामद किया गया है। 51 वारंट एवं 4 कुर्की का निष्पादन किया गया है। जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में 1156 वाहनों की जांच की गई जिसमें 36500 रूपये बरामद किया गया है। पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल के अनुसार जिले में मादक प्रदार्थों की खरीद फरोख्त यथा अन्य अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए निरंतर अभियान चलाया जा रहा है। यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

# मजदूरों को अब 125 दिन मिलेगा रोजगार : एनडीए

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** विकसित भारत जी राम जी योजना के माध्यम से विकसित गांव का सपना साकार होगा। आने वाले समय में यही विकसित गांव विकसित भारत का आधार बनेंगे। पहले मनरेगा के तहत सिर्फ 100 दिन की रोजगार गारंटी थी। नई व्यवस्था में केंद्र सरकार की ओर से 125 दिन की रोजगार गारंटी दी जाएगी। यह बातें विधान पार्षद दिलीप कुमार सिंह ने आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान कहीं। इस प्रेसवार्ता में सदर विधायक त्रिविक्रम नारायण सिंह, लोजपा (आर) जिलाध्यक्ष चंद्रभूषण सिंह उर्फ सोनू सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष बिजेंद्र चंद्रवंशी प्रमुख रूप से मौजूद रहे। विधान परिषद सदस्य ने कहा कि विकसित भारत के लक्ष्य को ध्यान में रखकर मनरेगा कानून में बदलाव किया गया है। पहले मनरेगा में सिर्फ मिट्टी से जुड़े काम कराए जाते थे। अब इसके दायरे को बढ़ाया गया है। श्रमिकों को



मजदूरी भुगतान के लिए महीनों इंतजार करना पड़ता था। वहीं इस योजना में एक सप्ताह के भीतर भुगतान अनिवार्य होगा। यदि तय समय में भुगतान नहीं होता है तो श्रमिकों को ब्याज सहित राशि दी जाएगी। श्री सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 2047 तक विकसित भारत का दृष्टिकोण गांवों के समग्र विकास से ही साकार होगा। उन्होंने मनरेगा को वर्षों से फर्जी जॉब कार्ड, फर्जी भुगतान और अनियमितताओं का अड्डा बताया। भाजपा सरकार ने इन कमियों को दूर करते हुए कैबिनेट से 'जी रामजी योजना' विधेयक पारित कराया है, जिसके तहत ग्रामीणों को 125 दिनों की गारंटीशुदा रोजगार का अधिकार मिलेगा। केंद्र सरकार ने इस योजना के लिए अपने बजट में 1.51 लाख करोड़ रूपये का प्रावधान किया है जिसमें 60 प्रतिशत केंद्र और 40 प्रतिशत राज्य सरकार की भागीदारी होगी। पूर्वोत्तर के पहाड़ी क्षेत्रों में केंद्र सरकार 90 प्रतिशत खर्च वहन करेगी। विधायक त्रिविक्रम नारायण सिंह ने कहा कि इस योजना से ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार और विकास को नई मजबूती मिलेगी। इस अवसर पर पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष पुरुषोत्तम सिंह, जिला मीडिया प्रभारी दीपक कुमार सहित अन्य मौजूद रहे।

## मनरेगा का नाम बदलना गरीब एवं मजदूर विरोधी : कांग्रेस

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद।** मनरेगा में प्रस्तावित बदलावों के खिलाफ कांग्रेस ने शनिवार को 'मनरेगा बचाओ संग्राम' के तहत देशव्यापी आंदोलन शुरू किया। औरंगाबाद में हुई प्रेस वार्ता में नेताओं ने बदलावों को मजदूर विरोधी बताते हुए महात्मा गांधी का नाम हटाने, काम के अधिकार को कमजोर करने और संघीय ढांचे पर चोट का आरोप लगाया। इस दौरान कांग्रेस नेताओं ने सड़क से सदन तक संघर्ष का एलान किया। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम ने केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार पर जमकर हमला बोला और मनरेगा को कमजोर करने तथा गरीब मजदूरों के अधिकारों से खिलवाड़ करने का गंभीर आरोप लगाया है। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) का नाम बदलकर वीबी-जी राम जी करना मजदूर विरोधी और गरीब विरोधी कदम है। मनरेगा का नाम बदलने के पीछे भाजपा ने 'एक तीर से तीन शिकार' करने की कोशिश की है। पहला महात्मा गांधी के नाम और उनकी विचारधारा को योजनाबद्ध तरीके से हटाने का प्रयास किया गया है। दूसरा इसके पीछे आरएसएस और गोडसेवादी विचारधारा को बढ़ावा देने की मंशा है। तीसरा और सबसे गंभीर पहलू यह है कि इस नए कानून के तहत सरकार ने खुद को यह अधिकार दे दिया है कि वह जब चाहे इस योजना को बंद कर सकती है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि मनरेगा योजना पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के कार्यकाल में और सोनिया गांधी के नेतृत्व में लाई गई थी, जिसका उद्देश्य उन गरीब ग्रामीण परिवारों को न्यूनतम आर्थिक सुरक्षा देना था, जिनके पास न रहने का ठिकाना था और न ही नियमित आय का कोई साधन। यह योजना केवल रोजगार नहीं, बल्कि गरीबों की गरिमा और सम्मान से जुड़ी हुई थी। प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत बिहार में चरणबद्ध आंदोलन चलाया जाएगा। इसकी शुरुआत पहले ही 8 जनवरी को बेगूसराय और मधुबनी से हो चुकी है। 10 जनवरी से 25 फरवरी तक पूरे राज्य में आंदोलन जारी रहेगा। 11 जनवरी को भूख हड़ताल और प्रतीकात्मक विरोध होगा। औरंगाबाद में अनुग्रह स्मारक के समीप कंग्रेसी नेता और कार्यकर्ता जिला भूख हड़ताल में शामिल होंगे। 12 से 29 जनवरी तक पंचायत स्तर पर जनसंपर्क अभियान चलेगा।

# वाहन चालकों ने सीखे सुरक्षित ड्राइविंग के गुर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा के निदेशानुसार राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह-2026 के अवसर पर जिला परिवहन कार्यालय के तत्वावधान में आईडीटीआर परिसर में वाहन चालकों हेतु प्रशिक्षण एवं रिफ्रेशर कार्यक्रम का विधिवत आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा से संबंधित नियमों, यातायात संकेतों तथा सुरक्षित एवं अनुशासित वाहन संचालन के प्रति जागरूक एवं प्रशिक्षित करना रहा। कार्यक्रम के दौरान सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के उपाय, यातायात नियमों का अनिवार्य अनुपालन, निर्धारित गति सीमा का पालन, दोपहिया वाहन चालकों द्वारा हेलमेट तथा चारपहिया वाहन चालकों द्वारा सीट बेल्ट का उपयोग, नशा सेवन की अवस्था में वाहन न चलाने एवं मानवीय जीवन की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर उपस्थित वाहन चालकों को यह भी अवगत कराया गया कि यातायात नियमों का पालन न केवल विधिक दायित्व है बल्कि यह स्वयं एवं अन्य सड़क उपयोगकर्ताओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने का प्रभावी माध्यम भी है। इस प्रशिक्षण एवं रिफ्रेशर कार्यक्रम का संचालन मोटरयान निरीक्षक नन्दन राज, प्रवर्तन अवर निरीक्षक हितेश कुमार द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में उन्होंने सभी वाहन चालकों से अपील की कि वे सड़क सुरक्षा नियमों का अक्षरशः पालन करें तथा सुरक्षित, संयमित एवं जिम्मेदार वाहन संचालन कर सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने में सक्रिय सहयोग प्रदान करें।

# छात्रों को निरंतर आगे बढ़ने का गुण सिखाता है लॉर्ड बुद्धा फाउंडेशन स्कूल : सर्वेश कुमार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** जिले में संचालित प्रमुख निजी शिक्षण संस्थान लॉर्ड बुद्धा फाउंडेशन स्कूल नई शिक्षा पद्धति के साथ छात्रों को आने वाली चुनौतियों को स्वीकार करने तथा निरंतर आगे बढ़ने का गुण सिखाता है। आज के समय में केवल पुस्तकीय ज्ञान पर्याप्त नहीं है बल्कि व्यवहारिक समझ, निर्णय लेने की क्षमता और आत्मनिर्भरता भी अत्यंत आवश्यक है। यह बातें लॉर्ड बुद्धा फाउंडेशन स्कूल के निदेशक सर्वेश कुमार ने छात्रों को प्रेरणादायक संदेश देते हुए कही। निदेशक ने कहा कि विद्यालय में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी बच्चों को प्रारंभिक स्तर से ही कराई जाती है जिससे उनमें लक्ष्य के प्रति स्पष्टता और आत्मविश्वास विकसित हो सके। उन्होंने विद्यार्थियों को यह संदेश दिया कि जीवन में लिया गया प्रत्येक निर्णय उनके भविष्य को आकार देता है। यदि निर्णय सही होंगे तो परिणाम भी सकारात्मक और सफल होंगे। साथ ही उन्होंने छात्रों को अपने माता-पिता और गुरुओं की सदैव सम्मान करने तथा अपना संस्कार कभी न भूलने की सीख दी। गौरतलब है कि शनिवार को लॉर्ड बुद्धा फाउंडेशन स्कूल, औरंगाबाद में कक्षा 10 के छात्रों के सम्मान में गरिमामय, भावनात्मक



एवं प्रेरणादायक विदाई समारोह का आयोजन किया गया था। इस अवसर पर विद्यालय परिसर आत्मीयता, स्मृतियों और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाओं से परिपूर्ण रहा। समारोह के दौरान छात्रों ने मंच से अपने विद्यालयीन जीवन के अनुभव साझा किए। उन्होंने बताया कि किस प्रकार विद्यालय ने उन्हें केवल शैक्षणिक ज्ञान ही नहीं बल्कि अनुशासन, आत्मविश्वास, नैतिक मूल्यों और जीवन कौशलों से भी समृद्ध किया। विद्यार्थियों ने विद्यालय परिवार के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए कहा कि यहां से प्राप्त शिक्षा और संस्कार उनके जीवन में सदैव मार्गदर्शक बने रहेंगे। इस अवसर पर निदेशक द्वारा कक्षा 10 के छात्रों को उपहार स्वरूप एक एग्ज़ाम बोर्ड, कलम एवं विदाई पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। यह उपहार छात्रों के प्रति स्नेह, प्रोत्साहन और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाओं के प्रतीक रहे, जिससे उनके चेहरे पर विशेष प्रसन्नता देखने को मिली। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य अमित कुमार सोनी, प्रबंधक राकेश कुमार, प्रभारी संजीत कुमार, अमर कुमार, वीणा मिश्रा सहित अन्य शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने छात्रों को जीवन में निरंतर परिश्रम करने, चुनौतियों से न डरने और विद्यालय का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया।

